चैत्र कृष्ण पक्ष 07, संवत 2081 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

रांची, शुक्रवार
21 मार्च 2025
वर्ष-26, अंक- 48, पृष्ठ-12




**रांची का तापमान**

| | कांके | रांची |
|---|---|---|
| अधिक. | 29.0° | 30.0° |
| न्यून. | 18.0° | 18.0° |

₹82500 (10 ग्राम)

₹104000 (01 किलो)

| सेंसेक्स | डॉलर |
|---|---|
| 76,348.06 | 86.360 |
| +899.02 | +0.050 |

**माह-ए-रमजान**

| इफ्तार | सेहरी |
|---|---|
| 6:02 | 4:33 |
| 21 मार्च | 22 मार्च |

# राइस मिलों की संख्या राज्य में बढ़ाई जा रही है : मुख्यमंत्री

**नवीन मेल डेस्क**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि धान क्रय की प्रक्रिया एक रोटेशन सिस्टम है। उस हिसाब से उठाव होता है। बिलिंग होती है। कंटीन्यूस प्रोसेस है। कभी-कभी किसी वर्ष अधिक समय लग जाता है। राइस मिल की संख्या बढ़ाई जा रही है। वे सदन में जयराम महतो के सवाल का जवाब दे रहे थे। जयराम महतो ने कहा कि माननीयों का वेतन एक मुश्त आता है और किसानों को किस्तों में राशि दी जाती है। अगर किसानों को समर्थन मूल्य का पैसा देर से मिलता है तो क्या सरकार इसका ब्याज भी देगी। इस पर मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि धान लेने के समय किसानों को 50 फीसदी राशि देते हैं। उसके बाद 50 फीसदी राशि दी जाती है। एक मुश्त देने से करप्शन बढ़ेगा।

**ट्रांसफार्मर की मरम्मत 24 घंटे में नहीं तो मुआवजा का प्रावधान :** विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने कहा कि राज्य में पर्याप्त ट्रांसफार्मर नहीं होते हैं और जब कोई ट्रांसफार्मर खराब हो जाता है तो लोग सामूहिक रूप से चंदा कर उसे बदलवाते हैं। इस पर उर्जा मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने बताया कि ट्रांसफार्मर की खराबी पर यदि 24 घंटे में समाधान नहीं होता है तो ग्राहकों को मुआवजा देने का प्रावधान है लेकिन अब तक किसी भी उपभोक्ता ने इस बारे में कोई दावा नहीं किया है। अगर उपभोक्ता मुआवजा चाहते हैं तो वे ऑन लाइन प्रक्रिया के जरिए अपना दावा कर सकते हैं। जहां से भी ट्रांसफार्मर खराब होने की सूचना होती है उसे त्वरित ठीक करने का प्रयास किया जाएगा।

## झारखंड स्वास्थ्य विभाग में होंगी 10 हजार भर्तियां

- 10 रुपए में सभी तरह की पैथालॉजी जांच होगी
- गर्भवती महिलाओं को निशुल्क अल्ट्रासाउंड की सुविधा मिलेगी

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के 14वें दिन स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए राज्य का स्वास्थ्य बजट पेश किया। 'अबुआ स्वास्थ्य बजट' बताते हुए उन्होंने इसे झारखंड के प्रत्येक नागरिक के सर्वांगीण विकास और स्वास्थ के लिए समर्पित बताया। उन्होंने कहा कि हमारे मुख्यमंत्री झारखंड के राम है। इस दौरान उन्होंने सदन में एक बड़ी घोषणा करते हुए बताया कि राज्य सरकार आने वाले 5 सालों में स्वास्थ्य विभाग में 10 हजार भर्तियां करेगी। इसके साथ ही उन्होंने विभाग से जुड़ी कुछ अन्य घोषणाएं भी कीं। बजट भाषण में इरफान अंसारी ने बताया कि एक महीने के अंदर सभी 42000 स्वास्थ्य सहिया को टैबलेट दिए जाएंगे। साथ ही उन्होंने झारखंड में 48 ट्रॉमा सेंटर भी खोलने की बात कही। उन्होंने 10 रुपए में सभी तरह की पैथालॉजी जांच की सुविधा देने का वादा भी किया और गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क अल्ट्रासाउंड की सुविधा देने की बात भी कही। अंसारी ने बताया कि बजट घोषणाओं को पूरा करने के लिए 2391 करोड़ रुपए की राशि का प्रावधान किया गया है। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि राज्य में 1258 नए स्वास्थ्य उपकेंद्र खोले जाएंगे। इस दौरान उन्होंने सभी विधायकों से 15-15 स्वास्थ्य उपकेंद्र की अनुशंसा भी करने को कहा। भोजनावकाश के बाद सदन में स्वास्थ्य विभाग की अनुदान मांग पर चर्चा के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने विभाग की उपलब्धियां पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 300 नई अछर (एडवांस लाइव सपोर्ट) से युक्त एम्बुलेंस और 300 बाइक एंबुलेंस की भी खरीदी की जाएगी।

शेष पेज 11 पर

## सदन में एकुरेट प्रश्न हो : स्पीकर रबींद्र नाथ महतो



**रांची।** हेमलाल मुर्मू ने कहा कि टू द प्वाइंट प्रश्न नहीं होने से एक-दो प्रश्न ही हो रहा है। स्पीकर ने कहा कि मैं आपकी बात से सहमत हूं। एकुरेट प्रश्न हो। सारे सवालों का मान समान है। सीपी सिंह ने कहा कि सदन कार्य संचालन नियमावली से चलता है। अल्पसूचित प्रश्न 20 मिनट का और 40 मिनट तारांकित में। समय नहीं मिल पा रहा है। तारांकित प्रश्न को समाप्त कर दिया जाए। इसपर स्पीकर ने कहा कि कभी सदन के सदस्यों की भावना के अनुकूल भी निर्णय लेना पड़ा है। पूर्णिमा साहू ने कहा कि महिलाओं को शून्यकाल में आरक्षण दिया जाए। साथ ही कहा कि झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा ली गई महिला पर्यवेक्षक परीक्षा का रिजल्ट 18 महीने बाद भी जारी नहीं हुआ है।

# वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर की अचानक बिगड़ी तबीयत ऑर्किड अस्पताल में भर्ती



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर की अचानक तबीयत खराब हो गयी। खांसी की शिकायत काफी बढ़ने के बाद उन्हें बुधवार की रात ऑर्किड अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां फिलहाल उन्हें विशेषज्ञ डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया है।

**24 घंटे तक डॉक्टरों की निगरानी में रहेंगे मंत्री :** जानकारी के अनुसार बीते कुछ दिनों से मंत्री को खांसी की शिकायत थी। बुधवार की रात सांस लेने में तकलीफ होने और खांसी की समस्या काफी बढ़ जाने के बाद उन्हें ऑर्किड अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां वे विशेषज्ञ डॉक्टरों की निगरानी में हैं। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, मंत्री राधाकृष्ण किशोर ओपीडी के छाती रोग विशेषज्ञ डॉ निशीथ कुमार की परामर्श और निगरानी में है। उनकी छाती का सीटी स्कैन किया गया है जिसमें हल्का इंफेक्शन पाया गया है। फिलहाल उन्हें पल्मोनोलॉजी विभाग में रखा गया है। अगले 24 घंटे तक मंत्री डॉक्टरों की निगरानी में ही रहेंगे।

### राधाकृष्ण के विधायी कार्यों का वहन करेंगे सुदिव्य



झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान वित्त व संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर के अस्वस्थ होने के कारण उनके विधायी कार्य का वहन मंत्री सुदिव्य कुमार करेंगे। राज्य सरकार के मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग ने सुदिव्य कुमार को विधायी कार्यों के लिए प्राधिकृत करने की अधिसूचना गुरुवार को जारी की।

## झारखंड के सभी जिलों में जल स्रोतों पर अतिक्रमण की हाईकोर्ट ने मांगी अद्यतन स्थिति

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस दीपक रोशन की खंडपीठ में गुरुवार को जल स्रोतों पर अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से कहा गया कि राज्य के सभी जिलों में जलस्रोतों पर अतिक्रमण की स्थिति की जानकारी मांगी गई है। उसकी रिपोर्ट अगली सुनवाई के दौरान कोर्ट को उपलब्ध करा दी जाएगी। इस दौरान एक हस्तक्षेप याचिका दाखिल कर कांके के एक तालाब की स्थिति सुधारने का मुद्दा उठाया गया।

शेष पेज 11 पर

**एक नजर**

### गर्मी से लोगों को मिली राहत, हुई बारिश

**रांची।** झारखंड में भीषण गर्मी से लोगों बड़ी राहत मिली है। गुरुवार शाम को राजधानी रांची, धनबाद समेत कई जिलों में झमाझम बारिश देखने को मिली। कई जगहों पर वज्रपात भी हुआ। राजधानी में स्थिति में ये रही कि बारिश की वजह से आम दिनों के मुकाबले सड़कों पर लोगों की आवाजाही कम रही। रात साढ़े 8 बजे के बाद तेज हवाओं के साथ जोरदार बारिश हुई। वहीं, लोहरदगा में आकाशीय बिजली गिरने से एक की मौत हो गयी। वहीं, तीन लोगों की घायल होने की सूचना है। मौसम विभाग की मानें तो शुक्रवार को भी झारखंड के कई जिलों में बारिश के आसार हैं।

### 7 साइबर अपराधियों का गिरोह गिरफ्तार

**जामताड़ा ।** जामताड़ा पुलिस ने एक बड़ी सफलता प्राप्त करते हुए साइबर अपराध में संलिप्त 7 लोगों के गिरोह का भंडाफोड़ किया है। एसपी डॉ एहतेशाम बकारीब ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर नारायणपुर थाना अंतर्गत ग्राम बांसपहाड़ी में छापेमारी की गई, जहाँ निर्माणाधीन एक मकान से साइबर अपराधी गिरफ्तार किए गए। छापेमारी दल का नेतृत्व पुलिस निरीक्षक-सह-थाना प्रभारी मनोज कुमार महतो ने किया। उनके साथ पुलिस उप-निरीक्षक वैभव सिंह, सशस्त्र पुलिस निरीक्षक स्टेनली हेम्ब्रम और अन्य पुलिसकर्मी

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है। आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं। संपर्क/व्हाट्सएप 82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क +91 82923 73444 कार्यकारी संपादक।

# गैरिसन इंजीनियर के घर से नकद सहित 3.30 करोड़ की संपत्ति बरामद

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने रांची में इंडियन डिफेंस सर्विस और इंजीनियरिंग के गैरिसन इंजीनियर साहिल रतुसरिया के घर पर छापेमारी की। इस छापेमारी में 80 लाख रुपए नकद, 50 लाख रुपए के जेवरात और शेयर बाजार में दो करोड़ से अधिक के निवेश के कागजात बरामद किए गए हैं। गैरिसन इंजीनियर को बुधवार की शाम एक ठेकेदार से 40,500 रुपए रिश्वत लेने के दौरान रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद सीबीआई ने रांची के नामकुम स्थित उसके आवास पर छापेमारी की। गिरफ्तार इंजीनियर से प्रारंभिक पूछताछ के आधार पर सीबीआई ने इंडियन डिफेंस सर्विस ऑफ इंजीनियरिंग की रांची स्थित इकाई के जरिए कराए जा रहे निर्माण कार्यों में कमीशनखोरी की विस्तृत जांच शुरू की है। साहिल रतुसरिया ने एजेंसी को बताया है कि ठेकेदारों को किए जाने वाले पेमेंट में दो प्रतिशत की दर से कमीशन लिया जाता है और इस रकम का बंटवारा अधिकारियों के बीच किया जाता है।

शेष पेज 11 पर

## पूछताछ के लिए गैरिसन इंजीनियर 4 दिनों के रिमांड पर

**रांची।** सीबीआई के विशेष न्यायाधीश की अदालत ने पूछताछ के लिए गैरिसन इंजीनियर को चार दिनों के रिमांड पर देने का आदेश दिया. सीबीआई ने घूसखोरी में गिरफ्तार गैरिसन इंजीनियर को गुरुवार दोपहर बाद सीबीआई के विशेष न्यायाधीश की अदालत में पेश किया. वहीं रिमांड की अवधि शुक्रवार से शुरू होगी. शुक्रवार को सीबीआई अधिकारी पूछताछ के लिए जेल से अपने साथ ले जायेंगे. आज उसे न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। सीबीआई ने न्यायालय को पूरे मामले क जानकार देने के बाद कमीनशखोरी के मामले में आगे की जांच के लिए अभियुक्त से पूछताछ की आवश्यक्ता बतायी. सीबीआई ने न्यायालय से इंजीनियर को पूछताछ के लिए पांच दिनों के पुलिस रिमांड पर देने का अनुरोध किया. सीबीआई के विशेष न्यायाधीश की अदालत ने सीबीआई की दलील सुनने के बाद अभियुक्त को चार दिनों के पुलिस रिमांड पर देने का आदेश दिया।

### सीबीआई की अपील

सीबीआई ने राज्य के आम नागरिकों से यह अपील की है कि वे केंद्र सरकार के कार्यालयों जैसे आयकर, रेलवे, केंद्रीय माल एवं सेवा कर और केंद्रीय लोक उपक्रमों में घूसखोरी और भ्रष्टाचार से जुड़ी सूचनाएं उन्हें दें. सीबीआई ने भ्रष्टाचार से जुड़ी सूचनाओं को फोन (0651-2360093 और 9470590422) पर देने का अनुरोध किया है।

# बीजापुर व कांकेर में 30 माओवादी ढेर, एक जवान शहीद

**बीजापुर (आईएएनएस)**




छत्तीसगढ़ के बीजापुर और कांकेर जिलों में माओवादियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियानों में गुरुवार को सुरक्षाबलों ने कुल 30 माओवादियों को मार गिराया है। इनमें 26 माओवादी बीजापुर में और चार कांकेर में ढेर किए गए। इस कार्रवाई में एक जवान भी शहीद हो गया है। मुठभेड़ की जानकारी मिलने के बाद बीजापुर और दंतेवाड़ा पुलिस समेत सुरक्षा बलों ने तुरंत अपना अभियान तेज कर दिया। सुबह से ही इलाके में लगातार गोलीबारी हो रही थी, जिससे पूरे क्षेत्र में हलचल मच गई। मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए हैं, जिनमें ऑटोमेटिक और सेमी ऑटोमेटिक हथियार भी शामिल हैं। इलाके में तलाशी अभी जारी है। अधिकारियों ने बताया कि जल्द ही इस ऑपरेशन से संबंधित और अपडेट साझा किए जाएंगे। छत्तीसगढ़ के आईजी पी. सुंदरराज ने मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए बताया कि बीजापुर और दंतेवाड़ा के सीमावर्ती इलाके में यह मुठभेड़ चल रही है। जानकारी के अनुसार, यह मुठभेड़ उस वक्त शुरू हुई जब सुरक्षाबलों की संयुक्त टीम गंगालूर थाना क्षेत्र में माओवादी विरोधी अभियान चला रही थी।

शेष पेज 11 पर

### युजवेंद्र चहल और धनश्री वर्मा का हुआ तलाक फैमिली कोर्ट ने दी मंजूरी

**मुंबई।** क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और धनश्री वर्मा के बीच तलाक हो गया है। बांद्रा फैमिली कोर्ट ने दोनों की तलाक अर्जी पर अपनी मंजूरी दे दी। कोर्ट की सुनवाई के खत्म होने के बाद दोनों पक्षों के वकीलों ने इसकी जानकारी दी।



## हजारीबाग में अपराधियों का हमला

# एक को मारी गोली, वाहनों में लगाई आग

**नवीन मेल संवाददाता**



**हजारीबाग।** हजारीबाग जिला अंतर्गत सीसीएल (सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड) की न्यू बिरसा परियोजना में हथियारबंद अपराधियों ने जमकर उत्पात मचाया है। अपराधियों ने परियोजना स्थल पर काम में लगे कर्मियों के बीच दहशत फैलाने के लिए कई राउंड फायरिंग की। इस घटना में सीसीएल का एक कर्मी पांव में गोली लगने से जख्मी हो गया है, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया है। वहीं, अपराधियों ने एक पेलोडर मशीन को जला दिया, जबकि दो पेलोडर मशीनों और तीन हाईवा गाड़ियों में भी तोड़फोड़ की। पुलिस ने घटना को अंजाम देने वाले अपराधियों की तलाश में पूरे इलाके में छापेमारी अभियान शुरू कर दिया है। इस सिलसिले में अब तक दस लोगों को हिरासत में लिया गया है। बुधवार और गुरुवार की दरमियानी रात अंजाम दी गई इस घटना के बाद सीसीएल की उरीमारी, बिरसा और न्यू बिरसा परियोजना में कामकाज ठप है।

शेष पेज 11 पर

**इंडिया**

# भारत को विश्व मंच पर समृद्ध करते प्रवासी और भारतीय संस्कृति



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

भारत के गांवों से लेकर शहरों तक में राजनैतिक कारणों से अवसरों की कमी रही है जिससे गांव का आदमी शहर और शहर का आदमी महानगरों से लेकर विदेशों तक पलायन करता रहा है। गिरमिटिया मज़दूरों से लेकर बौद्धिक संपदा भले विदेश चली जाए अपने देश की मिट्टी की ख़ुशबू नहीं भूल पाती। इसलिए देश के लिए कुछ करने का अवसर हो तो लोग पीछे नहीं हटते ।भारत के विकास में विदेशों में रहने वाले भारतीयों के बहुमूल्य योगदान को मान्यता देने के लिए हर साल 9 जनवरी को प्रवासी भारतीय दिवस मनाया जाता है। हाल में पीएम नरेंद्र मोदी मॉरीशस गए तो वहां की भारतीय संस्कृति ने इस चर्चा को फिर ताजा कर दिया इन दिनों भारत देश में ही नहीं वैश्विक स्तर पर चर्चित हो रहा है ।विपक्षी पार्टियां इसे इवेंट मैनेजमेंट बताती हैं तो प्रवासी भारतीय पहले अपने देशों में चलते व्यंग्य वाणों की तुलना में भारत की बढ़ी धमक पर प्रसन्नता व्यक्त करते हैं ।पूरी दुनिया में प्रवासी भारतीयों से संबंधित दो बातें चर्चित हो रही हैं। पहली जहां प्रवासी भारतीय अर्थव्यवस्था को बल दे रहे हैं, वहीं भारत भी अपने प्रवासियों के हितों की रक्षा को प्रभावी बना रहा है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में विश्व बैंक द्वारा जारी 'माइग्रेशन ऐंड डेवलपमेंट ब्रीफ' रिपोर्ट 2023 के अनुसार, बीते वर्ष प्रवासी भारतीयों ने करीब 125 अरब डॉलर की धनराशि स्वदेश भेजी। रेमिटेंस प्राप्त करने में भारत ने मेक्सिको, चीन और फिलिपींस को बहुत पीछे छोड़ दिया है। शीर्ष पांच रेमिटेंस प्राप्त करने वाले देशों में भारत के अलावा मेक्सिको (67 अरब डॉलर) चीन (50 अरब डॉलर) फिलीपींस (40 अरब डॉलर) और मिस्त्र (24 अरब डॉलर) शामिल हैं। रिपोर्ट से यह बात भी सामने आई है कि पहले जहां भारत से अकुशल श्रमिक कम आय वाले देशों में जाते थे, वहीं अब विदेश जाने वाले भारतीयों में उच्च कौशल वाले लोगों की संख्या ज्यादा है, जो अमेरिका, इंग्लैंड, सिंगापुर, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड जैसे उच्च आय वाले देशों में जा रहे हैं, जहां से वे अधिक धन भेज रहे हैं। उल्लेखनीय है कि जहां वर्ष 2022 में प्रवासी भारतीयों ने 100 अरब डॉलर की धनराशि स्वदेश भेजी, वहीं 2021 में 87 अरब डॉलर की राशि भेजी थी। जब वर्ष 2020 में कोविड-19 के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था 7.3 फीसदी की ऋणात्मक विकास दर की स्थिति में पहुंच गई थी, तब भी आर्थिक मुश्किलों के बीच भारतीय प्रवासियों द्वारा भेजी गई 83 अरब डॉलर की धनराशि से यहां की अर्थव्यवस्था को बड़ा सहारा मिला था। यह छोटी बात नहीं है कि प्रवासियों से धन प्राप्त करने वाले दुनिया के विभिन्न देशों की सूची में भारत वर्ष 2008 से अब तक पहले स्थान पर बना हुआ है। अतीत में जब भी देश के विदेशी मुद्रा भंडार में तेज गिरावट आई, प्रवासियों ने मुक्त हस्त से विदेशी मुद्रा कोष को बढ़ाने में सहयोग दिया है ।बीते वर्ष भारत की अध्यक्षता में आयोजित जी-20 को अभूतपूर्व सफलता दिलाने में भी प्रवासी भारतीयों की अहम भूमिका रही है। विभिन्न देशों में संकटों के बीच फंसे भारतीय प्रवासियों को बचाने और भारत वापसी के लिए महत्वपूर्ण अभियान चलाए गए हैं। सरकारऋ आंकड़ों के अनुसार, विदेशों में फंसे भारतीयों की मदद के लिए सरकार की ओर से 2014 से दिसंबर, 2023 तक 626 करोड़ रुपये खर्च किए गए, जिससे 3.42 लाख भारतीयों की मदद की गई। वर्ष 2023 में इस्राइल और हमास के बीच जारी खूनी संघर्ष में इस्राइल में फंसे भारतीय नागरिकों और प्रवासी भारतीयों की सुरक्षित वतन वापसी के लिए भारत ने 'ऑपरेशन अजय' चलाया है। जब वर्ष 2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण यूक्रेन में भारतीय समुदाय सीधे खतरे में आ गया था, तब 'ऑपरेशन गंगा' के तहत बड़ी संख्या में भारतीयों को सुरक्षित स्वदेश लाया गया था।



लेकिन अभी भी भारत को अपने प्रवासियों के दुख-दर्द कम करने में और अधिक सहयोग किए जाने की आवश्यकता है। खाड़ी देशों में भारतीय कामगार बड़ी संख्या में हैं, पर ऐसे भारतीयों की संख्या बढ़ती जा रही है, जो झूठी प्लेसमेंट एजेंसियों, गलत लोगों या संस्थाओं के हाथ लगकर दुर्दशा के शिकार हो गए हैं। हाल ही में केंद्र की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि 33 हजार से अधिक भारतीय कामगार खाड़ी के देशों में गुलामों की तरह रहने को मजबूर हैं। विदेश मंत्रालय को मार्च, 2021 से वर्ष 2023 के बीच अरब देशों से छह शिकायतें मिली हैं। यद्यपि भारत सरकार ने इन शिकायतों पर संबंधित देशों की सरकारों से दखल देने को कहा है, पर इस दिशा में केंद्र की और अधिक सक्रियता और जाली प्लेसमेंट एजेंसियों पर रोक जरूरी है। प्रवासियों के साथ स्नेह व सहभागिता के नए अध्याय लिखे जाएं तो प्रवासी भारतीय अपने ज्ञान व कौशल की शक्ति से भारतीय अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने, वर्ष 2027 तक भारतीय अर्थव्यवस्था को दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने और वर्ष 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाते हुए दिखाई देंगे।

# रैंप हटाने की मांग को लेकर आज मशाल जुलूस, कल रांची बंद



- आवश्यक सेवाओं को बंद से रखा गया है मुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** केन्द्रीय सरना स्थल सिरम टोली बचाओ मोर्चा के तत्वावधान में विभिन्न आदिवासी संगठनों ने गुरुवार को करम टोली धुमकुड़िया में मिडिया को संबोधित किया। इस दौरान सामाजिक अगुवाओं ने कहा कि झारखंड सरकार आदिवासियों को आन्दोलन करने पर विवश कर रही है। जय आदिवासी केन्द्रीय परिषद की केन्द्रीय अध्यक्ष निरंजना हेरेंज टोप्पो ने कहा कि आज संथाल के आदिवासियों का धार्मिक स्थल मरांग बुरु है। इस पर जैन धर्मावलंबियों का कब्जा हो गया है। आदिवासी युवा अगुवा राहुल तिर्की ने कहा कि आदिवासियों के पद्मश्री डॉ रामदयाल मुंडा और बाबा कार्तिक उरांव सरहुल महोत्सव सह शोभायात्रा का समाप्त करने की कोशिश की जा रही है। अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के राष्ट्रीय युवा उपाध्यक्ष पवन तिर्की ने कहा कि सरहुल महोत्सव सह शोभायात्रा हमारे पुरखों की देन है। आदिवासी मूलवासी मंच के केन्द्रीय अध्यक्ष सूरज टोप्पो ने

शेष पेज 11 पर

# मुख्यमंत्री हेमंत से छत्तीसगढ़ के पूर्व उप मुख्यमंत्री मिले



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से गुरुवार झारखंड विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में छत्तीसगढ़ के पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने औपचारिक मुलाकात की। इस दौरान उनके बीच विभिन्न विषयों-मुद्दों पर चर्चा हुई। इस मौके पर मंत्री इरफान अंसारी, मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, विधायक रामचंद्र सिंह और विधायक सोनाराम सिंकू भी मौजूद थे।

# तसर रेशम जनजातीय समुदाय की परंपरा का हिस्सा : राज्यपाल

*तसर रेशम उत्पादन से 10 मिलियन लोग प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए हैं*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने भारत में तसर रेशम उद्योग के समावेशी विकास पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि तसर रेशम उद्योग न केवल एक कृषि आधारित उद्योग है, बल्कि यह जनजातीय समुदाय की परंपरा और संस्कृति का भी अभिन्न हिस्सा है। झारखंड इस उद्योग में देश का अग्रणी राज्य है और बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों की आजीविका इससे जुड़ी हुई है। उन्होंने तसर रेशम उद्योग को पर्यावरण-संवेदनशील एवं सतत विकास का उदाहरण बताते हुए कहा कि इससे न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बल मिलता है, बल्कि वन संरक्षण को भी बढ़ावा मिलता है। केंद्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान (वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार), रांची और जैव-विविधता बोर्ड एवं वन विभाग, झारखंड के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को केंद्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, रांची में राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

राज्यपाल ने कहा कि तसर रेशम उत्पादन से लगभग 10 मिलियन लोग प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए हैं और भारत सरकार द्वारा केंद्रीय रेशम बोर्ड एवं कपड़ा मंत्रालय के माध्यम से विभिन्न योजनाओं को लागू किया जा रहा है, जिससे इस क्षेत्र में नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा मिल रहा है। राज्यपाल ने अपने पूर्व के अनुभव को साझा करते हुए कहा कि उन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नेतृत्व वाली सरकार में मई 2014 में केंद्रीय वस्त्र राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के रूप में कार्य करने का अवसर मिला। इस दौरान, उन्होंने रेशम कृषकों और बुनकरों के कल्याण के लिए किए जा रहे प्रयासों को निकटता से देखा और उनकी आय बढ़ाने के लिए हरसंभव प्रयास किए। उन्होंने कहा कि झारखंड के तसर उत्पादकों को आगे बढ़ाने और उनकी आजीविका को स्थायी बनाने के लिए नीति-निर्माण में विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

## तसर रेशम की मांग लगातार बढ़ रही

**गवर्नर** ने कहा कि वैश्विक बाजार में तसर रेशम की मांग लगातार बढ़ रही है और हमें इस अवसर का लाभ उठाते हुए भारतीय तसर रेशम को एक विशेष पहचान दिलानी होगी। इसके लिए ब्रांडिंग, गुणवत्ता नियंत्रण, निर्यात संवर्धन एवं तकनीकी उन्नति पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने इस क्षेत्र में अनुसंधान एवं नवाचार को और अधिक बढ़ावा देने का आह्वान किया। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि झारखंड के सारंडा जंगल को अक्सर भारत की तसर राजधानी कहा जाता है और यह माना जाता है कि तसर की उत्पत्ति यहीं हुई थी। इस क्षेत्र को और अधिक सशक्त बनाने के लिए अनुसंधान एवं विकास को प्राथमिकता देनी होगी।



## उत्पाद विविधीकरण पर विशेष ध्यान दें

**गवर्नर** के अनुसार वैज्ञानिकों एवं शोधकर्ताओं से आह्वान किया कि वे तसर रेशम के उप-उत्पादों एवं उत्पाद विविधीकरण पर विशेष ध्यान दें, जिससे स्थानीय कारीगरों एवं बुनकरों की आय में वृद्धि हो सके। इस अवसर पर उन्होंने तसर उत्पादों एवं उनके प्रसंस्करण प्रक्रियाओं का अवलोकन किया। राज्यपाल द्वारा एक पुस्तक, शोध पत्र का विमोचन भी किया गया। साथ ही, इस क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया।

## हाईकोर्ट ने स्कूली शिक्षा सचिव को किया तलब

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव व जस्टिस दीपक रोशन की खंडपीठ में गुरुवार को प्लस टू हाई स्कूलों में शिक्षकों के स्वीकृत 1033 पदों पर नियुक्ति की मांग को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने मामले में स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग के सचिव को कोर्ट में हाजिर होने का निर्देश दिया है। मामले की सुनवाई 16 अप्रैल को होगी। इस संबंध में प्रार्थी कालेश्वर महतो व अन्य की ओर से जनहित याचिका दाखिल की गई है। जिसमें कहा गया कि राज्य के हाई स्कूल में मनोविज्ञान, गृह विज्ञान, तर्कशास्त्र, मनोविज्ञान सहित विभिन्न जनजातीय भाषाओं में शिक्षकों की नियुक्ति के लिए सरकार ने 1033 पद स्वीकृत किया है।

# आदिवासी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंड के राम हैं : इरफान अंसारी

## स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग का बजट विस में पास

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** बजट सत्र 2025-26 में स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के मंत्री इरफान अंसारी ने गुरुवार को झारखंड विधानसभा में पेश किए गए बजट में 7470. 5086 करोड़ रूपए स्वीकृत की गई है। इसमें योजना मद में 5500 करोड़ रूपए और स्थापना व्यय में 1970. 5086 करोड़ रूपए है। मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि झारखंड में इलाज की कमी को दूर किया जाएगा। अस्पतालों में सुविधाएं इतनी होगी की अस्पताल में घुसते ही मरीजों को महसूस होगा कि वे जल्द ठीक हो सकते हैं।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार में राज्य के हरेक गरीब तक स्वास्थ्य योजना पहुंचेगी। झारखंड के आदिवासी मुख्यमंत्री की तुलना भगवान राम से करने पर विपक्ष ने उनके उपर 300 केस दर्ज करवाया है। उन्होंने कहा है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंड के राम है।



### 6500 करोड़ रुपए की लागत से रिम्स का पुर्नविकास

स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि रिम्स पर लोड बढ़ गया है, इसलिए मुख्यमंत्री चाहते है कि रिम्स का पुर्नविकास किया जाए। इसके लिए 6500 करोड़ रूपए की राशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने बताया कि रिम्स की क्षमता 200 बेड से बढ़ाकर 3500 बेड किया जाएगा, सुपर स्पेशलिटी की क्षमता 200 बेड से बढ़ाकर 950 बेड किया जाएगा, इसके लिए 750 बेड कर नया सुपर स्पेशलिटी भवन का निर्माण किया जाएगा। 5000 क्षमता का नया ओपीडी भवन का निर्माण होगा। रिम्स के रिक्त पदों पर नियुक्ति होगी,सीटी स्कैन, एमआरआई मशीन का अधिष्ठापन किया जाएगा।

## झारखंड विस में रघुनाथ महतो का चित्र लगाने पर आपत्ति

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार को आदिवासी भूमिज मुंडा चुआड़ सेना (झारखंड प्रदेश) की ओर से गुरुवार को एक ज्ञापन प्राप्त हुआ, जिसमें झारखंड विधानसभा सभा कक्ष में रघुनाथ महतो का चित्र लगाने के विरुद्ध आपत्ति दर्ज की गई है।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि 10 मार्च, 2025 को अमित महतो, विधायक, झारखंड विधानसभा ने विधानसभा परिसर में रघुनाथ महतो का चित्र लगाने की मांग की और इस संबंध में पत्र संख्या 94/2025, तारीख 10 मार्च 2025 के माध्यम से झारखंड विधानसभा के प्राधिकरण को पत्र भी प्रस्तुत किया। ज्ञापन में कहा गया है कि रघुनाथ महतो को चुआड़ आंदोलन का नेता मानने का कोई ऐतिहासिक प्रमाण उपलब्ध नहीं है और यह विषय पूरी तरह काल्पनिक है। भूमिज आंदोलन को ही चुआड़ आंदोलन के रूप में जाना जाता है और इस संदर्भ में कई ऐतिहासिक प्रमाण उपलब्ध हैं। साथ ही, रघुनाथ महतो को चुआड़ आंदोलन का नेता घोषित करने की सत्यता को चुनौती देते हुए नागरिक न्यायालय, रांची में एक मामला लंबित है। ज्ञापन के माध्यम से राज्यपाल से आग्रह किया गया है कि झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष को यह निर्देश दिया जाए कि जब तक न्यायालय का अंतिम निर्णय नहीं आ जाता, तब तक इस विषय को लंबित रखा जाए।

# राज्यपाल से मिले प्रशिक्षु आइएएस



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों ने राज भवन में गुरुवार को शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल ने अधिकारियों से संवाद करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उन्हें अपने कर्तव्यों के प्रति सदैव समर्पित रहने का संदेश दिया।

राज्यपाल ने कहा कि 15 नवंबर, 2000 को झारखंड राज्य का सृजन हुआ। लेकिन राज्य के विकास के लिए बहुत कार्य करने होंगे। उन्होंने अधिकारियों को राज्य की जनजातीय आबादी के उत्थान के प्रति विशेष संवेदनशीलता और समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी।

राज्यपाल से प्रशिक्षु अधिकारियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए झारखंड में प्रशिक्षण के दौरान मिले अवसरों और सीख पर चर्चा की।

*सरकार ने दिखाई सक्रियता*

## रूस से स्वदेश आया मृतक रवि कुमार चौधरी का पार्थिव शरीर

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड सरकार के श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग की सक्रियता की वजह से रूस की ओओओ एलइव्ही स्टोरी जो इस्टा कंस्ट्रक्शन कंपनी के कॉरपोरेट पार्टनर है, में स्टील फिक्सर के रूप में कार्यरत स्वर्गीय रवि कुमार के पार्थिव शरीर उनके गृहनगर गढ़वा लाया गया। बता दें कि स्वर्गीय रवि कुमार के पिता श्री सच्चिदानंद चौधरी ने विभाग द्वारा संचालित राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष में अपने बेटे की मृत्यु को लेकर सूचना दी थी। तदोपरांत नियंत्रण कक्ष ने प्रोटेक्टर ऑफ एमिग्रेंट से संपर्क करते हुए भारतीय दूतावास, मास्को के सेकंड सेक्रेटरी (कांउसुलर) से संपर्क स्थापित किया। परिणामस्वरूप कंपनी द्वारा पार्थिव शरीर को स्वदेश भेजने की प्रक्रियाओं में तेजी आई और दूतावास ने भी आवश्यक दस्तावेजीकरण पूर्ण कर मृतक के शव को एनओसी प्रदान की। स्वर्गीय रवि कुमार चौधरी का पार्थिव शरीर फ्लाइट संख्या एसयू 232 द्वारा मास्को से 19 मार्च को दिल्ली रवाना किया गया और 20 मार्च को उनका शव दिल्ली पहुंच गया। रवि कुमार चौधरी के पार्थिव शरीर को स्वदेश लाने में गढ़वा के उपायुक्त ने विभागीय स्तर पर समन्वय स्थापित करने में महती भूमिका निभाई।

# उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार का प्रयास करें : राज्यपाल गंगवार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल-सह-झारखंड राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार से गुरुवार को सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका के प्रभारी कुलपति प्रो. बिमल प्रसाद सिंह ने राजभवन में भेंट की और विश्वविद्यालय की अद्यतन शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों की जानकारी प्रदान की। इस दौरान राज्यपाल ने विश्वविद्यालय में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए व्यापक प्रयास करने के लिए कहा।



उन्होंने विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुलभ कराने, एकेडमिक कैलेंडर का पालन सुनिश्चित करने एवं सत्र को नियमितीकरण संबंधि निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में ऐसा शैक्षणिक वातावरण विकसित किया जाए, जो ज्ञान, नवाचार एवं शोध को प्रोत्साहित करे, जिससे विद्यार्थी न केवल अपने विषयों में दक्ष बनें, बल्कि समाज एवं राष्ट्र के विकास में सक्रिय योगदान दें।

## राधा कृष्ण किशोर व महुआ मांझी से मिले सरयू राय



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय गुरुवार की रात झारखंड के वित्तमंत्री राधा कृष्ण किशोर और राज्यसभा की सदस्य महुआ मांझी से अस्पताल में मुलाकात की। इन दोनों के साथ पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, विधायक प्रदीप यादव और रांची के वरिष्ठ समाजसेवी धर्मेंद्र तिवारी भी मौजूद रहे। श्री राय ने वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर और महुआ मांझी से अलग-अलग मुलाकात की, कुशलक्षेम पूछा और शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

## झारखंड मंत्रिपरिषद की बैठक 25 को




**रांची।** मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) द्वारा सूचित किया गया है कि मंत्रिपरिषद की बैठक, मंगलवार, दिनांक 25 मार्च को अपराह्न 4 बजे अथवा विधानसभा की बैठक के तुरंत बाद, जो भी बाद में हो, से झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी।

## अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में 100 से अधिक शोध पत्र प्रस्तुत

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय विश्वविद्यालय, झारखंड के अंतरराष्ट्रीय संबंध विभाग की ओर से आयोजित दो-दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन गुरुवार को हुआ। इसका विषय भारतीय ज्ञान परंपरा में निहित संवहनीय संयोजकता की परिकल्पना : क्षेत्रीय संगठन एवं विकास वाहक स्वरूप दक्षिण एवं दक्षिण-पूर्व एशिया की भूमिका रखा गया था। अंतिम दिन लगभग 40 और कुल 100 से अधिक शोध पत्र प्रस्तुत किए गए। अंतिम दिन सुबह के सत्र में जवाहरलाल नेहरु विश्वविद्यालय के महेश देबता ने बताया कि बुद्धिस्ट परंपरा के साथ हिन्दू एवं सनातनी संस्कृति व कला का विस्तार चीन के जिनजियांग से लेकर सेंट्रल एशिया के क्षेत्रों में हुआ। इस विषय पर गहन शोध की आवश्यकता है। कल्याणी विश्वविद्यालय के प्रतीप चट्टोपाध्याय ने चर्चा की कि भारतीय ज्ञान परंपरा को पड़ोसी देशों पर थोपने का प्रयास नहीं करना चाहिए, बल्कि इस चर्चा हो और स्वतः इसका विस्तार हो। पर्दिनीय विश्वविद्यालय श्रीलंका के उपली ने श्रीलंका मे इंटर-फैथ की चर्चा की। विभागाध्यक्ष आलोक कुमार गुप्ता ने प्रथम सत्र का संचालन किया। समापन समारोह में जापान फाउंडेशन के कोजि सातों ने समापन भाषण दिया। इस अवसर पर डीएसपीएमयू के कुलपति तपन कुमार शांडिल्य ने भाषण में दक्षिण एवं दक्षिण एशिया क्षेत्र के महत्व को एतिहासिक परिप्रेक्ष्य में विस्तार से बताया। मानहट्टन कॉलेज, सिटी यूनिवर्सिटी ऑफ न्यूयॉर्क की क्रिस्टीन फरिया, डॉ अशोक निमे, संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति राज कुमार कोठारी ने भी चर्चा की।




## मारवाड़ी युवा मंच समर्पण शाखा ने लगाया स्वास्थ्य शिविर




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा अध्यक्ष विनिता सिंघानिया के नेतृत्व में गुरुवार को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन मोरहाबादी में किया गया। इसमें ब्लड शुगर, थायराइड के अलावा अन्य जांच भी किया गया। शिविर से 10 से अधिक लोग लाभान्वित हुए। इस शिविर का आयोजन डॉक्टर लाल पैथोलॉजी के सौजन्य से हुआ। शिविर के आयोजन के लिए स्वास्थ्य प्रभारी कोमल झुनझुनवाला व संयोजिका आशा सराफ ने बहुत ही अच्छे तरीके से तैयारी की थी। इस कार्यक्रम में कोमल झुनझुनवाला, आशा सराफ,आशा संथालिया, किरण खेतान और अन्य सदस्य मौजूद रहे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने दी।

# कार्यस्थल पर महिला के साथ अभद्रता होती है तो करें लिखित शिकायत : जस्टिस अनुभा रावत

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** हाईकोर्ट की जस्टिस अनुभा रावत चौधरी ने कहा कि अगर कार्य स्थल पर किसी महिला के साथ अभद्रता होती है, तो उसका दायित्व बनता है कि वह इसके खिलाफ लिखित शिकायत करें। इसके लिए हाईकोर्ट में एक कमेटी बनाई गई है। जहां पर शिकायत की निगरानी की जाती है और उचित कार्रवाई भी की जाती है। महिलाएं अपने साथ हुई अभद्रता के खिलाफ शिकायत करती हैं, तो इस तरह के मामलों को रोका जा सकता है। जस्टिस अनुभा रावत चौधरी हाईकोर्ट परिसर में लैंगिक संवेदनशीलता पर आयोजित




कार्यशाला को संबोधित कर रहीं थी। उन्होंने कहा कि कार्यस्थल पर महिलाओं को सम्मान के साथ रहने का अधिकार है। हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल मनोज प्रसाद ने कहा कि हाईकोर्ट में कमेटी में आने वाली शिकायतों का उचित निस्तारण करती है। वकील और कर्मचारी के अलावा हाईकोर्ट परिसर में अगर किसी मुवक्किल के साथ अभद्रता होती है, तो वह शिकायत कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि अगर महिलाओं को समानता चाहिए तो ऐसी घटना के खिलाफ आवाज उठानी होगी। ऐसे करने से थोड़ी दिक्कत जरूर हो सकती है, लेकिन अपने अधिकार के लिए ऐसा करना होगा, जैसे दिया को रोशनी करने के लिए जलना पड़ता है। कमेटी की सदस्य सचिव तन्वी ने कहा कि एक रिपोर्ट के अनुसार कार्यस्थल पर 53 महिलाएं अभद्रता का शिकार होती हैं। उन्होंने बताया कि हाई कोर्ट कमेटी के पास दो मामले आए थे। एक हाई कोर्ट के कर्मियों से जुड़ा था, जिसको अलग-अलग सेक्शन में भेज दिया गया। दूसरा मामले दिल्ली के एक वकील के खिलाफ था, जिन्हें एक साल के लिए हाई कोर्ट में सशरीर उपस्थित होने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इस दौरान वरीय अधिवक्ता पीपीएन राय, अमित कुमार दास, डा. राजश्री वर्मा, वकील, कर्मचारी और पुलिस कर्मी भी मौजूद थे।

## गैर इरादतन हत्या के जुर्म में पति दोषी करार, सजा कल

**रांची।** सिविल कोर्ट रांची के अपर न्यायायुक्त प्रथम की अदालत ने 20 मार्च को पत्नी की गैर इरादतन हत्या के जुर्म में अभियुक्त पति जतरू कच्छप को दोषी करार दिया है। साथ ही उसकी सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 22 मार्च की तारीख निर्धारित की है। अभियुक्त धुर्वा थाना क्षेत्र के जोजोसोरिंग गांव निवासी है। शादी के एक साल के अंदर ही 13 मार्च 2022 को मामूली विवाद को लेकर नवविवाहिता को मार कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। घटना को लेकर मृतका का भाई मुन्ना कच्छप ने धुर्वा थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

# काव्य गोष्ठी का हुआ समापन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मोरहाबादी के कुसुम विहार स्थित शांति इन्क्लेव में गुरुवार को एक लघु काव्य गोष्ठी आयोजित की गई जिसमें शहर, गांव, प्रकृति, परिवेश, रोजमर्रा की जिंदगी एवं राजनीति सहित विभिन्न विषयों पर सशक्त रचनाएं प्रस्तुत की गई। गोष्ठी की अध्यक्षता विक्रमशिला विद्यापीठ के कुलाधिपति डॉ रामजन्म मिश्र ने की। पटना के साहित्यकार डॉ भगवती प्रसाद द्विवेदी विशिष्ट अतिथि थे। गोष्ठी का शुभारंभ गजलकार हिमकर श्याम के गजल पाठ से हुआ। उन्होंने अपनी एक से बढ़ कर गजलें 'नाम शोहरत गुमान लेता है', 'दूर रहती भी कैसे दिलबर से', 'रवानी गर नहीं हो तो नदी अच्छी नहीं',



'दुश्वारियाँ हैं थोड़ी सफर ठीक ठाक है' सुनाई। साथ ही दो भोजपुरी गजल 'महंगा अब इतबार भइल बा', 'तहार दौलत तहार ताकत हमार का बा' भी पढ़ी। हिन्दी और भोजपुरी के वरिष्ठ कवि डॉ भगवती प्रसाद द्विवेदी ने 'परी कथा सी स्वर्ण जड़ित दिन रातें रजतमयी', 'कहां खो गया अपना गांव' गीत और एक भोजपुरी गजल 'चाह बहुत बा राहे नइखे' प्रस्तुत करके मन मोह लिया। वरिष्ठ कवि निरंजन प्रसाद श्रीवास्तव ने 'मैं शब्द हूँ' और 'खांडव वन' कविता पाठ किया। जिसे खूब सराहा गया। उन्होंने टीएस इलियट की कुछ कविताओं का हिन्दी अनुवाद भी सुनाया। कवि चन्द्रिका ठाकुर देशदीप ने गीत 'चला गया है शहर के हाथों', 'प्यार की मीठी भाषा हुआ चलन से दूर अब' और एक गजल तरन्नुम में पेश किया। उन्होंने एक अंगिका गीत भी सुना कर वाहवाही लूटी। इसके बाद गोष्ठी के अध्यक्ष डॉ रामजन्म मिश्र ने साहित्कारों से जुड़े कुछ रोचक संस्मरण सुनाये। गोष्ठी में सरोज श्रीवास्तव, मधुकर श्याम, रविकर श्याम, संजय कुमार वर्मा, डॉ इरा, शक्ति आदि उपस्थित थे। अंत में निरंजन प्रसाद श्रीवास्तव ने धन्यवाद ज्ञापित किया।



ईद में लच्छा व सेवई का है विशेष महत्व

# बनारस का लच्छा पसंद करते हैं राजधानीवासी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** ईद के मौके पर सेवई और लच्छा का खास महत्व होता है। यही वजह है कि ईद आते ही बाजारों में तरह-तरह की सेवइयां मिलनी शुरू हो जाती है। इस बार भी राजधानी के बाजार सेवई और लच्छों से पटे हुए हैं। कहीं लोग बनारस का लच्छा पसंद कर रहे तो कहीं कोलकाता का लच्छा लोगों का भा रहा है। राजधानी रांची का भी लच्छा सर्वोत्तम मन जाता है। ईद, प्रेम और भाईचारे का प्रतीक माना जाता है। इस मौके पर सेवई खाने और खिलाने की प्रथा रही है। इसलिए इसे मीठी ईद भी कहा जाता है। ईद के अवसर पर कई प्रकार की सेवइयां बनाई जाती है, जिसे लेकर कई दिन पहले से तैयारियां शुरू हो जाती है। इस साल 1 या 2 अप्रैल को ईद मनाया जाएगा। इसे लेकर राजधानी रांची का बाजार तरह-तरह की सेवईयों से सज चुका है।

## घी और तेल में तैयार लच्छा और सेवई की है भारी मांग

चाइनीज लच्छा का है, जो 100 रुपये प्रति किलो मिल रहा है। इसके बाद बनारस, बंगाल और मुंबई से आए सेवई और लच्छा की डिमांड देखी जा रही है। इस बार लोग काफी उत्साहित दिख रहे हैं। इस बार ईद के बाजार में रौनक है। लोग अपने-अपने बजट के अनुसार से खरीदारी कर रहे हैं, जिसमें सेवई की डिमांड सबसे ज्यादा है। ईद पर अनेकों प्रकार के सेवई बनाए जाते हैं। सेवई दूध, तश्मई, किमामी, शीर खुरमा, शरबती सेवई, सुखी सेवई शामिल है। इसके अलावा घी से बने और रिफाइन तेल से बने सेवई भी बाजार में काफी मात्रा में बिक रही है।

## 100 रुपए से लेकर 1000 रुपए तक की सेवइयां बाजार में उपलब्ध

रांची के मेन रोड स्थित ईद बाजार में 100 रुपए से लेकर 1000 रुपए तक के सेवई और लच्छा उपलब्ध है। लच्छा दुकानदारों ने बताया कि रांची के अलावा बनारस, मुंबई कलकत्ता, पंजाबी लच्छा, स्पेशल लच्छा, शाही लच्छा, चेन्नई लच्छा जैसे सेवई की डिमांड काफी है। ईद मनाने की तैयारी में जुटे दुकानदार मोहम्मद सैफुल अंसारी का मानना है कि ईद की मिठास सेवई से है। यह शुरू से प्रथा बना हुआ है, आदमी चाहे तो मिठाई भी खा सकता है, मगर सेवई की बात ही कुछ और है। बड़े ही शौक से कई तरह के सेवई इस मौके पर बनते हैं। आफताब आलम ने कहा कि पाकिस्तान का सेवई, जिसे तश्मई सेवई के रुप में जाना जाता है, उसे हमलोग बनाते हैं, जो बेहद ही स्वादिष्ट होने के साथ आईस्क्रीम जैसा होता है। इसे एक दिन पहले बनाकर फ्रिज में रख दिया जाता है और ईद के दिन जो भी मेहमान आते हैं, उन्हें दिया जाता है। यह गर्मी के लिए बेहद ही लाभदायक है।

# जलमीनार निर्माण का विरोध लोगों ने किया सड़क जाम

- हरमू रोड में बीच सड़क पर उतरे महिला और पुरुष, जलमीनार निर्माण रोकने की कर रहे थे मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** हरमू हाउसिंग कॉलोनी में जलमीनार के निर्माण को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस परियोजना का स्थानीय निवासी विरोध कर रहे हैं, जिसके कारण गुरुवार को हरमू रोड पर भारी विरोध प्रदर्शन हुआ। विरोध करने के लिए स्थानीय लोगों ने हरमू रोड को जाम कर दिया, जिससे यातायात पूरी तरह से बाधित हो गया और लम्बी जाम लग गई।



**जलमीनार के लिए अधिकारी चुने दूसरी जगह**

स्थानीय लोगों ने कहा कि जलमीनार का निर्माण उनके क्षेत्र में न केवल वातावरण को प्रभावित करेगा, बल्कि इसके कारण उनके घरों के पास जल जमाव की समस्या भी हो सकती है। स्थानियों का आरोप है कि इस परियोजना के बारे में उन्हें पहले से कोई जानकारी नहीं दी गई और न ही इस पर किसी प्रकार की सार्वजनिक बैठक हुई। इसके अलावा, जलमीनार के निर्माण से आसपास की सड़कों और शहरी सुविधाओं पर भी बुरा प्रभाव पड़ सकता है। प्रदर्शनकारियों ने सड़क पर बैठकर विरोध किया और प्रशासन से अपील की कि जलमीनार के निर्माण को रोका जाए। स्थानियों ने कहा- हटिया विधायक नवीन जायसवाल ने बुधवार को विधानसभा में भी मुद्दे को उठाया और इसके अलावा कई अधिकारीयों को भी ज्ञापन सौंपा गया। उन्होंने कहा जलमीनार के लिए दूसरी जगह दे अधिकारी। वही, रोड जाम होने के कारण हरमू रोड पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे यातायात व्यवस्था पूरी तरह से प्रभावित हो गई। उल्लेखनीय है कि गुरुवार को राजधानी में बारिश भी हुई बावजूद इसके स्थानिय अड़े रहे। वहीं, पुलिस प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और जाम हटवाने के लिए प्रयास किए। स्थानियों द्वारा पुलिस की बात ना मानने पर पुलिस बल को बुलाया गया और शांति से और समझा बुझा कर रोड को जाममुक्त किया गया।

# अन्नपूर्णा यूटिलिटी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को काली सूची में डालने का आदेश : रिम्स निदेशक

## एजेंसी के कुछ कर्मी गैरकानूनी कार्य में संलिप्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रिम्स में अन्नपूर्णा यूटिलिटी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा कार्यरत सफाई कर्मचारी कार्य समय में अनुपस्थित रहे और बिना किसी पूर्व सूचना के काम बंद कर दिया। चूंकि रिम्स अतिआवश्यक सेवाओं की श्रेणी में आता है और इन सेवाओं को बाधित करना अपराध है। रिम्स प्रबंधन द्वारा अन्नपूर्णा यूटिलिटी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड पर आवश्यक सेवाओं को बाधित करने के लिए एफआईआर करने का निर्णय लिया गया है।

विदित हो कि अन्नपूर्णा यूटिलिटी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के कर्मियों का दिसंबर 2024 तक भुगतान किया जा चुका है, जनवरी का विपत्र एजेंसी द्वारा फरवरी के अंत में जमा किया गया है और फरवरी का विपत्र अब तक प्राप्त नहीं हुआ है। बताया जा रहा है कि अन्नपूर्णा यूटिलिटी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा वेतन भुगतान के सम्बन्ध में अपने कर्मियों को निरंतर गुमराह करने का इतिहास रहा है। गौरतलब करने योग्य बात है कि टेंडर शर्तों के अनुसार यदि किसी कारणवश संस्थान द्वारा भुगतान में विलंब हो रहा है तब भी एजेंसी द्वारा अपने कर्मियों को भुगतान करते रहना है जिसका साफ तौर पर अन्नपूर्णा एजेंसी द्वारा पालन नहीं किया जा रहा है साथ ही रिम्स के मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार सभी एजेंसी को भुगतान सम्बन्धी विपत्र हर महीने की 7 तारीख तक जमा करना है, जिसका अनुपालन भी एजेंसी द्वारा नहीं किया जा रहा है। अन्नपूर्णा यूटिलिटी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड न ही टेंडर शर्तों का और न ही रिम्स के मानक संचालन प्रक्रिया का पालन कर रहा है।अन्नपूर्णा यूटिलिटी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा अपने कर्मियों को गुमराह कर पूर्व में भी कार्यों को बाधित किया गया है जिसके लिए एजेंसी को चेतावनी भी दी गयी थी निदेशक प्रो (डॉ) राजकुमार ने एजेंसी को ब्लैकलिस्ट करने की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए है।

# चान्हो ब्लॉक को-ऑर्डिनेटर इस्तियाक अनवर अंसारी बर्खास्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे चान्हो प्रखंड के 15वें वित्त के ब्लॉक को-ऑर्डिनेटर इस्तियाक अनवर अंसारी को बर्खास्त कर दिया गया है। उन्हें हटाने की मांग चान्हो प्रखंड की 17 पंचायतों के मुखिया एकजुट होकर लंबे समय से कर रहे थे। अंसारी पर काम के प्रति लापरवाही और अनुशासनहीनता का भी आरोप है। उपायुक्त ने अंसारी को एक महीने का अग्रिम मानदेय देकर नौकरी से बर्खास्त करने का आदेश दिया है।

**● कमीशनखोरी में लिप्त थे इस्तियाक**

चान्हो प्रखंड में योगदान देने के बाद से ही इस्तियाक विवादों में रहे हैं। कमीशन को लेकर इस्तियाक का मन इतना बढ़ा हुआ था कि वे बीडीओ के आदेश को भी ताक पर रखकर अपनी मनमानी करते थे। जब मन करता ऑफिस आते, जब मन करता चले जाते थे। उनकी मनमानी और कमीशनखोरी से परेशान होकर चान्हो प्रखंड के मुखिया संघ ने पिछले साल 9 अक्टूबर को पंचायती राज निदेशक और रांची डीसी को ज्ञापन देकर शिकायत की थी। आरोप था कि इस्तियाक मुखिया का डिजिटल सिग्नेचर खुद कर देते हैं। उपायुक्त ने जांच में आरोप सही पाया और बर्खास्तगी की कारवाई की है।

**● को-ऑर्डिनेटर का पद संभालने के बाद से ही विवादों में रहे हैं अंसारी**

बर्खास्तगी से संबंधित कार्यालय आदेश में कहा गया है कि चान्हो से पहले अंसारी बुढ़मू, खलारी, नामकुम और सिल्ली प्रखंड में भी काम कर चुके हैं। लेकिन, हर प्रखंड में अंसारी पर भ्रष्टाचार, कार्तव्यहीनता और कमीशनखोरी का आरोप लगा है। बुढ़मू प्रखंड में मुखिया और प्रखंड प्रमुख ने इस्तियाक पर कमीशनखोरी और भ्रष्ट्राचार का आरोपा लगाया था।

# निशुल्क दंत चिकित्सा जांच शिविर में 27 मरीजों की हुई जांच

**रांची।** विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस पर गुरुवार को छात्र क्लब चिकित्सा मंच की ओर से निशुल्क दंत चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर किशोर डेंटल में संपन्न हुई। जिसमें डेंटल डॉ.ललित किशोर, डॉ.अनामिका मिश्रा, डॉ.शेख शाहीन एवं इनके सहायक उर्वी,अंजली,सुमी द्वारा 27 मरीजों के दंत एवं मुख के बीमारियों की जांच की गई। वहीं सभी दंत मरीजों को संस्था की ओर से दवा के साथ-साथ टूथपेस्ट, टूथ ब्रश आदि भी उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर मुख्यअतिथि के रूप मे विश्वकर्मा युवा सुरक्षा मंच के मुख्य संयोजक संतोष कुमार श्रेयांश, संरक्षक दीपक राणा, अशोक शर्मा,अरविंद शर्मा आदि मौजूद थे। मौके पर डेंटल डॉक्टर ललित किशोर ने कहा दंत चिकित्सा शिविर में लगभग 13 मरीजों के मुख मे कैंसर के प्रारंभिक लक्षण पाए गए जिन्हें डॉक्टर ने बायोप्सी करवाने की सलाह दी।

# रांची डीसी ने दाखिल-खारिज वादों के शीघ्र निष्पादन के दिए निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** जिले में दाखिल-खारिज वादों के शीघ्र निष्पादन को लेकर उपायुक्त (डीसी) ने आज सभी अंचल अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की। इस बैठक में 22 मार्च 2025 को आयोजित होने वाले विशेष शिविर की तैयारियों की समीक्षा की गई और कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

**● लंबित दाखिल-खारिज मामलों का जल्द समाधान**

बैठक के दौरान डीसी ने 30 से 90 दिनों, 90 से 180 दिनों और 180 दिनों से अधिक लंबित दाखिल-खारिज वादों की समीक्षा की। उन्होंने



अधिकारियों को निर्देश दिया कि लंबित मामलों का त्वरित और पारदर्शी निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम जनता को अनावश्यक परेशानी न हो।

**● भवनहीन आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए जमीन चिन्हित करने का निर्देश**

डीसी ने सभी अंचल अधिकारियों को निर्देश दिया कि भवनहीन आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए जल्द से जल्द जमीन चिन्हित करें। इससे बच्चों और महिलाओं के लिए बेहतर बुनियादी सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा सकेंगी।

**● प्रशासनिक कार्यों में तेजी लाने पर जोर**

बैठक में अधिकारियों को राजस्व मामलों के त्वरित निपटारे, भूमि विवादों के समाधान और ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के विकास पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। डीसी ने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता जनता की समस्याओं का शीघ्र समाधान करना है। इस बैठक में राजस्व पदाधिकारी, अंचल अधिकारी और संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# आदिवासी छात्र संघ ने जयपाल सिंह मुंडा को दी श्रद्धांजलि



**रांची।** आदिवासी छात्र संघ के डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय अध्यक्ष विवेक तिर्की की अध्यक्षता में मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा का पुण्यतिथि मनाई गई। मौके पर अध्यक्ष विवेक तिर्की ने कहा कि 1928 ओलंपिक खेलों के लिए भारतीय हॉकी टीम में शामिल हुए। उनकी कप्तानी में भारतीय टीम ने लीग चरण में 17 मैच खेले, जिनमें से 16 जीते और एक ड्रॉ रहा। आदिवासी छात्र संघ रांची विश्वविद्यालय अध्यक्ष मनोज उरांव ने कहा कि 1946 में, संविधान सभा के लिए चुने गए। मौके पर अभय सागर मिंज, प्रिया एक्का, दीपा कच्छप, अमित टोप्पो, अक्षय कुमार, कोषाध्यक्ष पायल बाण्डो,सपना तिर्की, राहुल उरांव, आकाश कुजूर सहित अन्य उपस्थित थे।

# कूड़ा उठाव की देखरेख को लगे आरआईएफडी को हटाने पर दर्ज होगा केस




**रांची।** रांची नगर निगम क्षेत्र में मकान एवं प्रतिष्ठान के बाहर लगे आरएफआईडी को हटाया जा रहा है। कथित तौर पर आरएफआईडी को हटाने से संबंधित आवास से कचरा के उठाव की अद्यतन जानकारी कंट्रोल रूम को नहीं मिल पा रही है। कूड़ा एकत्र करने का कायदे से पर्यवेक्षण भी नहीं हो पा रहा है। इसके अलावा निगम की संपत्ति को नुकसान हो रहा है। निगम की विज्ञप्ति में आरएफआईडी को बिना वजह एवं अनुमति के क्षतिग्रस्त करने या निकाल कर फेंक देने को अवैध बताया गया है। कहा गया है कि ऐसा करने से दोषी मकान एवं प्रतिष्ठान मालिक पर नगरपालिका अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी और सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने के मामले में प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

## इंटर स्कूल और कॉलेज कराटे प्रतियोगिता 23 को

**रांची।** 22 मार्च को रांची के संत जोसेफ क्लब में आयोजित इमा कप झारखंड इंटर स्कूल और कॉलेज कराटे चैंपियनशिप अब 23 मार्च को होगी। 22 मार्च को रांची बंद बुलाए जाने के कारण यह निर्णय लिया गया है। कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के ट्राईबल एंड माइनॉरिटी डेवलपमेंट कमीशन के चेयरमैन सह इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी के तकनीकी निदेशक शिहान सुनील किस्पोट्टा ने यह जानकारी दी।

## आज / कल





शंकराचार्य जी का हुआ भव्य नागरिक अभिनंदन, कहा

# गौ माता राष्ट्रीय माता घोषित होनी चाहिए, धर्मांतरण पर लगे रोक

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** शंकराचार्य अभिनंदन समारोह समिति के तत्वाधान में रांची के हरमू रोड स्थित मारवाड़ी भवन में द्वारकाशारदापीठाधीश्वर शंकराचार्य जगतगुरु स्वामी श्री सदानंद सरस्वती महाराज जी का भव्य नागरिक अभिनंदन, धर्म सभा एवं प्रवचन का ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ समिति के मुख्य संयोजक विनय सरावगी ने सपरिवार के साथ श्री शंकराचार्य जी महाराज का चरण पादुका खड़ाऊ का पूजन पूरे विधि विधान के साथ किया। तत्पश्चात जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री सदानंद सरस्वती जी महाराज का नागरिक अभिनंदन रांची के प्रमुख सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं ने स्वागत किया। इस अवसर पर स्वामी श्री सदानंद सरस्वती जी ने धर्मसभा में उपस्थित श्रद्धालुओं को मार्गदर्शन किया। शंकराचार्य जी के प्रवचन में उन्होंने भारतीय संस्कृति, वेदों और उपनिषदों के महत्व को उजागर किया।स्वामी जी ने कहा कि भारतीय सभ्यता हमेशा सत्य, अहिंसा और धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश देती है। उन्होंने कहा कि अहंकार



मनुष्य क जीवन नष्ट कर देता है। संत, पंथ और ग्रंथ की रक्षा हम सबों को करनी चाहिए। तथा सभी हिंदुओं को अपने धर्म की ज्ञान होना चाहिए हमें अपने जीवन में नैतिक मूल्यों को प्राथमिकता देनी चाहिए और धर्म के पथ पर चलते हुए आत्मा की शुद्धि करनी चाहिए। स्वामी जी ने विशेष रूप से युवाओं से अपील की कि वे अपनी सांस्कृतिक धरोहर से जुड़ें और आधुनिकता के नाम पर अपनी पहचान को न खोएं। उन्होंने कहा कि आधुनिकता और परंपरा में संतुलन बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है, ताकि हम अपनी जड़ों से जुड़े रहें और साथ ही दुनिया के साथ चल सकें। उन्होंने कहा कि धर्मांतरण बहुत बड़ी समस्या है इसके लिए जागरूकता लाने कीआवश्यकता है। धर्म परिवर्तन कराने वालों के लिए कठोर सजा का प्रावधान होना चाहिए। इस पर हम लोग तो एक काम कर कर ही रहे हैं कई संस्थाओं द्वारा भी कार्य किया जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म बोर्ड बनना चाहिए और उसमें अधीनस्थ सभी मंदिर हो। गौ माता को राष्ट्रीय माता घोषित होनी चाहिए।

धर्म सभा कार्यक्रम में समिति के मुख्य संयोजक विनय सरावगी, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन, संयोजक मंडली सदस्य बसंत मित्तल, रवि शंकर शर्मा, मनोज बजाज, प्रमोद शाश्वत,केशव महतो कमलेश, ललित कुमार पोद्दार, सुरेश चंद्र अग्रवाल, विनोद कुमार जैन, पवन शर्मा, शिव शंकर साबू अशोक पुरोहित, मनोज चौधरी, पवन पोद्दार, गोवर्धन गाड़ोदिया, संजय सर्राफ सहित अन्य उपस्थित थे। उक्त जानकारी समिति के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने दी।



### रांची जिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता का भव्य उद्घाटन

# खेलों को बढ़ावा देने के लिए आयोजन महत्वपूर्ण : डॉ. सुदेश



**नवीन मेल संवाददाता रांची**

रांची जिला वॉलीबॉल संघ के तत्वावधान में आयोजित रांची जिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ गुरुवार को रांची विश्वविद्यालय के मैदान में किया गया। इस बहुप्रतीक्षित प्रतियोगिता का उद्घाटन रांची विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू (डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर) डॉ. सुदेश कुमार साहू द्वारा किया गया। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. सुदेश कुमार साहू ने कहा कि खेल किसी भी समाज के लिए आत्मविश्वास और अनुशासन का महत्वपूर्ण माध्यम है। इस तरह की प्रतियोगिताओं से युवा खिलाड़ियों को न सिर्फ अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिलेगा, बल्कि वे आगे चलकर झारखंड और राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम रोशन कर सकेंगे। वॉलीबॉल जैसे खेलों को बढ़ावा देने के लिए इस तरह के आयोजन बेहद महत्वपूर्ण हैं।

**पहले दिन के मुकाबले**

**प्रतियोगिता के पहले दिन कुल चार रोमांचक मैच खेले गए: .पहला मैच :** आरयूएसआरसीए बनाम आईसीएससी वॉलीबॉल क्लब जिसमें आरयूएसआरसीए ने सीधे सेटों में 25-20,25-14 अंकों जीत दर्ज की। दूसरा मैच - दलादली वॉलीबॉल क्लब ने 25-23 एवं 27-25 अंकों से फैज क्लब इरबा को पराजित करते हुए मुकाबला अपने नाम किया।

अन्य मैचों में भी खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल भावना का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता का प्रारूप और उद्देश्य

इस साल की प्रतियोगिता में रांची जिले की 17 प्रमुख वॉलीबॉल टीमें भाग ले रही हैं। लीग प्रारूप में खेले जा रहे इस टूनार्मेंट में हर दिन चार मैच आयोजित किए जाएंगे, जिससे खिलाड़ियों को अधिक मैच अभ्यास मिलेगा और वे अपनी प्रतिभा को निखार सकेंगे।

इस अवसर पर वॉलीबॉल जगत की कई प्रतिष्ठित हस्तियां और खेल अधिकारी मौजूद रहे, जिनमें प्रमुख रूप से: डॉ. राजेश गुप्ता, समन्वयक,रांची विश्वविद्यालय, वरिष्ठ वॉलीबॉल प्रशिक्षक विश्वनाथ सिंह झारखंड वॉलीबॉल संघ के कोषाध्यक्ष उत्तम राज, अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षक सेतांक सेन ,अंतरराष्ट्रीय निर्णायक संजय कुमार, रांची जिला वॉलीबॉल संघ के सचिव संजय ठाकुर उपस्थित रहे।

# मौखिक स्वास्थ्य दिवस पर संगोष्ठी सह प्रभात फेरी का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सिविल सर्जन कार्यालय में संगोष्ठी सह प्रभात फेरी का आयोजन सिविल सर्जन रांची डॉ प्रभात कुमार एवं जिला नोडल पदाधिकारी एनसीडी सेल, रांची डॉक्टर सीमा गुप्ता के निर्देश पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जन जन तक ओरल हेल्थ के प्रति लोगों को जागरूक करना है। इस अवसर पर दंत चिकित्सा पदाधिकारी सदर अस्पताल रांची डॉक्टर रवि राज द्वारा बताया गया कि स्वस्थ एवं बेहतर जीवन जीने के लिए हमें मौखिक स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। इस दिन को हर साल एक थीम के साथ मनाया जाता है। कार्यक्रम के दौरान जिला आरसीएच पदाधिकारी डॉक्टर असीम कुमार मांझी, प्रवीण कुमार सिंह डीपीएम रांची, डॉ सुधा सिंह दंत चिकित्सक, डॉक्टर कुमारी सुषमा चिकित्सा, सदर अस्पताल रांची,श्री सरोज कुमार चौधरी एफएलसी, एनसीडी, अभिषेक कुमार देव एनसीडी सेल, रांची शहीत एनएमटीसी नर्सिंग कॉलेज की छात्राएं उपस्थित रहे।

## न्यूज बॉक्स

### मगध क्षेत्र के जीएम से मिला अंबेडकर विचार मंच का प्रतिनिधिमंडल



**खलारी।** अंबेडकर विचार मंच का एक प्रतिनिधिमंडल मंच के संरक्षक राजनसिंह राजा के नेतृत्व में मगध संघमित्रा क्षेत्र के महाप्रबंधक नृपेन्द्र नाथ से मिला। इस दौरान मंच की ओर से आयोजित अंबेडकर जयंती समारोह में उन्हें आमंत्रित किया गया। साथ ही प्रतिनिधिमंडल के लोगों ने क्षेत्र के सामाजिक सरोकार को सीएसआर के तहत विकसित करने का आग्रह किया। इस अवसर पर अशोक राम, इम्तियाज अंसारी, रवि उरांव, रवीन्द्रनाथ चौधरी, भोला यादव, सुरेंद्र यादव, सुधीर सिंह, फिरोज अंसारी, श्यामजी महतो, शंभूनाथ गंझू उपस्थित थे।

### डाक विभाग के शिविर में सीडेड आधार खाता खोला गया



**खलारी।** भारतीय डाक विभाग के बुकबुका पंचायत शाखा डाकघर की ओर से श्रीजानकी रमण मंदिर खलारी के समीप एक शिविर लगाया गया। शिविर में 15 नए खाता खोला गया। साथ ही 18 लोगो के आधार कार्ड में मोबाइल नंबर को अपडेट किया गया। शिविर का संचालन लातेहार मंडल के प्रबंधक सौरव कुमार कर रहे थे। उन्होने बताया कि शिविर का मुख्य उदेश्य वैसे लाभुकों का खाता खोलना था जो खाते में डीबीटी व आधार सिडिंग नहीं होने की वजह से किसी भी सरकारी योजनाओं की राशि प्राप्त करने में वंचित रह रहे है। बताया कि इस खाते को खुलवाने के लिए लाभुकों को सिर्फ आधारकार्ड व मोबाइल फोन लाकर डीबीटी व सीडेड आधार अकाउंट मात्र दो मिनट में खुलवाना था। बताया कि शिविर के बाद भी किसी दिन शाखा डाकघर में नया खाता खुलवा सकते है और आधार को अपडेट कर सकते है। शिविर में खासकर मईयां सम्मान योजना की राशि से वंचित लाभुकों ने बढ़ चढ़कर भाग लेते हुए खाता खुलवाया। शिविर को सफल बनाने में प्रबंधक सौरव कुमार के अलावा बुकबुका शाखा डाकघर के कर्मचारी प्रताप रंजन, राजकुमार सिंह, श्रवण कुमार सहित अन्य सहयोगी शामिल थे।

### चंडी स्थान चैत्र दुर्गापूजा कमेटी के अध्यक्ष बने आनंद भगत व सचिव पप्पू यादव



**खलारी।** खलारी से सटे चामा चंडी स्थान में चैत्र दुर्गा पूजा आयोजन हेतु एक बैठक किया गया। बैठक में पूर्व की तरह इस वर्ष भी धूमधाम से चैत्र दुर्गा पूजा मनाने का निर्णय लिया गया। वहीं सर्वसम्मति से चैत्र दुर्गा पूजा कमेटी का गठन किया गया। कमेटी में अध्यक्ष आनन्द भगत (छोटू), उपाध्यक्ष सहदेव उरांव, राहुल लोहरा, सचिव पप्पू यादव, सह सचिव टिंकू गंझू, आकाश मुंडा, कार्तिक यादव, कोषाध्यक्ष विकास भगत, सह कोषाध्यक्ष बहादुर मुंडा को बनाया गया है। संरक्षक में तुलसी भगत, दिलीप साहू, गणेश लोहरा, अनिल गुप्ता, मुकेश यादव, उदय सिंह, रबीन्द्र यादव, सुनील साव, सुजीत मुंडा, प्रदीप उरांव, परमेश्वर गंझू व प्रताप यादव तथा कार्यकारिणी सदस्यों में अमित उरांव, कार्तिक यादव, सचिन उराव, अंकित भगत, विशाल उरांव, रोशन लोहरा, नन्दलाल लोहरा, प्रमोद लोहरा, महादेव उरांव आदि को रखा गया है।

### होचर स्पॉटिंग ने 5 विकेट से जीत दर्ज की

**रांची।** लिटिल विंग्स स्कूल बी डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट टाटीसिल्वे ग्राउंड में होचर स्पॉटिंग बनाम अचीवर सीए के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी अचीवर सीए ने 23 ओवर में 10 विकेट पर 116 रन बनाया। उज्ज्वल ने 31 व हिमांशु ने 22 रन बनाया। निशांत अंकुर और दीपक 3-3 विकेट लिए। जवाबी पारी खेलने उतरी होचर स्पॉटिंग की टीम ने 16.2 ओवर में पांच विकेट पर 117 रन बनाया। रवि लोहरा ने 40 व अंकुर ने 21रन बनाया। श्याम ने 2 विकेट लिए। होचर स्पॉटिंग ने 5 विकेट से जीत दर्ज की।

### अचीवर्स 28 रन से जीता



**रांची।** सरला देवी बिड़ला अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट सुकुरहुट्टू ग्राउंड में अचीवर्स बनाम वाईबीएन क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी अचीवर्स की टीम ने 30 ओवर में चार विकेट पर 257 रन बनाया। अभय उरांव ने 68, आदित्य प्रसाद ने 82 व गणेश कुजूर ने 30 रन बनाया। ओम प्रकाश ने 2 विकेट लेकर 61 रन दिया। जवाबी पारी खेलने उतरी वाईबीएन सीए ने 27.2 ओवर में 10 विकेट पर 229 रन बनाया। प्रदीप उरांव ने 90 रन व बिकास नायक ने 39 रन बनाया। हर्षित कुमार दूबे ने 7 विकेट लेकर 39 रन दिया। अचीवर्स 28 रन से जीता।

### ट्रांसफार्मर का किया गया उद्घाटन

**सिल्ली।** सिल्ली विधायक अमित महतो के पहल पर कोचों पंचायत के मारदू ग्राम में 24 केवी ट्रांसफॉर्मर का उद्घाटन कोचों पंचायत की मुखिया सोमवारी देवी, पंचायत समिति सदस्य भीम महतो, वार्ड सदस्य संजय महतो , झारखंड युवा मोर्चा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष फलहारी महतो जी ने संयुक्त रूप से फिता काटकर किया । इस ट्रांसफार्मर उद्घाटन कार्यक्रम में किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष गोकुल महतो, प्रखंड अध्यक्ष सिल्ली राधिका महतो, लोटा के पूर्व पंचायत समिति सदस्य दशरथ महतो, पूर्व प्रखंड उपाध्यक्ष अनिल बेदिया , पूर्व कोचों पंचायत अध्यक्ष अंतू महली, राजेश लोहरा, सृष्टि लोहरा, हरिपद महतो, सुरेंद्र कर्माकर एवं दर्जनों ग्रामीण पुरुष एवं महिलाएं की उपस्थिति हुई। वही सभी ने विधायक को ट्रांसफार्मर लगने पर धन्यवाद दिया।

### भगत सिंह शहादत दिवस 23 मार्च को

**सिल्ली।** भगत सिंह स्मारक मंच मुरी के द्वारा 23 मार्च को शहीद आजम भगत सिंह के शहादत दिवस के उपलक्ष्य में सिल्ली सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिल्ली मे रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया है जिसमें सदर अस्पताल रांची एव सिंगपुर नर्सिंग होम के सन्युक्त तत्वावधान मे किया जाएगा। वही भगत सिंह स्मारक मंच के कुमार गौतम ने यह जानकारी देते हुए लोगो से अपील किया है कि ज्यादा से ज्यादा रक्तदान शिविर में भाग लेकर सफल बनाएं।

### फिजिकल एजुकेशन शिक्षक को डबल ग्रेजुएट होना आवश्यक है या नहीं, सुनवाई अगले सप्ताह

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस आनंद सेन की अदालत में गुरुवार को हाईस्कूल शिक्षक नियुक्ति को लेकर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि अगली सुनवाई के दौरान कोर्ट यह निर्धारित करेगा कि फिजिकल एजुकेशन शिक्षक के लिए डबल ग्रेजुएट होने की जरूरत है या नहीं। मामले में सुनवाई अगले सप्ताह होगी।

इस संबंध में अन्ना मेरी एक्का ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है। सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से कहा गया कि शैक्षणिक योग्यता होने के बाद भी आयोग ने उनका चयन नहीं किया है।

जबकि जेएसएससी की ओर से कहा गया कि यह नियुक्ति फिजिकल एजुकेशन शिक्षक के लिए थी। इसके लिए डबल ग्रेजुएट डिग्री मांगा गया था। जिसमें अभ्यर्थी को आर्ट्स, साइंस या कामर्स में स्नातक के अलावा फिजिकल एजुकेशन में डिग्रीधारी होना जरूरी था। प्रार्थी फिजिकल एजुकेशन में सिर्फ ग्रेजुएट है। इसलिए उनका चयन नहीं किया गया है। सुनवाई के दौरान पक्ष सुनने के बाद अदालत ने कहा कि अगली सुनवाई में वह इस बिंदु को निर्धारित करेगा कि फिजिकल एजुकेशन शिक्षक के लिए डबल ग्रेजुएट की जरूरत है या नहीं।

### एसबीयू में चेस चैंपियनशिप का शुभारंभ

# प्रतियोगिता में देशभर के खिलाड़ी ले रहे हैं भाग

*देशभर से 316 खिलाड़ी रैपिड और 292 खिलाड़ी ब्लिट्ज फॉर्मेट में हिस्सा ले रहे हैं*




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

ऑल इंडिया चेस फेडरेशन के तत्वावधान में ऑल झारखंड चेस एसोसिएशन के बैनर तले रांची डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन द्वारा 'नेशनल रैपिड एंड ब्लिट्ज चेस चैंपियनशिप 2024-25' का शुभारंभ गुरुवार को सरला बिरला विश्वविद्यालय में हुआ। आयोजन 20 से 23 मार्च 2025 तक सरला बिरला विश्वविद्यालय में होगा। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देशभर से 316 खिलाड़ी रैपिड और 292 खिलाड़ी ब्लिट्ज फॉर्मेट में हिस्सा ले रहे हैं, जिसमें 50 इंटरनेशनल मास्टर और ग्रैंड मास्टर भी शामिल हैं। प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह के दौरान मुख्य अतिथि डीआरएम रांची जसमीत सिंह बिंद्रा ने अपने संबोधन में चेस खेलने के दौरान खिलाड़ियों के मूव्स और उनकी रणनीतियों पर बात की। साथ ही इस खेल के विभिन्न पहलुओं पर भी उन्होंने अपने विचार रखे। सरला बिरला विश्वविद्यालय के महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक ने चेस के विषय में संक्षेप में बताते हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। विवि के कुलपति प्रो सी जगनाथन ने खेल में हार-जीत के इतर खेल भावना को सर्वोपरि करार दिया और खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। उपस्थित लोगों को सरला बिरला विद्यालय की प्रधानाचार्या परमजीत कौर ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण आयोजन संयोजक मनीष कुमार और धन्यवाद भाषण सचिव नवजोत अलंग ने दिया। इस अवसर पर संयुक्त सचिव प्रभात रंजन एवं ऋचा संचिता, कोषाध्यक्ष सतीश कुमार, उपाध्यक्ष कुणाल आजमानी, राजीब चटर्जी, मिथिलेश पांडेय समेत सुनील कालरा, विक्रम साहू एवं रंजीत सिंह समेत बड़ी संख्या में खिलाड़ी एवं खेलप्रेमी उपस्थित रहे। 6.5 लाख रुपए की ईनामी राशि वाली इस प्रतियोगिता से शीर्ष 4 खिलाड़ियों का चयन भारतीय टीम में आगामी एशियन चैस प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा। इस प्रतियोगिता के टॉप 10 खिलाड़ियों के मुकाबले लाइव स्ट्रीम किए जाएंगे।

कार्यक्रम के आयोजन के लिए विवि के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान एवं राज्यसभा सांसद सह पैट्रन डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

### कोलफील्ड मजदूर यूनियन का 36वां अधिवेशन आज से, तैयारी पूरी

**खलारी।** कोलफील्ड मजदूर यूनियन का 36वां केंद्रीय अधिवेशन 21 व 22 मार्च को एनके एरिया वीआईपी सभागार डकरा में होगा। अधिवेशन की तैयारी पूरी कर ली गई है। इस अधिवेशन में हिन्द मजदूर सभा के राष्ट्रीय महामंत्री हरभजन सिंह सिद्धु मुख्य अतिथि होंगे। इनके अलावा सीएमयू के अध्यक्ष गिरिनाथ सिंह, महामंत्री राघवन रघुनन्दन, रणजीत पांडेय, खुशीलाल महतो सहित सीसीएल व सभी कोलियरियों के अध्यक्ष व सचिव अपने प्रतिनिधियों के साथ शामिल होंगे। कार्यक्रम को लेकर पूरे एनके एरिया में बैनर पोस्टर व अनेक तोरण द्वार बनाए गए हैं। यूनियन के विनयसिंह मानकी के नेतृत्व में तैयारी समिति डकरा, केडीएच, रोहिणी, जीएम यूनिट, चूरी, व पुरनाडीह परियोजना में घूम-घूमकर मजदूरों को कार्यक्रम में उपस्थित रहने का आग्रह किए हैं। कार्यक्रम की शुरूआत शुक्रवार दोपहर एक बजे से होगी।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चला कार्यक्रम

# विश्व मुख दिवस पर दी मुंह के कैंसर से बचाव की जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विश्व मुख दिवस के उपलक्ष्य पर गुरुवार को मुख स्वास्थ्य से संबंधित विभिन्न प्रकार गतिविधियों का आयोजन किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेडो. के तत्वावधान में आयोजित बेडो.एवं झारखंड राज्य के निवासियों में ओरल हेल्थ अवेयरनेस को बढ़ाने एवं इस से जुड़ी बहुत सी महत्वपूर्ण बातों को जन जन तक पहुंचने के उद्देश्य से रेडियो 90.4 एफ एम पर बेडो.के दंत चिकित्सक डॉ राजीव रंजन के द्वारा डॉक्टर्स टॉक कार्यक्रम में हिस्सा लिया गया एवं ओरल हेल्थ, तंबाकू के दुष्प्रभाव,दांतों की सड़न और मुंह के छालों से कैसे बचा जा सकता है?, मुंह के कैंसर के लक्षण और बचाव के तरीके क्या हैं? दांतों की सफाई और मुंह की स्वच्छता के लिए क्या तरीके अपनाए जा सकते हैं इत्यादि विषयों पर खुल कर बातें की।इसके साथ साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेडो. में डेंटल स्क्रीनिंग एंड ट्रीटमेंट एवं ओरल कैंसर स्क्रीनिंग कैंप का भी आयोजन किया गया। दंत चिकित्सक डॉ श्रोती कुमारी के द्वारा 56 मरीजों का कंसल्टेशन और स्क्रीनिंग की गई। इस कार्यक्रम में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुमित्रा कुमारी, डॉ काजल, बीपीएम अमिता लाल एवं डेंटल असिस्टेंट अजय करकेटा, एएनएम व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई । स्वास्थ्य विभाग के द्वारा 20 मार्च से 20 अप्रैल तक विश्व मुख दिवस पर अलग अलग ओरल हेल्थ अवेयरनेस से जुड़े प्रोग्राम करने की योजना पर काम शुरू किया गया है। लोगों से अपील की गई है कि मुख्य रोग से संबंधित समस्याओं पर तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध चिकित्सकों से आवश्यक परामर्श ली जा सकती है।



**जागरूकता और आवश्यक कदम से तंबाकू के दुष्प्रभाव दांतों की सड़न और मुंह के छालों से बचना संभव**

# चोरी कर फरार अपराधी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मांडर थाना क्षेत्र से चोरी में सलिप्त तीन अपराधकर्मियों को पुलिस ने गिरफ्तार, चोरी गये सामान, नगदी रूपया एवं घटना में इस्तेमाल की गई गाड़ी और लोहे के हथियार को बरामद किया गया। दरअसल, 11 मार्च को बाल कुमार साहु ने मांडर थाना में लिखित आवेदन दिया था कि उनके बन्द मकान में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है, जिसमे लाखो रुपए का सामान सहित नगदी रुपए अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया है। लिखित शिकायत के आधार पर माण्डर थाना पुलिस ने मामले का उद्भेदन, संलिप्त अपराधकर्मी की गिरफ्तारी और चोरी गये समानों की बरामदगी के लिए ग्रामीण एसपी के निदेर्शानुसार पुलिस डीएसपी खलारी द्वारा एक पुलिस टीम का गठन थाना प्रभारी माण्डर के नेतृत्व में किया गया। पुलिस टीम ने घटना के बाद से थाना क्षेत्र के अतिरिक्त चान्हों, बेड़ो, रातु आदि थाना क्षेत्र सहित लोहरदगा जिला में भी कई जगहों पर लगातार छापामारी की । इस क्रम में अपराधकर्मी सज्जाद अंसारी, कमलेश साहु उर्फ बीरू और पंकज साहु को गिरफ्तार कर पुछताछ किया गया। तीनों अपराधी लोहरदगा के रहने वाले हैं। तीनों अपराधियों ने घटना में मे अपनी संलिप्तता स्वीकार किया जिनके निशानदेही पर घटना में चोरी किये गए सामान, नगदी रूपया, गाड़ी और लोहे का हथियार बरामद किया गया। पुलिस ने तीनों अपराधकमीर्यों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### मानदेय नहीं मिलने से आर्थिक मंदी से गुजर रहे वाइन शॉप के सेल्समैन

**रामगढ़।** जिले में वाइन शॉप के सेल्समैन आर्थिक मंदी से गुजर रहे हैं। इस वजह से ना तो उनके घर परिवार चल पा रहे हैं और ना ही वे दैनिक खर्चा उठा पा रहे हैं। गुरुवार को जिले के 43 वाइन शॉप के सेल्समैन रामगढ़ डीसी चंदन कुमार से मिलने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने डीसी को बताया कि जेएसबीसीएल द्वारा संचालित खुदरा शराब दुकान के तहत रामगढ़ जिले में 43 दुकानों का संचालन हो रहा है। इन सभी दुकानों में मैनपॉवर का काम के एस मल्टी फैसिलिटी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को सितंबर 2024 में दिया गया था। विगत 7 माह से इन्हें ना तो वेतन मिला और ना ही खर्च के नाम पर ही कुछ दिया गया है। इस कारण से उन लोगों के घरों में दयनीय स्थिति उत्पन्न हो गई है। वे लोग ना तो अपने बच्चों का स्कूल फीस जमा कर पा रहा है, ना ही बुजुर्ग मां-बाप की दवा खरीद पा रहे हैं। ना ही घर का दैनिक खर्चा उठा पा रहे हैं। सभी सेल्समैन ने डीसी से इस मामले में पहल करते हुए वेतन भुगतान कराने की मांग की है।

# लापुंग में देर शाम आयी आंधी और ओलावृष्टि ने मचायी तबाही



**सुनील कुमार गुप्ता लापुंग**

लापुंग प्रखंड के लापुंग, मालगो सहित रायटोली गांव में गुरुवार की शाम भीषण आंधी और ओलावृष्टि ने भंयकर तबाही मचाई । सबसे अधिक तबाही ओलावृष्टि ने मचायी। मालगो गांव के लोगों को पचास लाख रुपए से अधिक का नुकसान उठाना पड़ा है। भयंकर ओलावृष्टि के कारण सैकड़ों किसानों के खेतों में लगी गेहूं, तरबुज, खीरा, टमाटर, फ्रेंचबीन, लहसुन, प्याज एवं कद्दू सहित खड़ी सब्जी फसल पूरी तरह बर्बाद हो गए। सबसे अधिक नुकसान मालगो के किसान विजय साहु को उठाना पड़ा। उन्होंने लगभग चार एकड़ जमीन में तरबुज की खेती की थी पेचकी/कुचू की खेती भी उनकी बर्बाद हो गई। ओलावृष्टि ने सब बर्बाद कर दिया। अकेले विजय साहु को चार से पांच लाख रुपए का नुकसान उठाना पड़ा है। वहीं प्रेम कुमार साहु को लगभग तीन लाख रुपए का नुकसान उठाना पड़ा है। प्रेम कुमार साहू ने लगभग तीन एकड़ खेत में गेहूं की फसल लगाई थी, 1 एकड़ में खीरा तथा अन्य कई प्रकार की फसलें उनकी बर्बाद हो गई। सोहर साहु के तीन एकड़ में लगी तरबुज सहित अन्य फसल बुरी तरह बर्बाद हो गई। वहीं जानकी देवी के एक एकड़ में लगी टमाटर की फसल बुरी तरह बर्बाद हो गई। मालगो के ही समाजसेवी रविन्द्र साहु के खेतों में लगी प्याज, लहसुन, कद्दू सहित अन्य प्रकार की फसलें बर्बाद हो गई।

### ई- केवाईसी नहीं कराई तो डिलीट हो सकता है राशन कार्ड से नाम

**मांडर ।** गुरुवार को प्रखंड सभागार में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सीताराम साहू की अध्यक्षता में राशन डीलरों के संग बैठक किया गया। बैठक में डीलरों को बताया गया कि खाद्य आपूर्ति विभाग का आदेश 21 से 27 मार्च तक घर-घर जाकर ई केवाईसी करना है। इस अभियान के तहत सभी राशन कार्ड धारकों को ई केवाईसी करना अनिवार्य है। जिसने अभी तक ई केवाईसी नहीं कराया है उनके लिए खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग की ओर से ई केवाईसी कराना आवश्यक बताया गया है। बैठक में मांडर प्रखंड प्रमुख फिलिप सहाय एक्का, अमिताभ कुमार पाठक, फिरोज आलम, मजबुल अंसारी समेत अन्य राशन डीलर उपस्थित थे।

**कार्यपालक दण्डाधिकारी/लेख्य प्रमाणक/अनुमण्डल दण्डाधिकारी, बुण्डू**

12-03-2025

**शपथ पत्र**

I LEENA KUMARI W/O Raj Kishor Mahato, Vill-Dulmi, Kotloi Road, Purulia, State-(West Bengal) 723102 do here by solemnly affirm and declare is as follows :-

1. That I am an Indian citizen.
2. That my name is LEENA KUMARI W/O Raj Kishor Mahato bearing Aadhar No 5116 4036 5522.
3. That my name is LEENA MAHATO and LEENA KUMARI is mine is the Same person & one Women.
4. That this affidavit is made for this purpose swearing before competent Authority.

That this above statements are true, if any wrong I shall be fully responsible for that.

No. (AF) 2916/6317

## एक नजर

### संत गिरनाली आश्रम स्कूल गिद्दी का स्थापना दिवस मना

**गिद्दी।** संत गिरनाली आश्रम स्कूल गिद्दी मेनगेट का गुरुवार को स्थापना दिवस मनाया गया। बतौर मुख्य अतिथि गिद्दी ग पंचायत के मुखिया हीरालाल गंझू, प्रेमलता सिन्हा, अरुण कुमार सिंह, पच्चू राणा, गुड्डू यादव ने सरस्वती मां और आश्रम के संस्थापक के चित्र समक्ष संयुक्त रुप दीप जलाकर और माल्यार्पण करके किया। इसके बाद अन्य उपस्थित लोगों श्रद्धासुमन अर्पित किया। इसके बाद मौके पर उपस्थित लोगों ने विद्यालय गरीब बच्चों को नर्सरी से अंग्रेजी माध्यम के पढ़ाने की सराहना किया। इस अवसर पर राजपुताना परिवार के क्षेत्रीय अध्यक्ष उदय सिंह, संत कुमार सिन्हा, विजय प्रसाद, सुनील दुबे, राजबल्लभ सिंह, सियाराम सिंह, गिरजा सिंह, कुंदन सिंह, संजय शर्मा, इरफान खान, दीपिका कुमारी, संजना कुमारी, श्रेया कुमारी, रिया कुमारी उपस्थित थीं।

### भुरकुंडा गुरुद्वारा में शुरू हुआ गुरु ग्रंथ साहेब का पाठ

**भुरकुंडा।** श्री गुरुसिंह सभा गुरुद्वारा भुरकुंडा के नए भवन के उद्घाटन को लेकर चार दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ है। इसके दूसरे दिन गुरुद्वारा में गुरुग्रंथ साहेब का पाठ शुरू हुआ, जो 48 घंटे तक चलेगा। यहां पाठ जमशेदपुर से आए भाई धीरज सिंह, भाई रंजीत सिंह, भाई हरभजन सिंह, भाई तरसेन सिंह और भाई दिलदार सिंह कर रहे हैं। इसका समापन 21 मार्च की सुबह 9 बजे होगा। इसके बाद गुरुद्वारा के नए भवन का विधिवत उद्घाटन होना है। इससे पूर्व भुरकुंडा थाना मैदान में विविध धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। इस धार्मिक समागम में नानकसर वाले संत बाबा लक्खा सिंह, कार सेवा अमृतसर भूरी वाले संत बाबा काश्मीर सिंह और श्रीहरि मंदिर पटना साहेब के अध्यक्ष भाई जगजोत सिंह जैसे प्रमुख संत एवं धार्मिक गुरु शामिल होंगे।

### पुल के रेलिंग से टकराया कंटेनर , चालक गंभीर रूप से घायल

**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत डाकडीह स्थित जीटी रोड बरदबोही पुल के रेलिंग से एक कंटेनर गाड़ी टकरा गई। जिसमें चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक घटना गुरुवार सुबह सात बजे की है। कलकत्ता की ओर से आ रही कंटेनर गाड़ी संख्या एचआर 38 एडी 2991 अनियंत्रित होकर पुल पर बने रेलिंग से जा टकराई जिसमें चालक श्रीकांत यादव पिता जगरनाथ यादव ,मैनपुरी ,यूपी निवासी गाड़ी में दब गया। घटना की सूचना पाते ही बरकट्ठा पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर स्थानीय लोगों की मदद से गाड़ी में फंसे चालक को घंटों मशक्कत के बाद बाहर निकाली। वहीं पुलिस के द्वारा घायल चालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद रेफर किया गया।

# रामगढ़ इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्राओं की अनूठी खोज




**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
ऑटोनोमस भूलभुलैया-समाधान रोबोट एक अभिनव परियोजना है जिसे मानव हस्तक्षेप के बिना जटिल भूलभुलैया को नेविगेट करने और हल करने के लिए डिजाइन किया गया है। रोबोट भूलभुलैया को सुलझाने में अपने प्रदर्शन और दक्षता को बढ़ाने के लिए उन्नत एल्गोरिदम और अत्याधुनिक हार्डवेयर का उपयोग करता है। ऑटोनोमस भूलभुलैया-समाधान रोबोट का प्राथमिक उद्देश्य कुशलतापूर्वक और स्वायत्त रूप से भूलभुलैया से गुजरना है। परियोजना का उद्देश्य भूलभुलैया-समाधान एल्गोरिदम को लागू करना और अनुकूलित करना है ताकि तेजी से और सटीक समापन सुनिश्चित किया जा सके। यह रोबोट स्वायत्त नेविगेशन तकनीक का एक प्रदर्शन है, जिसमें औद्योगिक स्वचालन और बचाव कार्यों जैसे विभिन्न क्षेत्रों में संभावित अनुप्रयोग हैं। रामगढ़ इंजीनियरिंग कॉलेज की 3 छात्राओं 1. खुशबू कुमारी (ईसीई) 2. अरीबा कौसर (सीएसई) 3. पूजा कुमारी (सीएसई) ने बचाव कार्यों में शामिल लोगों के सामने आने वाली समस्याओं को कम करने के लिए कमाल अहमद के मार्गदर्शन में ऑटोनोमस भूलभुलैया-समाधान रोबोट तैयार किया। इस अभिनव विचार के लिए उन्हें गुजरात रोबोफेस्ट 4.0 से 50,000 रुपये की पुरस्कार राशि भी मिली।

### विधायक जयराम महतो ने झाविस में पत्रकारों का मुद्दा उठाया

# 26 को दिल्ली में एक दिवसीय धरना : जावेद



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
झारखंड विधानसभा के चालू बजट सत्र के 13वें दिन डुमरी विधायक जयराम महतो ने झाविस में सदन के पटल पत्र पत्रकार हित के मुद्दे को उठाया. उन्होंने पत्रकारों के लिए छत्तीसगढ़ के तर्ज पर प्रेस प्रोटेक्शन एक्ट, मान्यता प्राप्त पत्रकारों को मजीठिया आयोग का लाभ और राज्य के टॉल प्लाजा में मुफ्त करने की मांग को रखा. जो स्वागत योग्य कदम है. इसके लिए भारतीय श्रम जीवी पत्रकार संघ की झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन के विधायक श्री महतो का अभारी है. उक्त बाते जेजेए के प्रदेश सचिव सह बरही अनुमंडल पत्रकार परिषद के मुख्य संरक्षक जावेद इस्लाम ने कही. उन्होने बताया कि बीएसपीएस पिछले कई वर्षो से देश भर के पत्रकारों के लिए पत्रकार सुरक्षा कानून, पेंशन योजना, स्वास्थ्य बीमा योजना, खबर संकलन के दौरान पत्रकारों पर होने वाले फर्जी मुकदमे बंद करने आदि जैसे मांगो को लेकर संघर्षरत है. मामले को लेकर राज्य से केंद्र तक धरना प्रदर्शन किया गया है. विधायक, सांसद सहित मंत्रियों और मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिए गए है. आगामी 26 मार्च को इसी मुद्दे को लेकर बीएसपीएस के बैनर तले देश भर के पत्रकार दिल्ली के जंतर मंतर पर एकदिवसीय धरना प्रदर्शन कर केंद्र सरकार को अपनी मांगो से अवगत कराएंगे. उन्होंने अनुमंडल के सभी पत्रकारों को संगठन के इस दिल्ली चलो अभियान में सहभागिता निभाने और आंदोलन को सफल बनाने की अपील किया है. डुमरी विधायक के द्वारा पत्रकार हित की बात सदन पटल पर रखने के लिए प्रदेश सचिव सहित बरही के अनुज सोनी, राजदेव गुप्ता, अमित सोनी, सुरेंद्र निषाद आदि सहित दर्जनों पत्रकारों ने विधायक का अभार जताया है.

### डाब लदी पिकअप ने अज्ञात वाहन को मारी टक्कर, लोगों ने लूटे डाब



**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र के डाकडीह स्थित जीटी रोड पर डाब लदी पिकअप वाहन ने अज्ञात वाहन को पीछे से टक्कर मार दी जिससे वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं चालक और उपचालक बाल बाल बच गये। लोगों के मुताबिक घटना गुरुवार सुबह पांच बजे की है। जब बंगाल की ओर से आ रही पिकअप गाड़ी संख्या डब्ल्यू बी 51 बी 9215 ने अज्ञात वाहन को पीछे से टक्कर मार दी। वहीं लोगों ने पिकअप में लदे डाब को लूट लिया। घटना की सूचना मिलने के उपरांत पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और दुसरे वाहन के मदद से पिकअप को थाना ले गयी।

### गोला में बाहा पर्व का आयोजन, मांदर की थाप पर थिरके लोग

**गोला।** गोला प्रखंड के हेसापोड़ा पंचायत के परसाडीह गांव में बुधवार को बाहा सह सरहुल पर्व का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गांव के पाहन ने बाहा बोंगा की विधिवत पूजा अर्चना कर क्षेत्र की सुख व शांति की कामना की। साथ ही दर्जनों श्रद्धालुओं ने बाहा बोंगा की पूजा अर्चना की। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

### विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**रामगढ़।** राष्ट्रीय मौखिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत आज दिनांक 20.03.2025 विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सिविल सर्जन, रामगढ़ डॉ महालक्ष्मी प्रसाद एवं जिला कुष्ठ निवारण सह- नोडल पदाधिकारी डॉ तूलिका रानी के संयुक्त नेतृत्व में जिला के कैन्ट मध्य विद्यालय नईसराय एवं राज्यकीय मध्य विद्यालय प्रखण्ड मुख्यालय रामगढ़ के साथ सदर अस्पताल परिसर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय में दन्त चिकित्सक डॉ० नितेश कुमार, डॉ० सत्यप्रकाश द्वारा बच्चों को ब्रश करना सिखलया गया । साथ ही साथ मुंह को कैसे साफ रखने से संबंधित जानकारी दी गई। डॉ० महालक्ष्मी प्रसाद सिविल सर्जन रामगढ़ एवं डॉ० तुलिका रानी जिला कुष्ठ निवारण सह- नोडल पदाधिकारी द्वारा बच्चों के बीच ओरल किट वितरण किया गया। विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस में आमजनो एवं स्वास्थ्य कर्मियों के बीच मुँह के रोगो को रोकने, नियंत्रित करने, मुंह के कैंसर के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विशेष रूप से डॉ० अजय चौधरी, डॉ० मधुरिमा प्रसाद, डॉ० पल्लवी कौशल, विजय कुमार डीपीएम, आमोद कुमार डीपीए एंड डीपीएमयू यूनिट, प्रदीप दास एफएलसी मौजूद थे।

# चुटूपालू घाटी में सड़क हादसे को लेकर विधायक ने विस में उच्च स्तरीय जांच की उठाई मांग



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
रामगढ़ विधायक ममता देवी ने गुरुवार को झारखंड विधानसभा के सत्र में चुटूपालू घाटी में लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए सड़क की उच्च स्तरीय तकनीकी जांच कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सिर्फ स्पीड ब्रेकर, बैरिकेडिंग या ट्रैफिक नियंत्रण ही पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि दुर्घटनाओं के मूल कारणों की गहन जांच बेहद जरूरी है। इसके बिना समस्या का स्थायी समाधान संभव नहीं होगा।

**दुर्घटनाओं के संभावित कारण :** सड़क की ढलान और डिजाइन की खामियां झ यदि सड़क की ढलान बहुत तेज है या मोड़ पर विजिबिलिटी कम है, तो दुर्घटनाएं बढ़ सकती हैं।

**ओवरलोडेड और ब्रेक फेल होने वाले वाहन :** भारी वाहनों के ब्रेक फेल होने की घटनाएं आम हैं, जिससे वे अनियंत्रित होकर दुर्घटनाएं कर बैठते हैं।

**सड़क की गुणवत्ता और रखरखाव की कमी :** गड्ढे, फिसलन और उचित संकेतकों की अनुपस्थिति से हादसे बढ़ रहे हैं।

**अवैध पार्किंग और सड़क किनारे बाधाएं :** ट्रकों की अवैध पार्किंग और सड़क किनारे अव्यवस्थित ढंग से खड़े वाहन दुर्घटनाओं को आमंत्रित कर रहे हैं। विधायक ममता देवी ने जोर देकर कहा कि जब तक सरकार इस मार्ग की गंभीरता से तकनीकी जांच नहीं करवाती, तब तक आधे-अधूरे समाधान केवल अस्थायी राहत देंगे। उन्होंने सरकार से जल्द से जल्द इस पर ठोस कदम उठाने की मांग की, ताकि आम जनता की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

### स्वास्थ्य सुविधाओं की कमियों पर विधायक ने सदन में उठाए सवाल, बबाल



**बरही।** झाविस के चालू बजट सत्र में स्थानीय विधायक मनोज कुमार यादव ने राज्य में बदहाल स्वास्थ्य सुविधाओं को प्रमुखता से रखने का काम किया. उन्होंने रिम्स सहित हजारीबाग मेडिकल कॉलेज, बरही अनुमंडलीय अस्पताल की बुनियादी समस्याओं से सदन को अवगत कराते हुए सरकार से शीघ्र दूर करने की मांग किया. विधायक ने स्पष्ट कहा कि राज्य में स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह चरमराई है. बुनियादी सुविधाएं भी नदारद है. राज्य के 39% बच्चे कुपोषित हैं, नियुक्त कुल 1100 चिकित्सकों में मात्र 115 चिकित्सक सेवारत हैं. रिम्स की एमआरआई मशीन बीते दो वर्ष से खराब है. प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में 3643 चिकित्सकों के स्वीकृत पद में मात्र 2210 चिकित्सक कार्यरत है जहां अभी भी 1424 चिकित्सक कम है. पूरे राज्य में 108 एम्बुलेंस की संख्या 544 है, जिसमें आधे से अधिक बीमार हैं. उन्होंने बरही के अनुमंडलीय अस्पताल सहित पदमा, चौपारण व चंदवारा में चिकित्सकों की कमियों को दूर करने और दुर्घटना जोन बन चुके जीटी रोड के चोरदाहा से चिरकुंडा तक ट्रामा सेंटर स्थापित करने की मांग किया. विपक्ष ने भी विधायक के सवालों का समर्थन करते हुए सदन में बबाल मचाया और अतिशीघ्र समस्याओं को दूर करने का मांग किया. स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि स्वास्थ्य सुविधा बेहतर करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है.उन्होंने विपक्ष के सवालों को गंभीरता से लिया. मंत्री ने जीटी रोड चोरदाहा से चिरकुंडा तक ट्रामा सेंटर की स्थापना की मांग पर भी विचार करने का आश्वासन भी दिया.

# लोगों को मौखिक स्वास्थ्य पर भी जरूर ध्यान देना चाहिए : डॉ प्रवीण श्रीनिवास

**हजारीबाग।** हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड हॉस्पिटल के पीरियोडोंटोलॉजी विभाग में विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस‡ गुरूवार को मनाया गया। इस कार्यक्रम में मौखिक स्वास्थ्य के मुद्दों के बारे में प्रभावी रूप से जागरूकता और निवारक देखभाल को बढ़ावा दिया। इस दौरान गतिविधियों ने सामुदायिक जुड़ाव की भावना को बढ़ावा दिया और समग्र स्वास्थ्य के लिए अच्छी मौखिक स्वच्छता बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया। इस अवसर पर खुश मुंह, खुश दिमाग का संदेश दिया। इस क्रम में रील मेकिंग, स्लोगन, स्वास्थ्य की बातें एवं मीम्स प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें कॉलेज परिवार की ओर सभी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह के साथ सम्मानित किया गया। मौके पर डेंटल कॉलेज के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने अपने संबोधन में कहा कि मुह हमारा शरीर का दर्पण है। लोगों को मौखिक स्वास्थ्य पर भी जरूर ध्यान देना चाहिए। जिसमें मुख्य के रूप में डेंटल कॉलेज के प्राचार्य के श्रीकृष्ण एवं उप प्राचार्य डॉ अंकुर भार्गव उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पीरियोडोंटोलॉजी विभाग के प्रोफेसर और प्रमुख डॉ. शेखर प्रशांत, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. धृतिमान बैद्य, अन्य संकाय से डॉ. ऐश्वर्या धाम, डॉ. रोजी कुमारी, वरिष्ठ व्याख्याता डॉ. राखी कुमारी, शिक्षक डॉ. अंजलि मिश्रा के मार्गदर्शन में एक शानदार सफलता थी।

### वर्मा बुक्स एंड स्टेशनरी दुकान का उद्घाटन

**गिद्दी।** गिद्दी बरगाछ के पास गुरुवार को वर्मा बुक्स स्टेशनरी दुकान का उद्घाटन किया गया। डाड़ी प्रमुख दीपा देवी, उपप्रमुख सुमन कुमारी, प्रेमलता सिन्हा, रीना वर्मा और अनन्या मुखर्जी ने फीता काटकर दुकान का उद्घाटन किया। इस अवसर पर गिद्दी थाना प्रभारी कुंदन कुमार, मुखिया हीरालाल गंझू, पच्चू राणा, कुमेश्वर महतो, अरूण सिंह, पुरूषोत्तम पांडेय, करूण सिंह, सैनाथ गंझू, संत सिन्हा, राकेश सिंह, पप्पू सिंह, प्रधानाचार्य सुधांशु शेखर मोहन, उदयशंकर, सुनील दुबे, अनिल अग्रवाल, सेवालाल महतो, राजबल्लभ सिंह, गिरजा सिंह आदि उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### बरकट्ठा में दिन भर रुक रुककर होती रही बारिश, धूप के नहीं हुए दर्शन



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र में गुरुवार को झमाझम बारिश से दिन की शुरूआत हुई। अहले सुबह बादल के साथ वर्षा की बूंदे गिरने से गर्मी से राहत मिली और हल्की ठंड महसूस होने लगी। वहीं रुक रुक कर बारिश होने का दौर चलता रहा। गुरुवार को मौसम में परिवर्तन से पूरे दिन बिजली की आंख मिचौली जारी रही। वहीं लोग घरों में दुबके रहे और सड़क वीरान रही। बाजारों में ग्राहकों की कमी के कारण व्यवसायी मायूस दिखे। गृह निर्माण करने वाले कामगार बारिश के कारण बेरंग घर वापस लौटते नजर आए ।स्थानीय ठेकेदार रामेश्वर प्रसाद ने बताया की बारिश होने के कारण हम मजदूरों का कोई काम नहीं हो पता है इसलिए आज दिनभर हम लोग बिना काम किये घर वापस लौट रहे हैं ।ज्ञा हो कि बिजली नहीं रहने से बच्चों की पढ़ाई बाधित रही और लोगों का फोन चार्ज करने में परेशानी हुई।

### फसल सुरक्षा कार्यक्रम योजना को लेकर बेलकपी में कृषक गोष्ठी का हुआ आयोजन



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के बेलकप्पी पंचायत सचिवालय में गुरूवार को मुखिया ललीता देवी की अध्यक्षता में फसल सुरक्षा कार्यक्रम योजना के तहत कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। वहीं संचालन दुखहरण पाठक ने किया। कार्यक्रम के निमित किसानों को मिट्टी उपचार, बीज उपचार, मिट्टी जांच, फसल चक्र, पौधों से संबंधित बीमारी, उपचार आदि विषयों पर चर्चा किया गया। वहीं फसलों की सुरक्षा से संबंधित जानकारी किसानों को दी गई। इस अवसर पर बेलकप्पी पंचायत के सैकड़ों महिला, पुरुष एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित हुए।

### विभिन्न परियोजनाओं को लेकर उपायुक्त ने की समीक्षा बैठक

### अधिकारियों को मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया पूरी करने का दिया निर्देश



**रामगढ़।** आधारभूत संरचनाओं, एफआरए, भूअर्जन तथा विभिन्न परियोजनाओं को लेकर गुरुवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। भारतमाला परियोजना, राष्ट्रीय राजमार्ग 33, रेलवे सहित अन्य सड़क निर्माण संबंधित योजनाओं की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने पैकेजवार मुआवजा भुगतान की स्थिति की जानकारी ली। इस दौरान उपायुक्त ने कार्यो में तेजी लाने का निर्देश दिया वही संबंधित क्षेत्रों के अंचल अधिकारियों को मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया संबंधित ग्राम सभा के आयोजन सहित अन्य प्रक्रियाएं पूरी करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सीसीएल, पथ निर्माण विभाग, पीवीयूएनएल सहित अन्य परियोजनाओं के अधिकारियों से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए एफआरए, एनओसी, जमीन अधिग्रहण सहित लंबित मामलों की जानकारी लेने के उपरांत जल्द से जल्द कार्रवाई करते हुए उनके निष्पादन के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त ने अंचलवार अंचल अधिकारियों से उनके उनके क्षेत्रों में चल रही परियोजनाओं में भूमि सहित अन्य मामलों के तहत हो कार्यों की जानकारी लेने के उपरांत मामलों पर कार्रवाई करते हुए ससमय उनका निष्पादन करने का निर्देश दिया। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सभी परियोजनाओं के अधिकारियों को किए जा रहे कार्यों के दौरान आने वाली समस्याओं से जिला प्रशासन को नियमित रूप से अवगत कराने का निर्देश दिया। बैठक में अपर समाहर्ता रामगढ़, अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता, नजारत उप समाहर्ता, विभिन्न परियोजनाओं के महाप्रबंधक, जिला स्तरीय अधिकारियों, अंचल अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

### यूथ विंग ने रोजेदारों के बीच किया तरबूज का वितरण

# रमजान केवल उपवास का महीना नहीं, बल्कि सेवा और सहयोग का संदेश भी देता है : चंद्र प्रकाश जैन

*तरबूज वितरण कार्यक्रम के दौरान मुस्लिम समुदाय के लोगों ने हजारीबाग यूथ विंग के इस प्रयास की भूरी-भूरी प्रशंसा की।*



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
हजारीबाग यूथ विंग ने रमजान के पवित्र महीने में सराहनीय पहल करते हुए गुरुवार को पेलावल में रोजेदारों के बीच तरबूज का वितरण किया, इस सेवा कार्य में मुस्लिम समुदाय के महिला, पुरुष एवं बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और खुशी-खुशी तरबूज ग्रहण किया। संस्था के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने बताया की रमजान आत्मसंयम, दया और सेवा का महीना है, और इसी भावना को ध्यान में रखते हुए यह पहल की गई। रोजा इफ्तार के दौरान तरबूज वितरण का उद्देश्य रोजेदारों को ताजगी और ऊर्जा प्रदान करना है, ताकि वे स्वस्थ रहें और रमजान के धार्मिक कर्तव्यों का पालन अच्छे से कर सकें। हजारीबाग यूथ विंग द्वारा लगातार तीसरे वर्ष यह सेवा कार्य किया गया है, संगठन समाज सेवा के प्रति समर्पित है और हर वर्ष रमजान के दौरान रोजेदारों के लिए विशेष प्रयास करता है। इससे पहले भी संस्था ने कई सामाजिक एवं धार्मिक आयोजनों में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की है, जिससे समाज के सभी वर्गों के बीच सौहार्द और भाईचारे की भावना मजबूत हो सके। तरबूज वितरण कार्यक्रम के दौरान मुस्लिम समुदाय के लोगों ने हजारीबाग यूथ विंग के इस प्रयास की भूरी-भूरी प्रशंसा की। समुदाय के कई लोगों ने कहा कि यह पहल केवल एक सामग्री वितरण से अधिक समाज में एकजुटता और प्रेम का संदेश देती है। मौके पर संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन,सचिव रितेश खण्डेलवाल,सह सचिव अभिषेक पांडे, उपाध्यक्ष विकास तिवारी, कार्यकारिणी सदस्य राजेश जैन, कैलाश कुमार, सिद्धार्थ कुमार उर्फ सिद्धू,अशेष कुमार सिन्हा,शाहिद असलम एवं सेराजउद्दीन सहित कई लोग मौजूद थे।

# संचालक को नशा मुक्ति केंद्र में रह रहे बुजुर्ग के परिजन की तलाश

**समाज कल्याण नशा मुक्ति व पुनर्वास केंद्र में बरही प्रखंड के डपोक गांव के एक 60 वर्षीय बुजुर्ग पिछले 3 महीने से रह रहे हैं**



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
बिहार के पटना जिले के बसंत चक नौबतपुर रोड बोध गांवा स्थित समाज कल्याण नशा मुक्ति व पुनर्वास केंद्र में बरही प्रखंड के डपोक गांव के एक 60 वर्षीय बुजुर्ग पिछले 3 महीने से रह रहे है. जिनकी मानसिक स्थिति सामान्य नहीं है और बहुत कुछ बताने की स्थिति में नहीं है. उक्त जानकारी केंद्र के निलेश उपाध्याय ने दूरभाष से दी. उन्होंने बताया कि काफी पूछ ताछ पर बुजुर्ग ने अपना नाम बहादुर यादव बताया है. जिनके प्रमोद और हरिलाल नामक दो पुत्र भी हैं. उन्होंने अपना घर झारखंड के हजारीबाग जिलांतर्गत बरही थाना के डपोक गांव बताया है. संचालक ने इस संबध में बरही थाना को भी सूचना देने की बात कही है. श्री उपाध्याय ने बताया कि उक्त बुजुर्ग उन्हे उनके केंद्र के बाहर आज से तीन माह पूर्व कचड़ा बिनते मिले थे. जो वर्तमान में उनके केंद्र में रह रहे है, जहां उनके रहने, खाने और ईलाज की व्यवस्था केंद्र की ओर से करवाया जा रहा है. उन्होंने बुजुर्ग का फोटो जारी करते हुए आम लोगो से पहचान करने की अपील किया है. जिससे उन्हे उनके परिजनों तक पहुंचाया जा सके. बुजुर्ग के परिजनों के संबंध में किसी भी प्रकार के सूचना मिलने पर 9304516163, 9031694372 पर संपर्क करने की अपील किया है.



# मुंबई में बस गए पर गांव याद रहा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची/मुंबई**
बसरिया गांव चौपारण से 9 किलोमीटर अंदर है जहां से सुरेश शर्मा, लखन शर्मा, राजकुमार ठाकुर,अशोक कुमार गोस्वामी, प्रकाश शर्मा,सुरेश प्रजापति, हीरामन गुप्ता, विजय महतो और पप्पू दांगी कुल 9 लोग 1994 में मुंबई रोजगार की तलाश में गए थे और आज सभी के अपने घर हैं परिवार भी सुव्यवस्थित है तो उन्होंने बाला साहब ठाकरे से प्रेरणा लेकर गांव में शिव परिवार का मंदिर बनाया और अब सभी के सहयोग से सीबीएसई शैली का कक्षा 8 तक का स्कूल खोला है जिसके निदेशक राजकुमार ठाकुर हैं और प्राचार्य दीप शिखा मिश्रा हैं । इन्हें मामूली कीमत पर बाजार के दबाव से बिना प्रभावित हुए प्रो महेंद प्रसाद ने 8 एकड़ भूमि उपलब्ध कराई जिसपर भव्य भवन तैयार है । स्कूल में तीन बच्चों में एक फ्री और गरीबों को निःशुल्क शिक्षा देने की योजना है।

# गृह रक्षा वाहिनी लोक सेवक संघ की ओर से महिला जिला समिति का किया गया गठन



**सिमडेगा।** गृह रक्षा वाहिनी लोकसेवक संघ जिला सिमडेगा का गुरुवार बैठक हुई।बैठक में इसमें मुख्य रूप से विधायक भूषण बाड़ा के द्वारा उठाए गए मांग होम गार्ड जवानों की कल्याण हेतु 365दिन नियमित ड्यूटी भविष्य निधि योजना सेवानिवृति को लागू कराने को लेकर विचार किया गया और इसी माह विधायक महोदय सिमडेगा कोलेबिरा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री झारखंड सरकार से मुलाकात करके सभी बातों से अवगत कराने पर रणनीति बनाई गई। साथ ही संघ की पुनर्गठन भी किया गया, ताकि जिला स्तरीय समस्या का निवारण किया जा सके इसमें महिला जिला अध्यक्ष सरिता टोपनो, जिला सचिव प्रभा सोरेंग, कोषाध्यक्ष, नेलो जोजो पुरुष में जिला सचिव श्रवण गोप,जिला कोषाध्यक्ष मिखाईल डुंगडुंग, जिला संगठन सचिव सुभाष लुगुन, डेविड बागे,नीरतन डांग, जॉनसन, सभी नवचयनित जिला प्रतिनिधियों को फूल माला पहनाते हुए जवानों की कल्याण हेतु कार्य करने को लेकर शपथ दिलाया गया। प्रदेश संगठन सचिव बिरसा भेंगरा जी के द्वारा दिलाया मौके में जिला अध्यक्ष सुनील टेटे कार्यकारी अध्यक्ष देवनारायण दास, उपाध्यक्ष अजय होरो,मनोज कुजूर, बोनिफास, परमानंद मंच संचालन प्रदेश सचिव शिवा बड़ाईक के द्वारा किया गया। इसकी जानकारी जिला संयोजक विपिन पंकज मिंज जी के द्वारा दिया गया।

## भूषण बाड़ा ने स्वास्थ्य मंत्री से की जिले के स्वास्थ्य व्यवस्था को दुरुस्त कराने की मांग

**सिमडेगा।** विधायक भूषण बाड़ा ने सुबे के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी को ज्ञापन देकर जिले के स्वास्थ्य सुविधा को दुरुस्त कराने की मांग की है। इसके अलावे विधायक ने हज कमेटी के अध्यक्ष सह स्वास्थ्य मंत्री को हज यात्रियों के लिए बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रांची को इम्बार्केशन पॉईंट बनाने के लिए पहल करने की भी मांग की है। विधायक ने बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रांची से इम्बार्केशन प्वाइंट हटा कर कोलकाता एयरपोर्ट को बनाए जाने से हज यात्रियों को होने वाली परेशानियों से भी अवगत कराया। विधायक ने स्वास्थ्य मंत्री को जिले के एंबुलेंस व्यवस्था को दुरुस्त कराने की मांग की है। विधायक ने कहा कि दस प्रखंड वाले सिमडेगा जिले के लिए मात्र 108 एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध होना गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने चिकित्सकों की समस्याओं से भी अवगत कराया।

## मोदी केयर मोदिवे डिसटीब्यूशन प्वाइंट का लचरागढ़ में हुआ उद्घाटन

**कोलेबिरा।** प्रखंड के लचरागढ़ टावर चौक के समीप मोदी केयर मोदीवे डिस्ट्रीब्यूशन प्वाइंट का उद्घाटन किया गया।इस अवसर पर मुख्य रूप से फागु साहू व नंदकिशोर अग्रवाल उपस्थित थे।पंडित पवन शर्मा के द्वारा नारियल फोड़कर व विधिवत रूप से पूजा अर्चना किया गया।मोदी केयर डिसटीब्यूशन सेंटर का फीता काटकर उद्घाटन किया गया।इस अवसर पर अभय प्रसाद ने मोदी केयर के उत्पादों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दिया।मौके पर संचालक मालती देवी,संदीप साहू उर्फ गुड्डू,मोदीकेयर के डायमंड डायरेक्टर अभय प्रसाद,के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

### कुरडेग में प्रखंड स्तरीय 20 सूत्री समिति की हुई बैठक

## विभिन्न विभागों के कार्यों पर हुई समीक्षा



**कुरडेग।** प्रखंड कार्यालय सभागार में गुरूवार को प्रखंड स्तरीय 20 सूत्री समिति की बैठक प्रखंड बीससूत्री अध्यक्ष वाल्टर टोप्पो की अध्यक्षता में की गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं का बारी बारी से समीक्षा की गई। इस दौरान स्वास्थ्य,शिक्षा,पेयजल व स्वाच्छता,आवास योजना,कृषि,पशुपालन विभाग,विद्युत विभाग,बाल विकास परियोजना, बी ओआई,जेएसएलपीएस,टीआरआई,आत्मा,कल्याण,पंचायतीराज समेत अन्य विभागों के पदाधिकारियों से विभागों से संबंधित कार्यों की जानकारी ली गई। इस दौरान बीससूत्री सदस्यों एवं विधायक प्रतिनिधियों ने कई ज्वलंत मुद्दे उठाये साथ ही बस स्टैंड में बना मार्केट कम्पलेक्स भवन का जर्जर स्थिति को अवगत कराया गया।प्रखंड कार्यालय परिसर में बना बन्द लघु चावल मील के विषय पर चर्चा की गई।पेयजल समस्या को रखा गया।खराब पड़े चापाकलों,को तुरन्त मरम्मती कराने की मांग रखी गई।कई और ज्वलंत मुद्दे उठाये गये और ज्वलंत मुद्दे का समाधान जल्द प्रखंड प्रशासन से करने की मांग की गई। मौके पर प्रखंड बीससूत्री उपाध्यक्ष सफार अली, विधायक प्रतिनिधि दीपक जयसवाल,शीतल तिर्की,गुड्डू खान,बीडीओ नैमन कुजूर,सीओ किरण डांग, थाना प्रभारी नवीन कुमार बीएओ श्यामकिशोर प्रसाद,बीससूत्री सदस्य जेपी जयसवाल,नशीमा खातुन,नीलम कुजूर सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## लीड्स संस्था ने पशुपालन विभाग के सहयोग से 95 बकरियों का करवाया पीपीआर टीका

**जलडेगा।** प्रखंड के टीनगीना पंचायत अंतर्गत लीड्स संस्था द्वारा संचालित समेकित पशुधन विकास केंद्र में गुरुवार को संस्था द्वारा पशुपालन विभाग के सहयोग से विशेष पशु चिकित्सा कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान शिविर में 95 बकरियों का स्वस्थ जांच कर निःशुल्क पीपीआर टीका दिया गया। प्रखण्ड पशुपालन विभाग की टीभीओ डॉ. स्वाती सबनम ने पशुपालकों को पशुओं में होने वाली बीमारी के लक्षण और उसके बचाव के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। शिविर में पशुपालकों को बकरी पालन, मुर्गी पालन, सूअर पालन, बीमारियों से बचाव के लिए पशुओं को दिए जाने वाले विभिन्न टीका को समय पर लगाने की जानकारी दी गई। वहीं लीड्स संस्था के कार्यक्रम समन्वयक आलोक कुमार ने कहा कि लीड्स संस्था पशुपालकों को जागरूक करने के साथ - साथ पशुपालकों का आय को दुगुना करने के लिए कई तरह की जन जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन कर रही है।

# नगर भवन में जिला स्तरीय आरोग्य दूत एवं पीयर एजुकटरों का हुआ सम्मान समारोह

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** जिला स्वास्थ्य समिति के तत्वाधान में नगर भवन सिमडेगा में आरोग्य दूतों एवं पियर एजुकेटरों हेतु एक जिला स्तरीय समाम्न समारोह -सह- कार्याशाला का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का मुख्य उदेश्य किशोर एवं किशारियों हेतु संचालित दो महत्वपूर्ण कार्यक्रम-राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं विद्यालय एव स्वास्थ्य कल्याण कार्यक्रम से जुडे एवं किशोर स्वास्थ्य हेतु उत्कृष्ठ योगदान करने वाले आरोग्य दूत-शिक्षकों एवं पीयर एजुकेटरों को सम्मानित करना था। उक्त कार्यक्रम का उद्घाटन उप विकास आयुक्त, सिमडेगा, सिविल सर्जन एवं शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। उद्घाटन संबोधन में सिविल सर्जन ने दोनों कार्यक्रमों का किशोर-किशोरियों के सर्वागीण विकास में महत्व पर प्रकाश डाला। उप विकास आयुक्त महोदय ने सम्मानित होने वाले शिक्षकों एवं पीयर एजुकटरों के उत्कृष्ठ योगदान की



सराहना की एवं उन्हें ऐसे प्रयास को निरंतर जारी रखने की प्रेरणा दी। उन्होनें ने दोनो विभागों की आपसी समन्वय के महत्व पर भी बल दिया एवं आशा व्यक्त की, कि ऐसे प्रयासों से हमारे जिले के किशोर-किशोरियों के जीवन में साकारात्म बदलाव आएगा। कार्यक्रम के अगले सत्र में लौरेन्तुस तिर्की, जिला कार्यक्रम प्रबंधक ने राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं पीयर एजुकटरों की भूमिका के बारे में विस्तार से बताया। विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम को तकनीकि सहयोग प्रदान कर रहे सेन्टर फॉर कैटालाईजिंग चेंज के प्रतिनिधि श्री ब्योमकेश कुमकार ने विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम के सफल संचालन में विद्यालयों एवं आरोग्य दूतों की भूमिका पर प्रकाश डाला। शिक्षा विभाग के पदाधिकारी ने कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु दोनों विभागों के समन्वय की प्रशंसा की एवं शिक्षकों से अपील की कि वे किशोर स्वास्थ्य पर इसी तरह कार्य करते रहें।

डा० सरिता प्रभारी जिला आरकेएसके ने पीयर एजुकेटर कार्यक्रम के बारे में प्रतिभागियों को जानकारी दी। प्रत्येक प्रखण्ड से चयनित कुल 100 आरोग्य दूत शिक्षकों एवं 35 पीयर एजुकटरों को अतिथियों के द्वारा उनके उत्कृष्ठ कार्यों हेतु प्रशस्ति पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। साथिया समूह के द्वारा सोशल मीडिया एवं इंटरनेट के विवेकपूण उपयोग पर एक प्रभावशाली नाटक प्रस्तुत किया गया। चयनित आरोग्य दूतों एवं पीयर एजुकटरों ने अपने द्वारा किये गये प्रयासों का अनुभव साझा किया।

कार्यक्रम के सफल संचालन में जिला स्वास्थ्य समिति सिमडेगा का योगदान रहा एव उक्त कार्यक्रम सभी प्रखण्ड के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, बीपीओ, बीपीएम, सहिया, बीटीटी, युवा मैत्री केन्द के काउसंलर, विद्यालयों के हेल्थ एण्ड वेलनेस मेसेंजर, सहित लगभग तीन सौ प्रतिभागी शामिल हुए।

## किशोर न्याय बोर्ड के सभी हितधारकों की त्रैमासिक बैठक हुई

**लोहरदगा।** बाल अधिकारों की सुरक्षा और किशोर न्याय प्रणाली को और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से 20 मार्च को व्यवहार न्यायालय परिसर स्थित प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डालसा लोहरदगा के कार्यालय कक्ष में किशोर न्याय बोर्ड के सभी हितधारकों की त्रैमासिक बैठक प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डालसा राजकमल मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में बताया गया कि हमारा उद्देश्य किशोर अपराधियों को सजा देने के बजाय उन्हें सुधारने और समाज की मुख्यधारा में वापस लाने पर केंद्रित है। इसके लिए सभी हितधारकों को मिलकर काम करना होगा।

## आग से झुलसने से रसोईया एवं दो छात्राएं हुई घायल

**कोलेबिर।** कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय कोलेबिरा में आग से झुलसने से एक रसोईया एवं दो छात्राएं घायल हो गयी घटना गुरुवार सुबह 6:00 बजे की है । रसोईया किरण कुमारी किचन में छात्राओं के लिए नाश्ता के लिए इडली बनाने के चलते गैस जल रही थी इसी क्रम में गैस सिलेंडर के रेगुलेटर में अचानक आग लग गई जिसे देख रसोईया किरण कुमारी आग को बुझाने लगी। जिसके चलते उसके हाथ और पैर झुलस गए इसी दौरान विद्यालय के 11वीं की छात्रा ऐश्वर्या सिंह एवं आरती कुमारी पानी लाने बाथरूम जा रही थी दोनों ने देखा किचन के गैस सिलेंडर में आग लगी हुई है और रसोईया किरण कुमारी उसे बुझाने के लिए जूझ रही है। किंतु आग बुझाने के क्रम में दोनों छात्राएं के पैर झुलस गए।इसके बावजूद तीनों ने मिलकर गैस सिलेंडर की आग बुझाई।इधर घटना की जानकारी विद्यालय के वार्डन पूनम साहू को मिला तो उन्होंने ऑटो बुलाकर तीनों घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोलेबिरा भेजा है जहां पर तीनों घायलों का चिकित्सकों के द्वारा प्राथमिक इलाज किया गया।

## कल्याण विभाग के समीप होने वाले धरना अनुमति नहीं होने की वजह से प्रशासन ने लगाई



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** कल्याण विभाग के समीप आदिवासी संयुक्त संगठन के द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया था लेकिन एसडीओ के द्वारा परमिशन नहीं देने के कारण धरना को स्थगित किया गया। गुरुवार की सुबह पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत धरना देने के लिए काफी संख्या में लोग पहुंचे इसी दौरान अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारी पहुंचकर धरना की अनुमति नहीं होने की जानकारी दी ।जिसके बाद धरना देने आए हुए लोगों ने प्रशासन की बात सुनी और धरना नहीं दिया, लेकिन अनुमंडल कार्यालय की ओर से एक दिन पूर्व अनुमति मांगने के बावजूद धारण नहीं देने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए आवाज को दबाने का आरोप लगाया साथ ही संगठन के नेताओं के द्वारा एसडीओ महोदय को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन को लेकर संगठन के नेताओं ने कहा कि मांग पत्र पर कोई कार्रवाई नहीं किया गया तो चरण बद्ध तरीके से आंदोलन किया जायेगा ।आज विभाग और गैर आदिवासी दलालों के मिलीभगत से आदिवासी उप योजनाओं को आदिवासियों का पैसा, आदिवासियों का विकास योजना को बंदरबांट किया जा रहा है ।मौके पर नील जस्टिन बेक, प्रदीप टोप्पो, रिचर्ड तिर्की, अनमोल तिर्की, आनंद बडाईक ,धानो कच्छप, शिशिर टोप्पो, नरेन्द्र साय ,रोशन डुंगडुंग, अमन सोरेंग,ब्रिसियूस सोरेंग, मतियस उल्लू,काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने सदर अस्पताल पहुंच इलाजरत मरीजों से की मुलाकात



**सिमडेगा।** पाकरटांड जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने बुधवार को देर शाम सदर अस्पताल पहुंच वहां इलाजरत मरीजों से मुलाकात की। मौके पर अस्पताल में भर्ती बिशप मुरेल बिलुंग की भाभी जयमणि बिलुंग का हाल चाल जाना। मौके पर चिकित्सकों ने उसका प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए रेफर किया। इस पर जोसिमा खाखा ने उसे रांची स्थित अस्पताल ले जाने के लिए एम्बुलेंस की व्यवस्था कराई। साथ ही हर सम्भव सहयोग का भरोसा जताया। उन्होंने उनके जल्द स्वास्थ्य लाभ की कामना की। अस्पताल पहुंची जोसिमा ने भी इलाजरत केरसई के सराइजोर निवासी जोहान डुंगडुंग एवं टांगी के वार से घायल केरसई निवासी डोमनिक खेस से भी मुलाकात की। साथ ही उन्होंने चिकित्सको को बेहतर इलाज करने का निर्देश दिया। जोसिमा ने दोनों के इलाज में हर सम्भव मदद करने का भरोसा देते हुए दोनों के जल्द स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

## गिरदा ओपी परिसर में रामनवमी, ईद एवं सरहुल पर्व को लेकर शांति समिति की हुई बैठक



नवीन मेल संवाददाता

**बानो।** गिरदा ओपी में रामनवमी,ईद और सरहुल पर्व को लेकर विधि व्यवस्था बनाए रखने हेतु शांति समिति की बैठक हुई। इस अवसर पर मुख्य रूप से अंचलाधिकारी रवि भूषण प्रसाद मुख्य रूप से उपस्थित थे।बैठक की अध्यक्षता ओपी प्रभारी हर्ष कुमार साह ने की।

बैठक में रामनवमी,ईद और सरहुल पर्व शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया।शांति समिति की बैठक में उपस्थित लोगों ने अपनी बात और रामनवमी ईद और सरहुल पर्व के दौरान उत्पन्न समस्याओं को ओपी के समक्ष रखा। लोगों की सुनने के बाद बैठक को संबोधित करते हुए ओपी प्रभारी हर्ष कुमार साह ने कहा कि पर्व के दौरान अफवाह फैलाने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी।

उन्होंने मौके पर कहा कि रामनवमी ईद और सरहुल पर्व खुशियों का त्यौहार है।शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में आपसी मेलजोल और प्रेम भाव से सभी कोई पर्व मनाए।

वहीं पर्व के दौरान किसी भी प्रकार के अफवाह नहीं फैलाने को कहा,सोशल मीडिया में भ्रामक पोस्ट बिल्कुल भी ना करें। अफवाहों से बचें। पर्व के दौरान अगर कोई अफवाह फैलता है तो तुरंत ओपी में सुचित करें। वहीं ईद का भी महीना चल रहा है।

## स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित

### नए सत्र के लिए नामांकन शुरू



**सिमडेगा।** शहर के सैंपूर स्थित ब्रिलिएंट्स हाई स्कूल में गुरुवार को वार्षिक परीक्षा के परिणाम घोषित किए गए। विभिन्न कक्षाओं में विद्यार्थियों ने 85 और 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य गोरखनाथ सिंह ने सभी विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। बताया गया कि कक्षा लोअर में आसमां कुमारी, अपर में रेशमा कुमारी, वन में अमन कुमार दास, टू में कृपा किड़ो, थ्री में असफिया नाज, फोर में अवनीत एक्का, फाइव में नव्या सिंह, सिक्स में माही कुमारी और सेवन में दीपिका कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया ।बताया गया कि कक्षा 8 और 9 में भी विद्यार्थियों के अच्छे अंक प्राप्त करने की उम्मीद है। प्रधानाचार्य ने बताया कि नए सत्र के लिए कक्षा लोअर से लेकर कक्षा 9 तक नामांकन जारी है। इच्छुक अभिभावक कार्यालय अवधि में संपर्क कर सकते हैं।

## विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस के मौके पर सदर अस्पताल से निकाली गई जागरूकता रैली

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** विश्व मुख्य स्वास्थ्य दिवस के मौके पर सिमडेगा सदर अस्पताल परिसर से गुरुवार की सुबह जागरूकता रैली निकाली गई। रैली को सिमडेगा सिविल सर्जन डॉक्टर रामदेव पासवान के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया रैली में मुख्य रूप से सिमडेगा सदर अस्पताल एएनएम ट्रेंनिंग स्कूल की छात्राएं एवं शहरी क्षेत्र के सभी स्वास्थ्य सहयोग उपस्थित रहे ।इस मौके पर जानकारी देते हुए सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान ने कहा मुंह के स्वास्थ्य पर हमें विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है जिससे कि किसी प्रकार की कोई भी बड़ी बीमारी ना हो सके उन्होंने यह भी कहा मजबूत दांत व स्वस्थ मसूड़े खूबसूरती में चार चांद लगाने के साथ आपको निरोगी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।मुंह के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से हर साल 20 मार्च को वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे बनाया जाता । इस साल वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे की थीम है 'हैप्पी माउथ इज ए हैप्पी माइंड' । उन्होंने कहा कि मुंह को स्वस्थ रखने के लिए हमें गुटखा पान मसाला खैनी सहित मादक चीजों का भी प्रयोग करने की से परहेज करने की आवश्यकता है ,जिससे कि मुंह का स्वास्थ्य अच्छा रहे इससे कैंसर जैसी बड़ी घातक बीमारी नहीं होगी रैली सिमडेगा शहर क्षेत्र के महावीर चौक कचहरी होते हुए पूरे शहर का भ्रमण करने के बाद पुनः सदर अस्पताल पहुंची जहां पर इसका समापन किया गया।

### क्रिकेट एसोसिएशन सिमडेगा के खिलाफ अल्पसंख्यक कांग्रेस के द्वारा दिया गया धरना

# सिमडेगा जिला टीम के नाम पर दूसरे राज्य के खिलाड़ी का संगठन करती है चयन : रावेल

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** सिमडेगा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के खिलाफ सिमडेगा अल्पसंख्यक कांग्रेस की ओर से गुरुवार को नगर परिषद कार्यालय सिमडेगा के समीप एक दिवसीय धरना दिया गया। इस मौके पर अल्पसंख्यक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रावेल लकड़ा की अगवाई में धरना प्रदर्शन किया गया, इस मौके पर क्रिकेट एसोसिएशन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। मौके पर रावेल लकड़ा ने कहा कि सिमडेगा जिसे हम खेल की नर्सरी और खेल नगरी के रूप में जानते हैं ,जहां के दर्जनों खिलाड़ी फुटबॉल हॉकी एवं ने खेलों में पूरे विश्व भर में डंका बज रहे हैं ।लेकिन रही बात जब क्रिकेट की आती है तो यहां के बच्चों का हक अधिकार को छीनकर संगठन के पदाधिकारी के द्वारा दिल्ली मुंबई हरियाणा सहित अलग-अलग राज्य के खिलाड़ियों





का सिमडेगा के नाम से चयन करते हुए गलत तरीके से उन्हें भेजा जाता है ,जिसकी वजह से यहां के बच्चों का हक अधिकार को मार लिया जा रहा है ।जो की अल्पसंख्यक कांग्रेस बर्दाश्त नहीं करेगी। मौके पर उपस्थित प्रदीप केसरी ने कहा कि हर बार लगातार संगठन की आड़ में कुछ लोगों के द्वारा मनमाना तरीके से यहां के खिलाड़ियों के प्रतिभा को दबाने का प्रयास कर रहे हैं ,जो कि बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सड़क से लेकर सदन तक लगातार आंदोलन जारी रहेगी। मौके पर उपस्थित विष्णु साहू ने कहा की कई बार आवाज उठाने के बावजूद संगठन अपनी हथधर्मिता का प्रयोग करते हुए लगातार मनमानी करने पर लगी हुई है ,जिसे देखने वाला कोई नहीं ।पिछले दिनों संगठन के अध्यक्ष द्वारा बताया गया था कि प्रत्येक टीम में काम से कम चार खिलाड़ी सिमडेगा जिले के चयन करते हुए भेजा जाएगा ।लेकिन सिर्फ वह हवा हवाई साबित हुई ।धरातल पर जमीनी हकीकत कुछ और रही। यहां के खिलाड़ी जो खेलने के लिए इच्छुक है ।वह सामने भी आए लेकिन उन्हें टीम में चयन नहीं करते हुए दूसरे राज्यों के खिलाड़ी का चयन करते हुए सिमडेगा के नाम से भेज दिया गया जो की कटी पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। 6 लाख से अधिक की आबादी वाला सिमडेगा जिला में प्रतिभा की कमी नहीं है लेकिन संगठन की लापरवाही की वजह से और उनकी साठगांठ की वजह से यहां के बच्चों का चयन नहीं हो पता है ,नहीं तो यहां के बच्चे देश-विदेश में जाकर क्रिकेट के क्षेत्र में भी अपना नाम रोशन करते। इसके अलावा कहीं अन्य वक्ताओं ने भी अपनी-अपनी बातें रखते हुए क्रिकेट एसोसिएशन के खिलाफ जमकर मुर्दाबाद के नारे लगाए गए। इस मौके पर अल्पसंख्यक कांग्रेस के सैकड़ो की संख्या में महिला एवं पुरुष कार्यकर्ता उपस्थित रहे तथा इसके अलावा कई क्रिकेट प्रेमी एवं शहर के आम लोग भी इस धरना शामिल हुए।

## गिरदा ओपी परिसर में थाना दिवस का आयोजन किया गया

**बानो।** गिरदा ओपीपरिसर में गुरुवार को थाना दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से अंचलाधिकारी बानो रवि भूषण प्रसाद,ओपी प्रभारी हर्ष कुमार साह और,सीआई विल्सन केरकेट्टा राजस्व निरीक्षक मिथिलेश कुमार गुप्ता उपस्थित थे ।उन्होंने लोगों की जमीन संबंधित विवादों को सुनते हुए उन्हें आपसी समझौते के आधार पर सुलझाने का प्रयास किया। मौके पर पुलिस अधिकारी और अंचल कर्मी भी उपस्थित थे। थाना दिवस के अवसर पर ग्रामीणों के द्वारा जमीन विवाद से संबंधित कुल छः आवेदन मिला जिसपर सुनवाई की गई एवं 03 मामले का निष्पादन किया गया ।इस अवसर पर सीओ रवि भूषण प्रसाद और गिरदा ओपी प्रभारी हर्ष कुमार साह ने जानकारी देते हुए कहा कि उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार थाना में थाना दिवस मनाया जाना है और इसमें विभिन्न मामलों का निपटारा किया जाएगा। अंचलाधिकारी रवि भूषण प्रसाद ने जानकारी देते हुए बताया कि जिसमें सभी मामलों की सुनवाई की गई एवं तीन मामले का निष्पादन किया गया वहीं अन्य मामलों के निष्पादन के लिए अगली तिथि दी गयी।

## बानो में जंगल में लगाए गए आगे की वजह से जंगल को हो रहा है नुकसान

**बानो ।** कुछ दिनों बाद सरहुल का पर्व आने वाला है ।सरहुल पर्व से सीधा संबंध सखुवा पेड़ पौधों से है परन्तु आज झारखंड के लोग अपने को आदिवासी व मूल वासी कहलाने से थकते नहीं है ।जंगलों में लगा रहे हैं ।ग्रामीण महुआ चुनने के नाम पर आस पास के जंगलों में आग लगा रहे हैं ।जिससे जंगलों में उगे छोटे बड़े पौधे जल कर नष्ट हो रहे हैं ।साथ ही कई छोटे -बड़े जीव जन्तु भी आग के चपेट में आकर मर जा रहे हैं ।वन विभाग द्वारा हर वर्ष लोगों से अपील की जाती है कि जंगल में आग न लगाएं। कुछ दिनों बाद सरहुल का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा परन्तु स्टेशन रोड बानो स्थित सरना स्थल में भी अज्ञात लोगों ने आग लगा दी है जिससे सूखे पत्तियों के साथ साथ पौधे भी जल कर नष्ट हो गये।

# भाजपा में मंडल अध्यक्ष को लेकर रायशुमारी, दो फाड़ में दिखे कार्यकर्ता

**नवीन मेल संवाददाता। गावां**
गावां में भाजपा के मंडल अध्यक्ष के चयन के लिए गुरूवार को रायशुमारी का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं का दो गुट अलग अलग बैठक कर रायशुमारी के लिए जिला से प्रतिनियुक्त पर्यवेक्षक तिसरी के भाजपा नेता मनोज यादव और महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष उषा कुमारी का इंतजार कर रहे थे। बता दें कि गुरूवार को आयोजित रायशुमारी के लिए गावां मंडल अध्यक्ष चंद्रशेखर के द्वारा भाजपा के व्हाट्सएप ग्रूप में बैठक की सूचना दी गई थी, जिसमें रायशुमारी के लिए बैठक का आयोजन गावां



बाईपास रोड़ स्थित बबलू साहा के आवास में कार्यकर्ताओं को जुटने का आह्वान किया गया था। मंडल अध्यक्ष के सूचना पर कार्यकर्ताओं का एक गुट बाईपास रोड़ स्थित बबलू साहा के आवास में जमा होकर बैठक शुरू कर दिया। ववहीं भाजपा मंडल अध्यक्ष चंद्रशेखर, विधायक प्रतिनिधि मुन्ना सिंह समेत कार्यकर्ता का एक और गुट मुन्ना सिंह के आवास पर बैठक कर रहे थे। मंडल अध्यक्ष की रायशुमारी को लेकर दो-दो जगह अलग-अलग बैठक होने से उहाफोह की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। हालांकि बाद में रायशुमारी के लिए प्रतिनियुक्त पर्यवेक्षक मनोज यादव की पहल पर बबलू साहा के आवास पर बैठक कर रहे कार्यकताओं को फोन पर बातचीत कर उन्हें मुन्ना सिंह के आवास पर आयोजित बैठक में बुलाया और रायशुमारी की बैठक को सम्पन्न करवाया।

**मंडल अध्यक्ष के लिए 4 नामों का प्रस्ताव :** गावां मंडल अध्यक्ष के लिए आयोजित रायशुमारी में कुल चार नामों का प्रस्ताव आया है। जिसमें वर्तमान मंडल अध्यक्ष चंद्रशेखर, विधायक प्रतिनिधि मुन्ना सिंह, समेत अंकज सिंह और सागर चौधरी का नाम शामिल है।

**बैठक में ये थे मौजूद :** रायशुमारी के लिए आयोजित बैठक में मनोज सिंह, अनरूपा देवी, नवल किशोर सिंह, विशाल पांडेय, बबलू साहा, संदीप सिंह, पवन सिंह, मुखिया अजय कुमार, सरयू पासवान, राजकुमार यादव, संजय पासवान, प्रसादी पंडित, नवनीत सिंह, राजेश तुरी, अनिल राम समेत दर्जनों भाजपा के कार्यकर्तागण मौजूद थे।

## जोड़ापोखर से साइबर ठग गिरफ्तार, नौकरी दिलाने के नाम पर करता था ठगी

**धनबाद।** धनबाद पुलिस ने कंसल्टेंसी संस्था के नाम पर साइबर ठगी में शामिल आरोपी आयुष कुमार शर्मा को गिरफ्तार किया है. उसकी गिरफ्तारी जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के डिगवाडीह स्थित सीआरओ कॉलोनी के क्वार्टर नंबर एत्र4 स्थिति उसके आवास से हुई. आयुष ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि वह प्रेरणा कन्सटेंसी नामक संस्था चलाता है. इस संस्था के माध्यम से वह लोगों से रिजल्ट सुधरवाने, अच्छे कॉलेजों में एडमिशन व नौकरी दिलवाने के नाम पर ठगी करता था.

## न्यूज बॉक्स

### जलापूर्ति सुनिश्चित करने को लेकर उपायुक्त के निर्देश पर तीव्र गति से हो रहा मरम्मती कार्य



**रामगढ़।** गर्मी के मौसम में जिले वासियों को जलापूर्ति सुनिश्चित करने को लेकर उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार द्वारा विशेष आदेश दिया गया है जिसके तहत रामगढ़ जिला अंतर्गत प्रत्येक पंचायत में तीन-तीन कुल 316 जलापूर्ति योजनाओं यथा नलकूप, डीप बोरिंग, जलमिनार की मरम्मती कराई जानी है। इसके लिए उपायुक्त द्वारा 7 मार्च 2025 को दिए गए आदेश के अनुसार 25 दिनों के अंदर मरम्मती कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है। उपायुक्त के निर्देश के आलोक में सभी प्रखंडों में मरम्मती कार्य शुरू हो गया है वहीं, प्रखंड स्तरीय अधिकारियों द्वारा इसकी मॉनीटरिंग की जा रही है एवं समय-समय पर इससे संबंधित प्रतिवेदन जिला स्तर पर उपलब्ध कराया जा रहा है।

### पीएम-एफएमई योजना का लक्ष्य हर हाल में 31 मार्च तक पूरा करें : डीसी



**धनबाद।** धनबाद के डीडीसी सादात अनवर की अध्यक्षता में गुरुवार को डीसीसी व डीएलआरसी की तिमाही बैठक हुई. बैठक में जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक ने जानकारी दी कि जिले में पीएम-एफएमई के 383 लक्ष्य के मुकाबले बैंकों द्वारा केवल 119 आवेदनों को स्वीकृति दी गई है. इस पर डीडीसी ने नाराजगी जताते हुए सभी बैंकों को 31 मार्च तक लक्ष्य पूरा करने का निर्देश दिया. डीडीसी ने कहा कि पीएम-एफएमई केंद्र सरकार की फ्लैगशिप योजना है, जिस पर सरकार का विशेष ध्यान है. उन्होंने सभी बैंकों को जन धन खातों में आधार सीडिंग और मोबाइल सीडिंग की प्रक्रिया की समीक्षा करते हुए इसे सुनिश्चित करने का निर्देश दिया. प्रधानमंत्री मुद्रा योजना में बैंकों के प्रदर्शन को सराहा गया. साथ ही इसमें और प्रगति की आवश्यकता जताई गई. वहीं किसान क्रेडिट कार्ड की असंतोषजनक स्थिति पर डीडीसी ने बैंकों को कड़ी फटकार लगाई और 31 मार्च तक सभी लंबित आवेदनों का निष्पादन करने का निर्देश दिया.

# अवैध कोयला लदे तीन ट्रक पकड़ाए चालक व उपचालक गिरफ्तार



**बरही ।** अपराह्न 3.10 बजे जीटी रोड करियातपुर स्थित आवासीय अनुसूचित जनजाति विद्यालय के समीप अवैध कोयला लदा तीन ट्रक बरही पुलिस ने जब्त किया. उक्त जानकारी देर संध्या इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी आभाष कुमार ने प्रेस बयान जारी कर दी. जारी बयान के अनुसार पुलिस ने एनएच 19 स्थित नई टांड़ के समीप वाहन चेकिंग के दौरान धनबाद से बिहार की ओर जा रही बिना कागजात के कोयला से लदा तीन ट्रक संख्या जेएच10बीएन-7198, जेएच12ई-7992-7992 और बीआर06जीडी-3146 जब्त किया. इस दौरान ट्रक संख्या बीआर06जीडी 3146 के चालक तथा उपचालक को गिरफ्तार किया गया. सभी जब्त वाहनों को बरही थाना लाया गया और विधिसम्मत प्राथमिकी दर्ज करते हुए गिरफ्फतार दोनो व्यक्तियो को जेल भेजा गया.

## झाड़ियों में लगी आग, ग्रामीणों की सूझ-बूझ से जलने से बचा गांव



**जादूगोड़ा।** पूर्वी सिंहभूम जिले के जादूगोड़ा से सटे बालीजुडी गांव जलने से बच गया. महुआ चुनने की लेकर किसी ने गांव के पास झाड़ियों में आग लगा दी. आग को लपटें इतनी तेज थीं कि खेत-खलियान होते हुए आग गांव के करीब तक पहुंच गई. आग बढ़ती देख स्थानीय मुखिया बिदेन सरदार, सामाजिक कार्यकर्ता अनिल मुर्मू, लक्ष्मण हेंब्रम, रघुनाथ हंसदा. कृष्णा मुर्मू, बंगल मुर्मू, सोनामुनि मुर्मू, कारू सोरेन सहित अन्य ग्रामीण मौके पर पहुंचे और झाड़ियों में लगी आग को तत्परता से बुझा दिया, जिससे गांव जलने से बच गया.

## डीआरडीए निदेशक ने जनता दरबार में 27 मामलों पर की सुनवाई

**बोकारो।** बोकारो की डीआरडीए निदेशक मेनका ने जिला समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याएं सुनीं. जनता दरबाद में शहर सहित दूर-दराज के क्षेत्रों से कुल 27 लोग पहुंचे थे. निदेशक ने बारी-बारी से सभी की समस्याएं सुनीं. कुछ मामलों का ऑन द स्पॉट निबटारा किया. बाकी आवेदनों को संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित करते हुए अविलंब जांच कर समाधान करने का निर्देश दिया.जनता दरबार में भूमि अतिक्रमण, सामान्य शाखा, भूमि पर कब्जा सहित अन्य विभागों से जुड़े मामले आए. मौके पर अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा पीयूष, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे.

### रजिस्टर टू की प्रामाणित प्रतिलिपि की मांग को लेकर किजपा ने किया सड़क जाम

# 6 घंटे रहा जाम, एसडीपीओ के पहुंचने पर हटाए गए जाम

*जाम हटाने में प्रशासन को हुई भारी फजीहत, जाम करने वाले कुछ लोग हिरासत में लिए गए, वानहों की लंबी कतार लगी थी*



**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी (गिरिडीह)**
रजिस्टर टू की प्रमाणित प्रतिलिपि की मांग को लेकर किसान जनता पार्टी लंबे समय से आंदोलन कर रही है। अपनी मांगों को लेकर गुरुवार को एक बार फिर किसान जनता पार्टी ने तिसरी -गिरिडीह मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। किजपा के लोग तिसरी चौक स्थित सिदो कान्हू स्मारक के पास एकत्रित हुए जहां से डुगडूगी और मांदर लेकर जुलूस के रूप में नारेबाजी करते हुए दोपहर 1 बजे मुख्य मार्ग स्थित पुल पर पहुंचे, जहां सभी सड़क पर ही धरने पर बैठ गए। जिसके बाद पुलिस इंस्पेक्टर पासकल टोप्पो मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास किया लेकिन धरने पर बैठे लोग मानने को तैयार नहीं थे। किसान जनता पार्टी के लोगों ने आरोप लगाया कि रिश्वत नही मिलने की वजह से तिसरी अंचल द्वारा रजिस्टर टू की प्रमाणित प्रतिलिपि नहीं दी जा रही है। प्रदर्शन में पार्टी के नीलम कुमारी, बड़की टुडू, हीरामनी बास्के, सरिता मरांडी,पानो हेमब्रोम, अक़्ली हांसदा, सुनिता मरांडी, मंजू सोरेन सहित काफी संख्या में महिला व पुरुष शामिल थे। सड़क जाम हटाने के लिए तिसरी के थानाप्रभारी नंदजी राय,हीरोडीह थाना प्रभारी धर्मेंद्र अग्रवाल,गांवा थाना प्रभारी अभिषेक कुमार,समेत 4 थाना प्रभारी व महिला व पुरुष पुलिसकमीर्यों ने लोगो को समझाने का भरसक प्रयास किया लेकिन लोग मानने को तैयार नहीं थे। जिसके बाद सीओ अखिलेश प्रसाद मौके पर पहुंचे और प्रतिलिपि के लिए दिए गए आवेदन में त्रुटि होने की बात कही। उन्होंने कहा कि आवेदन में फॉर्म 17 भरकर देना अनिवार्य है। धरने पर बैठे लोगों को सीओ ने कहा कि फॉर्म 17 भरकर देने पर सारी जानकारी दी जायेगी। हालांकि सीओ के बात को धत्ता बताते हुए लोगो ने सड़क जाम हटाने से मना कर दिया । लोगों का कहना था कि गांडेय, बगोदर और जमुआ अंचल से जब प्रतिलिपि दे दी गई है तो तिसरी अंचल से देने में क्या समस्या है। लिहाजा 5 घंटे बीतने के बावजूद सड़क पुरी तरह जाम रहा और उक्त सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई थी। इस दौरान स्थानीय लोगो ने भी सड़क जाम का विरोध किया, जिसको लेकर धरने पर बैठे लोगों और स्थानीय लोगों में तू तू मैं मैं भी हो गई।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
एन0आर0ई0पी0–1, राँची
**शुद्धि–पत्र**

इस कार्यालय के निविदा आमंत्रण सूचना सं0 57/2024–25 जिसका पी0आर0 नं0 – 348529 NREP(24–25)D के Group-13 लापुंग प्रखण्ड के विभिन्न आँगनबाड़ी केन्द्रों में शौचालय निर्माण कार्य एवं आँगनबाड़ी केन्द्रों में पेयजल की व्यवस्था हेतु, जिसका परिमाण विपत्र की राशि भूलवश 25,00/- रुपये हो गया है जिसे आंशिक सुधार करते हुए 5000/- किया गया है। परिमाण विपत्र की राशि 2500/- के स्थान पर 5000/- पढ़ा जाय।

निविदा की अन्य शर्तें यथावत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता
एन0आर0ई0पी0–1 राँची।

PR 348862 NREP(24-25)D


## जर्जर सड़क को ले पंसस के नेतृत्व में हुई बैठक, ग्रामीणों ने की नारेबाजी



**गावां गिरिडीह।** गावां प्रखंड स्थित सांख पंचायत के बेन्द्रो में ठाकुर बाबा बलि स्थान व उच्च विद्यालय को जोड़ने वाली सड़क को जर्जर रहने को ले ग्रामीणों की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान ग्रामीणों ने विभाग, सांसद व विधायक के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मौके पर उपस्थित पंसस अखलेश यादव ने कहा कि ठाकुर बाबा के पूजन स्थल में गिरिडीह व कोडरमा जिले के अलावा बिहार के सीमावर्ती इलाकों के लोग भी पूजन के लिए पहुँचते है। लेकिन मुख्यपथ से पूजनस्थल तक सड़क की स्थिति काफी जर्जर है। इसके अलावा बनवासी उच्च विद्यालय की स्थिति भी काफी खराब है। गांव से लगभग पांच किलोमीटर सड़क के जर्जर रहने से लोगो को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। पथ में अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती है। उन्होंने जिले के वरीय अधिकारियों से उक्त संबन्ध में पहल की मांग की है। कहा कि यदि समस्या का समाधान नही हुआ तो ग्रामीण आंदोलन को बाध्य हो जाएंगे। मौके पर विजय यादव, महेंद्र यादव, मनीष कुमार एवं कृष्णा यादव समेत कई लोग उपस्थित थे।

# परसुडीह में चालक की हत्या मामले में छह लोग गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**
जमशेदपुर शहर के परसुडीह थाना क्षेत्र के गदड़ा में एक ड्राइवर संजय कुमार श्रीवास्तव की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी. मृतक की बेटी सुप्रिया श्रीवास्तव के बयान पर परसुडीह थाने में संतोष प्रसाद, आनंद प्रसाद, पूजा प्रसाद, सुनीता, संजू देवी, आयुष, रोशन, रोहित, संतोष के मामा-मामी, आयुष के माता-पिता और संतोष के मौसा-मौसी के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया गया है. इस मामले में पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. आरोपियों में आनंद प्रसाद, रोहित प्रसाद, अंजू देवी, संजू देवी, सुनीता साह व आयुष प्रसाद शामिल हैं. ज्ञात हो कि ड्राइवर संजय कुमार श्रीवास्तव सोमवार की रात करीब नौ बजे अपने घर के बाहर खड़े थे. आरोप है कि



तभी उनके पड़ोसी संतोष और उसके परिवार के पहुंचे और संजय को पीट-पीटकर अधमरा कर दिया. बेटी सुप्रिया ने किसी तरह पिता को घर लाकर बचाया. इसके बाद उन्हें टाटा मोटर्स अस्पताल ले जाया गया, जहां मंगलवार को उनकी मौत हो गई. पुलिस ने इस मामले में छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया. अन्य आरोपी फरार हैं. उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है.

## बलियापुर में 66 एकड़ वन भूमि पर अवैध ओबी डंपिंग, कंपनी पर होगी कार्रवाई

**धनबाद।** धनबाद जिले के बलियापुर अंचल के सुरंगा में करीब 66 एकड़ वन भूमि पर अवैध डइ डंपिंग का मामला सामने आया है. बीसीसीएल लोदना एरिया और उसकी आउटसोर्सिंग कंपनी अळ देवप्रभा ने बिना सरकार के एनओसी के उक्त वन भूमि पर ओबी डंपिंग का काम शुरू कर दिया. इसका खुलासा बलियापुर सीओ प्रवीण कुमार सिंह व रेंजर की संयुक्त जांच में हुआ. जांच में पता चला कि इन कंपनियों ने वन भूमि पर ओबी डंप कर वन संरक्षण अधिनियम 1980 का उल्लंघन किया है. इससे जंगल का नुकसान हुआ है. जांच में अंचल के अमीन अंगद पंडित व अन्य कर्मचारी भी शामिल थे. वन विभाग ने अवैध ओबी डंपिंग के मामले में कंपनी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी है.


## कार्यालय नगर पंचायत, खूँटी

पत्रांक: 557 खूँटी, दिनांक 19.03.2025

**Corrigendum**
**E-Procurement Notice**
**E-Tender Reference No. KNP/11/2024-25**
**(PR. No. 348383 Urban Development 24-25)**

**Name of the Work:** Construction & Commissioning of Faecal Sludge Treatment Plant of Capacity 13 KLD at Khunti Town (Jharkhand) followed by Operation and Maintenance including desludging operations for 5 years

| Sl.No. | Particulars | Date | Corrigendum Date |
|---|---|---|---|
| 1. | Bid submission end date | 21.03.2025 at 3.00 PM | 25.03.2025 at 3.00 PM |
| 2. | Bid opening date (online) | 22.03.2025 at 3.00 PM | 26.03.2025 at 3.00 PM |

**Complete bid document is available on website http://jharkhandtenders.gov.in)**

ह0/–
प्रशासक,
नगर पंचायत, खूँटी।

PR 348858 (Urban Development) 24-25 (D)


## डीएसओ ने किया एफसीआई गोदाम का निरीक्षण



**गांडेय,गिरिडीह।** गिरिडीह जिला आपूर्ति पदाधिकारी गुलाम समदानी ने गुरुवार को गांडेय प्रखंड स्थित एफसी आई गोदाम का डी एस ओ गुलाम समदानी ने गुरुवार को निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गोदाम की स्टांक पंजी, अनाज की मात्रा सहित अन्य चीजों का निरीक्षण किया। उन्होंने एजीएम सहित अन्य लोगों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिया। बातचीत के दौरान डीएसओ ने कहा कि एफसीआई गोदाम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में सभी चीजे योग्य पाई गई । बंद पड़े वजन मशीन को चालू किया जाएगा गोदाम को साफ- सुथरा रखा गया है, अनाज को अच्छी तरीके से रखा गया है। डीएसओ ने कहा कि 1000 क्षमता वाले उक्त गोदाम में और भी सुविधा के लिए विचार किया जाएगा । गोदाम की आधुनिकता को बढ़ाया जाएगा। इस तरह के जिले के अन्य प्रखंडों में भी गोदाम का निर्माण किया जाएगा गोदाम में काम करने वाले मजदूरों को भी बेहतर सुविधा देने के लिए विचार किया जाएगा। मौके पर एजीएम सुभाष चंद राम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## रैयतों ने भारतमाला सड़क परियोजना का काम रोका

**कसमार।** भारतमाला परियोजना अंतर्गत जैनामोड़-गोला- ओरमांझी सेक्शन के जरीडीह प्रखंड के बहादुपुर में रैयतों ने सोमवार को रोक दिया. सूचना मिलते ही जिला प्रशासन के अधिकारी सक्रिय हुए. बेरमो एसडीओ मुकेश मछुआ ने रैयतों के साथ वार्ता कर काम में व्यवधान नहीं डालने की अपील की. कहा कि सरकारी प्रावधान के अनुसार उन्हें उचित मुआवजा दिया जाएगा.

## सुरजुडीह में कुरबान अली शाह की मजार पर चादरपोशी के साथ उर्स शुरू

**बोकारो।** कसमार प्रखंड मुख्यालय से सटे सुरजुडीह में हजरत दाता कुरबान अली शाह के सालाना उर्स के पहले दिन गुरुवार को हजारों लोगों ने चादरपोशी कर मत्था टेका. इस दौरान झारखंड, पश्चिम बंगाल के सैकड़ों गांवों से पहुंचे लोगों ने चादरपोशी कर अपने परिवार की सलामती की दुआ मांगी. इससे पूर्व हजरत दाता कुरबान अली शाह के पुश्तैनी घर से सैकड़ों मुरीद गाजे-बाजे व कव्वाली के साथ संदली चादर के साथ मजार पर आए और चादरपोशी की शुरूआत की.बताया गया कि लगातार दो दिन तक उर्स के मौके पर हजरत दाता कुरबान अली शाह की मजार पर चादरपोशी होगी. गुरुवार की जलसा व शुक्रवार की रात कव्वाली का भी आयोजन होगा. मौके पर मौलाना रुहूल होदा, हाजी समसुल होदा, कलीमुल्लाह, हाजी बहारशफी चिश्ती, गुलाम साबिर, अनवर सफी, अशरफ, अब्दुल गनी, फारुख अंसारी, आरिफ हुसैन, नसरुल होदा, अजीज अंसारी, महमूद आलम, सगीर आलम, तस्लीम अंसारी, कुमेल अंसारी व अन्य लोग मौजूद थे.

### विधानसभा में हजारीबाग और झारखंड के विकास से जुड़े अहम मुद्दे उठाए गए

# सरकार से जल्द समाधान की मांग



### 132 करोड़ की लागत से बन रहे ग्रिड सब-स्टेशन का निर्माण अटका

हजारीबाग में 132 करोड़ रुपये की लागत से नया ग्रिड सब-स्टेशन बनाया जा रहा है, जिससे क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बेहतर होगी और बार-बार बिजली कटौती की समस्या दूर होगी। लेकिन इस परियोजना का निर्माण कार्य वन भूमि के हस्तांतरण में देरी के कारण रुका हुआ है। जनता की सुविधा और क्षेत्र के विकास को ध्यान में रखते हुए, सरकार से वन भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने की मांग की गई है। इस परियोजना के लंबित रहने से स्थानीय निवासियों को लगातार बिजली आपूर्ति बाधित होने की समस्या झेलनी पड़ रही है। यदि जल्द ही आवश्यक मंजूरी नहीं दी गई, तो यह परियोजना अनावश्यक देरी का शिकार हो सकती है, जिससे क्षेत्र के विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने झारखंड विधानसभा के सत्र के दौरान हजारीबाग और राज्य के विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों को सरकार के समक्ष रखा गया। इन विषयों पर सरकार से जवाब मांगा गया, जिससे कई गंभीर समस्याएं उजागर हुईं। सरकार से इन मुद्दों पर त्वरित समाधान की मांग की गई, ताकि जनता को उनके अधिकारों का लाभ जल्द मिल सके। हजारबाग को विकास के पथ पर ले जाना हम सभी का कर्तव्य है। झारखंड में जल संसाधनों के उचित प्रबंधन और किसानों की सिंचाई सुविधाओं को लेकर भी सरकार से जवाब मांगा गया। इस विषय पर चर्चा के दौरान यह जानकारी सामने आई कि राज्य में पूर्व में गठित झारखंड राज्य जल संसाधन आयोग को भंग कर दिया गया था। इस आयोग का मुख्य उद्देश्य जल संसाधनों का प्रबंधन और किसानों को बेहतर सिंचाई सुविधा प्रदान करना था, लेकिन इसके भंग होने के बाद कई महत्वपूर्ण योजनाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। सरकार की ओर से बताया गया कि अब नए जल संसाधन आयोग के गठन की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। यह आयोग जल संरक्षण, सिंचाई सुविधाओं के विस्तार और कृषि विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। लेकिन जब तक यह आयोग पूरी तरह से कार्यशील नहीं हो जाता, तब तक जल संसाधन प्रबंधन और किसानों को उचित लाभ नहीं मिल पाएगा। इसलिए, इस प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने की मांग की गई है, ताकि किसानों को बेहतर सिंचाई सुविधाएं मिल सकें और राज्य में जल प्रबंधन को मजबूत किया जा सके।


## वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, रॉंची

**सर्वसाधारण के लिए सूचना।**



नाम–मुन्ना कच्छप, उम्र–करीब 09 वर्ष, रंग–सॉवला, ऊँचाई–3 फीट 5 ईंच प्हनावा–लाल रंग का टी शर्ट एवं हॉफ पैंट पहन हुए है।

उपरोक्त लापता लड़का मुन्ना कच्छप, पिता–बंधु कच्छप, ग्राम–गांडीगॉव पहान टोली, थाना–खेलगॉव, जिला–राँची जो दिनांक–04.03.2025 को घर से ट्युशन के लिए निकला जो आजतक अपने घर वापस नहीं आए है। जिसके संबंध में खेलगॉव थाना काण्ड संख्या–21/2025 दिनांक–12.03.2025 दर्ज कर खोजबीन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन सधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता लड़का कहीं मिलते/दिखते है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नलिखित फोन नम्बर पर सम्पर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक, सदर, रॉंची। –9431102090
थाना प्रभारी खेलगॉव, रॉंची। –8987790607

पुलिस उप–महानिरीक्षक–सह–
वरीय पुलिस अधीक्षक, रॉंची

PR 348837 (Police) 24-25 (D)

सुप्रभात

विचार प्रवाह

जानबूझकर आप जो भी करते हैं, उसके प्रति सावधान रहें, क्योंकि यदि आपकी इच्छा-शक्ति अत्यंत बलशाली न हुई, तो अवचेतन मन की आदतों को प्रभावित करने की शक्ति के कारण आपको विवशतापूर्वक वही कार्य बारंबार करना पड़ सकता है। - **श्री श्री परमहंस योगानंद**


## संपादकीय

### भारत के कदम चांद पर

इसरो अब चांद के लिए अपने नए मिशन्स की तैयारी में जुटा है। केंद्र सरकार ने इसी कड़ी में रविवार को भारत के चंद्रयान-5 मिशन को मंजूरी दे दी है। चंद्रयान-4 के बाद चंद्रयान-5 मिशन को 2028-29 तक लॉन्च किया जा सकता है। हालांकि, इसकी तारीख का एलान आने वाले चरणों के पूरा होने के बाद किया जाएगा। ऐसे में यह जानना अहम है कि आखिर चंद्रयान-5 मिशन क्या है? इसे लेकर इसरो ने अब तक क्या तैयारी कर ली है? भारत इस मिशन से क्या हासिल करना चाहता है? चंद्रयान-5 की खासियत क्या होगी और यह चांद पर भेजे गए चंद्रयान-3 मिशन से कितना अलग होगा? चंद्रयान-3 मिशन को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने बंगलूरू से लॉन्च किया था। इसके विक्रम लैंडर ने 23 अगस्त 2023 को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास सुरक्षित और सफल सॉफ्ट लैंडिंग की। चांद की सतह पर सुरक्षित लैंड करने वाला अमेरिका, रूस और चीन के बाद भारत चौथा देश बना था, जबकि चांद के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला पहला देश बन गया। सॉफ्ट लैंडिंग के बाद प्रज्ञान रोवर की सफल तैनाती की गई। इस लैंडिंग स्थल को तीन दिन बाद 26 अगस्त को z'शिव शक्ति प्वाइंट' नाम दिया गया था। चंद्रयान-3 मिशन चंद्रयान-2 का ही अगला चरण था, जिसे चंद्रमा की सतह पर उतरकर परीक्षण करने के लिए तैयार किया गया था। इसमें एक लैंडर और एक रोवर शामिल किए गए। विक्रम लैंडर में एक विशेष उपकरण लगाया गया था, जिसका उद्देश्य चंद्रमा की सतह की तापीय चालकता का अध्ययन करना था। इसके साथ ही उपकरण ने चंद्रमा की सतह पर और नीचे अलग-अलग जगहों पर तापमान में अंतर को भी मापा।उपकरण ने चांद के दक्षिणी ध्रुव के बारे में इसरो को एक अहम जानकारी दी। खासकर यहां के तापमान और अगर अंतरिक्ष यात्री वहां जाते हैं तो किस प्रकार का माहौल मिलेगा और वे क्या-क्या सामग्री उपयोग में ला सकता हैं। इतना ही नहीं पेलोड ने दो महीने तक चंद्रमा की परिक्रमा करने वाले प्लेटफॉर्म से पृथ्वी का निरीक्षण किया। इसमें ऑक्सीजन, जल वाष्प और कार्बन-डाई-ऑक्साइड की मौजूदगी दिखाई देती है, जो एक ऐसे ग्रह का संकेत देती है जो जीवन के लिए रहने योग्य है। इतना ही नहीं चंद्रयान-3 मिशन में चांद पर कई तत्वों की मौजूदगी का भी पता लगा। चंद्रयान-5 भारत की अंतरिक्ष एजेंसी- इसरो और जापान की अंतरिक्ष एजेंसी- जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी का साझा कार्यक्रम होगा। इसे लूनर पोलर एक्स्पोरेशन यानी ल्यूपेक्स मिशन नाम दिया गया है।

*चंद्रयान-5 की खासियत क्या होगी और यह चांद पर भेजे गए चंद्रयान-3 मिशन से कितना अलग होगा?*

# सुनीता विलियंस के धरती पर लैंड करते ही उनके घर का पता बदल चुका था!



भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स ड्रैगन अंतरिक्ष यान में सवार होकर पृथ्वी पर वापस आ गई है। यह उनकी घर वापसी है जबकि भारतीय समयानुसार बुधवार तड़के 3.27 बजे फ्लोरिडा के समुद्री तट पर उन्होंने सुरक्षित तौर पर लैंड कर लिया। इस समाचार के सामने आते ही पूरे विश्व में खुशी और संतोष की एक धारा बह निकली है। जिस सुनीता विलियम्स के लिए पूरे विश्व में लगातार कई महिनों से चिंता और दुआ की गई उनका घर टेक्सास के ह्यूस्टन में है। उनके कोई बच्चे नहीं हैं। उनको पालतू जानवरों से बेहद प्यार है। इस घर में कुछ पालतू जानवरों के अतिरिक्त सुनीता के पति भी रहते हैं। जाहिर सी बात है कि ये सभी बेसब्री से उनके सुरक्षित वापसी के इंतजार में थे और परिजनों के साथ साथ पूरा विश्व पलक बिछाकर बैठा नजर आया। इस इंतजार के अपने अलग ही मायने हैं क्योंकि महज नौ दिनों की छोटी सी अंतरिक्ष यात्रा पर निकली यह महिला के विगत कई महीनों से यायावर संयम के प्रदर्शन का ब्रांड एंबेसडर बनकर असाधारण परिस्थितियों से जूझने का एक नायाब कीर्तिमान अपने नाम कर गई।

बताते चलें कि हम मृत्यु को परलोक की यात्रा माननेवाले लोग हैं और बेलाग भाव से इसे "उपर जाने" के तौर पर देखते हैं। सुनीता विलियम्स भी उपर ही तो गई थी जहाँ न पृथ्वी के नियम थे, न उसके विधान थे, न तत्संबंधी आसक्तियां या कायदे कानून प्रभावी थे और न पति, परिजन या पालतू जानवरों का कोई साहचर्य था। इतना ही नहीं, इस यात्रा में उनके पास न कोई मनोरंजन थे, न भौतिक संसाधनों का साथ था और न सूर्यास्त के साथ घर की चारदीवारी का कोई औचित्य रह गया था। इसे किसी दार्शनिक दृष्टिकोण से देखें, एक दावा तो किया ही जा सकता है कि सृष्टि में किसी भी जीव की अजनबी आत्मा के लिए घर की कोई अवधारणा होती ही नहीं है? शायद यही दर्शन सुनीता की नियती बन चुकी थी और इसी नियती के बूते आज की सुनीता इसकी मिसाल बनकर धरती पर वापस आ गई हैं। सुनीता विलियम्स इसके पहले भी अंतरिक्ष का दो दो बार दौरा कर चुकी है। इसके बावजूद कल तक यही महिला अपने पति और कुछेक पालतू जानवरों के साथ ईंट कंक्रीट वाले धरती के एक परिसर को घर मानकर उसे सजाती संवारती रही। आज ऐसा कुछ भी नहीं है क्योंकि इस बार अंतरिक्ष स्टेशन पर वह अनैच्छिक निवास की सहयात्री बनने को मजबूर नजर आई। इस मजबूरी की मजबूती देखिए कि न पति का साथ था, न पालतू जानवरों का कोई स्नेह था और वापसी की कोई निश्चित संभावना ही थी। अंतरिक्ष के यह उनकी पहली यात्रा नहीं थी परन्तु पिछली बार जब 5 जून 2024 को इस अनैच्छिक आवास में धरती के धूप, हवा, पानी, गुरूत्वाकर्षण और तमाम मानवीय संवेदनाओं को ताक पर रख कर उन्होंने यहाँ प्रवेश किया तब तो वह केवल नौ दिनों के लिए यहाँ की मेहमान बनने जा रही थी। विधि का विधान देखिए, यह प्रवाह दो सौ अट्ठासी दिनों तक चलता रहा और जब वह वापस आई तो उनके लिए न पति के पहचान शेष रह गए थे, न पालतू जानवरों के प्रति उनके स्नेह की कोई चर्चा सतह पर थी और न ह्यूस्टन स्थित ईंट कंक्रीट के ढांचे में कोई आकर्षण रह गया था। ऐसा इसलिए कि अंतरिक्ष स्टेशन से जब इस घर के लिए वे चलीं तो उनका पता बदल चुका था और घर की पहचान बदल कर अब "स्ट्रैंडेड एस्ट्रोनॉट" की संज्ञा में शामिल हो चला था। लैंड करते ही धरती के विधान से मुक्त अंतरिक्ष के अस्थाई आवास से उन्हें अब मुक्ति मिल चुकी थी परन्तु धरती की कक्षा में प्रवेश करते ही इस नई पहचान के साथ अब ह्यूस्टन भी उनके लिए एक तरह से अनुभूत और अस्थाई बन चुका था! इसे ठीक से समझने के लिए उस मनोदशा की समझ की ओर जाना पड़ेगा जब महज नौ दिनों में घर वापसी की आस लिए बाहर निकले किसी शख्स को अपने गांव, कस्बे, आबोहवा, रिश्तेदारी, लोकलाज, खान पान और लौटने की अनिश्चित उत्सुकता आदि से बहुत दूर अंतरिक्ष में लहराते किसी कैपसूल में लगभग नौ महिनों तक कैद कर लिया गया हो। सुनीता विलियम्स के साथ कुछ ऐसा ही हुआ है। अंतरिक्ष स्टेशन से उनके द्वारा समय समय पर बहुत सारे वीडियो जारी किये गए हैं और सभी वीडियो सार्वजनिक पटल पर भी हैं। कौतूहल से भरी इस महिला के द्वारा भेजे गए इस भेंट से हमें जीरो ग्रैविटी में ब्रश करनेवाले तरकीब, पानी के बोतल से बाहर निकलते बुलबुलों की गति, अंतरिक्ष में व्यायाम, सोने की प्रक्रिया, खाने पीने की हसरत और भीमकाय नीली गेंद के रूप में पृथ्वी का दर्शन आदि के अनगिनत अनिश्चितताओं का नजारा दिखता रहा और इन्हें देख समझकर हम निरंतर आश्चर्यचकित भी होते रहे। गहरी अनासक्ति, विवेक, वैराग्य आदि के बिना अंतरिक्ष गमन की ऐसी कोई परिकल्पना शायद संभव नहीं हो सकते परंतु सुनीता का कमाल देखिए कि इन संदेशों को जारी करते वक्त उनके मन में अपने घर के लिए किसी तरह के कसक की कोई बात कहीं भी नजर नहीं आई। ऐसा तब जबकि यदि कोई सामान्य सा ज्ञानी होता तो उसे नीली गेंद की शक्ल में दिखाई पड़नेवाले पूरे पृथ्वी को अपने घर की तरह देखने की इच्छा निरंतर उत्पन्न होती रहती। ऐसा कुछ भी नहीं हुआ और यदि ऐसा कुछ हुआ होता तो नौ महिनों के अंदर अंतरिक्ष में नौ सौ घंटों के गहन अध्ययन और बासठ घंटों की स्पेस वाक का रिकॉर्ड बना चुकी सुनीता आज क्या अंतरिक्ष का परित्याग कर वापस नहीं आ पाती।



वस्तुतः वापसी का यह घटनाक्रम इतना सहज सरल नहीं है क्योंकि अंतरिक्ष की यह यात्रा हमारी चेतना, स्मृति और कल्पना से लगातार परे बना रहा। ऐसा इसलिए भी कि यह सबकुछ न मृत्युकुंभ के पार्थिव बोध से मुक्त एक महिला के अंतर्गाथा की कोई कपोल कथा है, न "उपर जाने" की परिक्रमा मार्ग से संबंधित कोई सरल गाथा ही है। संदर्भ देखिए, आज सुनीता ने जब धरती पर पैर रखा तो घर का पता ही बदल चुका था। इस बदलाव की मानें तो इनसे जुड़े "विलियम" के दर्शन और विलक्षण विलियम के "दृढ़रक्षक स्वरूप" की अनुभूति अब उनका नया ठिकाना बनकर सामने आया हुआ है। बहरहाल, सुनीता विलियम्स के कदम आज जब धरती पर हैं तो उनके घर का पता ठिकाना बदल चुका है और उनकी चारदीवारी में अब अंतरिक्ष के दुरूह व दुर्लभ निवास की स्मृतियां भी शामिल हो चुकी है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आज की बात



**केदारनाथ दास**
बसिया, गुमला।

## सरकारी फाइल व घोंघा रेस

सरकारी दफ्तर में एक फाइल थी। बड़ी शरीफ, बड़ी भोली-भाली। उसे क्या पता था कि उसके हिस्से में एक लंबी यात्रा लिखी थी। जब वह पहली बार टेबल पर आई, तो बाबूजी ने उसे ऐसे देखा जैसे कोई जवान लड़की ससुराल में पहली बार देखी जाती है-पूरी जाँच-पड़ताल, संदेह से भरी नजरें और कुछ मीठे वचन, "अभी देख लेते हैं, थोड़ा धैर्य रखो!" धैर्य? फाइल अगर इंसान होती तो इस शब्द का पेटेंट करा लेती। यह सरकारी दफ्तर था, जहाँ घड़ी की सुइयाँ भी सुस्त हो जाती हैं और समय भी पहले चाय, फिर पान और अंत में किसी अफसर की मूड पर निर्भर होता है। बाबूजी ने फाइल को उठाकर एक किनारे रख दिया। वह वहीं से सरकारी दुनिया का स्वाद लेने लगी। बगल की फाइल ने कान में फुसफुसाया, "नवागंतुक हो? चिंता मत करो, तुम्हें घूमने को मिलेगा। यहाँ फाइलें सैर-सपाटे पर निकलती हैं, कभी टेबल से टेबल, कभी अफसर के कमरे से बाबू के दराज में। कभी-कभी तो 'अंदर की बात' समझाने के लिए कुछ हरियाली (रुपये-पैसे) भी चाहिए।" फाइल का रंग उड़ गया। सरकारी दफ्तर की भाषा बड़ी कठिन थी-"अभी प्रक्रिया चल रही है", "जल्द ही विचार किया जाएगा", "संबंधित अधिकारी की स्वीकृति आवश्यक है", और सबसे प्रसिद्ध शब्द-"अभी अनुमोदन बाकी है!" अफसर के कमरे तक पहुँचना फाइलों के लिए वैसा ही था जैसे किसी गाँव के लड़के का आईआईटी क्रैक करना। बाबूजी ने आखिरकार फाइल को उठाया, एक गहरी साँस ली, और अफसर के पास भेजने की सोची। लेकिन तभी उनका फोन बजा-दूसरी तरफ उनकी पत्नी थीं, "आज सब्जी लेते आना।" बाबूजी ने फाइल को फिर से टेबल पर पटक दिया और उठकर चल दिए। फाइल बेचारी फिर से उसी कोने में चली गई, जहाँ से उसने सफर शुरू किया था। यह सरकारी प्रेम था-अनदेखा, अनसुना और अंतहीन! फाइल हफ्तों तक टेबलों की धूल फाँकती रही। हर बार एक नया बहाना मिलता-"अभी व्यस्त हैं", "थोड़ा इंतजार करो", "साहब दौरे पर हैं"। अफसर की मेज पर आने का दिन आया तो साहब ने पहली नजर में ही पहचान लिया कि ये फाइल खुद नहीं आई, बल्कि इसे कोई पीछे से धक्का देकर भेजा गया है। "अच्छा! बहुत जल्दी है?" अफसर मुस्कुराए। उनकी मुस्कान वही थी जो डॉक्टर ऑपरेशन से पहले देता है। फिर एक सिग्नेचर मारने में जितना समय नहीं लगता, उससे ज्यादा समय वे फाइल पर सोचने में लगा देते। "रखो इसे, देख लेंगे!" यह 'देख लेंगे' शब्द सरकारी कसम होता है-जिसे कहने वाला भी जानता है कि वह झूठ बोल रहा है और सुनने वाला भी जानता है कि उसे उल्लू बनाया जा रहा है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**

# वन-संस्कृति को अक्षुण्ण रखना सबसे बड़ी चुनौती

अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस 2025- 21 मार्च, 2025

भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता में वनों का सर्वाधिक महत्व रहा है, वन ऑक्सीजन, भोजन, ईंधन, दवाइयां, सुगंध, कागज़, और कपडे.और कई तरह की चीज़ें देते हैं। वन जहां वैश्विक तापमान को बनाए रखने में मदद करते हैं वहीं वर्षा को नियंत्रित करते हैं। वन भूमि कटाव और बाढ़ पर नियंत्रण रखते हैं तो प्रदूषण को नियंत्रित करते हैं। वन जहां सूखे को नियंत्रित करते हैं वहीं वे कई तरह के जीवों के लिए प्राकृतिक आवास एवं वैज्ञानिक प्रयोगों के लिए जीन कोष का काम करते हैं। हमारी संस्कृति में जो सुन्दरतम और श्रेष्ठतम है, उसका उद्भव इन्हीं वनों में हुआ है। वन जीवन-ऊर्जा के स्त्रोत एवं गति के माध्यम है। हमारे संस्कारों पर नन्दनवन के सौंदर्य और माता सीता के कारण अशोक वन के करुणापूर्ण वातावरण की छाप लगी हुई है और वृन्दावन में भगवान श्रीकृष्ण एवं राधा के प्रेम आच्छादित है। हालांकि, आधुनिक युग में लोभ, लालच एवं संवेदनहीनता से वनों की कटाई तेज़ी से बढ़ गई है, इससे प्रदूषण, मिट्टी का कटाव और जलवायु परिवर्तन जैसी कई जटिल एवं विनाशकारी समस्याएं पैदा हो रही हैं। वनों की कटाई से वनों पर निर्भर लोगों एवं वन्य जीवों का जीवन खतरे में है, इनके स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ रहा है। वृक्षों की नीली छटा के लिए जो प्रेम था, जो शक्ति थी, जो जीवन था, वह कम न हो इसी उद्देश्य से विश्व वानिकी दिवस हर साल 21 मार्च को मनाया जाता है। 2012 में, संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वानिकी के महत्व पर ध्यान केंद्रित करने और जागरूकता फैलाने के लिए इस दिन की स्थापना की। वनों के महत्व और पृथ्वी पर जीवन को बनाए रखने में उनकी भूमिका के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए यह दिवस मनाया जाता है। वर्ष 2025 की थीम है 'वन और खाद्य पदार्थ', जो खाद्य प्रणालियों में वनों की महत्वपूर्ण भूमिका पर ध्यान आकर्षित करता है। इसका उद्देश्य खाद्य सुरक्षा, पोषण और आजीविका में वनों की महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर करना है।



भोजन प्रदान करने के अलावा, वन स्वस्थ मिट्टी को बनाए रखते हुए और जल स्त्रोतों की रक्षा करते हुए ईंधन, आय और रोजगार भी प्रदान करते हैं। इस वर्ष की थीम विश्व की बड़ी शक्तियों एवं नीति निर्माताओं से जलवायु परिवर्तन के केंद्र में वनों को ध्यान में रखते हुए नीतियां बनाने का आग्रह करती है। विश्व वानिकी दिवस का संदेश वर्तमान और भविष्य की पीढ़ियों के लाभ के लिए वनों की सुरक्षा और देखरेख का आह्वान करता है, वनों के संरक्षण के लिये कदम उठाने और सकारात्मक प्रभाव पैदा करने का सुझाव देती है। यह आशा और आशावाद की भावना व्यक्त करता है, लाभकारी परिवर्तन की क्षमता को रेखांकित करता है। इसमें वन संरक्षण के पारिस्थितिक, सामाजिक और आर्थिक पहलू शामिल हैं। जलवायु परिवर्तन से निपटने में वन एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, वे व्यापक कार्बन सिंक के रूप में कार्य करते हैं जो प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया के माध्यम से वायुमंडलीय कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करते हैं। यह तंत्र वैश्विक तापमान को नियंत्रित करने और ग्रीनहाउस गैसों एवं ओजोन को नुकसान के स्तर को कम करने में सहायता करता है। इसके विपरीत, वनों की कटाई से संग्रहित कार्बन वापस वायुमंडल में चला जाता है, जिससे ग्लोबल वार्मिंग और भी बदतर हो जाती है। इसलिए, जलवायु परिवर्तन को कम करने के लिए वनों की रक्षा और उन्हें बहाल करना बहुत जरूरी है। वन पौधों और जानवरों की आश्चर्यजनक विविधता का घर हैं, जो पृथ्वी की स्थलीय जैव विविधता का एक बड़ा हिस्सा बनाते हैं। वे सूक्ष्म कवक से लेकर बड़े स्तनधारियों तक कई जीवों के लिए आवश्यक आवास प्रदान करते हैं। वनों के लुप्त होने से आवास विखंडन और प्रजातियां विलुप्त हो रही हैं, पारिस्थितिकी संतुलन बिगड़ रहा है और पारिस्थितिकी तंत्र की लचीलापन कम हो रहा है। वन केवल लकड़ी के स्त्रोत नहीं हैं, वे भोजन और पोषण के महत्वपूर्ण स्त्रोत भी हैं। वन मानव अस्तित्व और पर्यावरण संतुलन के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की बात



**ललित गर्ग**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

घुआं ठोस हो ले रहा, आकृतियों का रूप।
देश पितामह भीष्म सा, खड़ा सेकता धूप।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# विश्व कठपुतली दिवस 2025 : एक जादुई विरासत का आधुनिक रूप

डिजिटल मंच पर कठपुतलियाँ: कला का पुनर्जागरण

सपनों को धागों में पिरोकर मंच पर जीवंत करने वाली कठपुतली कला का उत्सव-विश्व कठपुतली दिवस-हर साल 21 मार्च को अपने जादुई स्पर्श से हमारे दिलों को मोह लेता है। यह दिन केवल एक तारीख नहीं, बल्कि उस अनमोल कला का सम्मान है, जो सदियों से मानवता की कहानियों को रंगों, भावनाओं और आवाजों के माध्यम से सँवारती आई है। 2003 में यूनियन इंटरनेशनल डे ला मैरियोनेट (यूनिमा) द्वारा शुरू किया गया यह आयोजन कठपुतली कलाकारों की असाधारण सृजनशीलता, उनके असीम जुनून और उस चमत्कार को श्रद्धांजलि देता है, जो उनकी उंगलियों के नाजुक संकेतों से जीवंत हो उठता है। लेकिन 2025 में यह दिन एक अनूठी आभा के साथ चमकेगा। इस बार की थीम "रोबोट, एआई और कठपुतली का सपना" हमें उस रोमांचक संसार की सैर कराएगी, जहाँ परंपरा के धागे तकनीक की चमक से जुड़कर कला के अनदेखे क्षितिज रच रहे हैं। यह अनोखा संगम न केवल कठपुतली कला को नई ऊर्जा से भर देगा, बल्कि इसे भविष्य के मंच पर एक दमकते सितारे की भाँति स्थापित करेगा। एक साधारण लकड़ी का टुकड़ा या कपड़े का ढेर कैसे बोलने लगता है, थिरकने लगता है और कहानियों को जीवंत कर देता है? कठपुतली कला वह जादुई करिश्मा है जो निर्जीव में प्राण फूँक देती है। प्राचीन मिस्त्र के मकबरों से लेकर भारत के गाँवों की मिट्टी तक, यह कला हर सभ्यता की आत्मा में रची-बसी रही है। भारत में यह कला एक जीवंत धरोहर है, जो हर कोने में अपनी अनूठी छटा बिखेरती है। राजस्थान की कठपुतलियाँ अपने चटकीले रंगों और नृत्य-नाट्य के जादू से लोककथाओं को साकार करती हैं। कर्नाटक का "गोंबे अट्टा" संगीत और परंपरा के मधुर संगम से मंत्रमुग्ध करता है, तो ओडिशा की "साखी कुंडेई" अपनी बारीक कारीगरी से मन मोह लेती है। हर शैली एक अनकही कहानी बुनती है, हर कठपुतली एक संस्कृति को अपने आँचल में संजोती है। यह कला कभी महज मनोरंजन का माध्यम नहीं रही-गाँव की चौपालों पर यह कठपुतलियाँ सामाजिक संदेशों की दूत बनकर उभरीं, चाहे वह स्वच्छता का सबक हो या शिक्षा की प्रेरणा। मगर समय के साथ, आधुनिक मनोरंजन की चकाचौंध में यह कला धीरे-धीरे ओझल होती दिखी। अब, तकनीक के साथ इसका नया संनाद इसे फिर से मंच के मध्य में ला रहा है-पहले से कहीं अधिक भव्य, प्रेरक और जीवंत रूप में। "रोबोट, एआई और कठपुतली का सपना"-यह थीम मन में एक अद्भुत दृश्य जगा देती हैः एक कठपुतली, जो धागों की कैद से आजाद होकर तकनीक के बल पर सजीव हो उठे; जो न सिर्फ नृत्य करे, बल्कि दर्शकों से संवाद करे, उनके सवालों को सुनकर जवाब दे। 2025 का विश्व कठपुतली दिवस हमें इस रोमांचक भविष्य की सैर कराता है। रोबोटिक्स, डिजिटल एनीमेशन और कृत्रिम बुद्धिमत्ता ने कठपुतली कला को नई उड़ान दी है। सेंसर से सुसज्जित कठपुतलियाँ हर हाव-भाव को बारीकी से जीवंत करती हैं, एआई से प्रेरित पात्र दर्शकों के साथ जीवंत संनाद रचते हैं, और वर्चुअल मंच इस प्राचीन कला को विश्व के हर कोने में गूँजने का अवसर देते हैं-यह सब अब महज ख्वाब नहीं, बल्कि एक ठोस सच्चाई है। सोचिएः एक कठपुतली मंच पर खड़ी होकर पूछे, "आज आप मेरे मुँह से कौन सी कहानी सुनना चाहते हैं?" और फिर दर्शकों की रुचि के अनुसार अपनी प्रस्तुति को रंग दे। यह एआई का जादू है। रोबोटिक कठपुतलियाँ अब फिल्मों में अपनी चमक बिखेर रही हैं, वीडियो गेम्स में प्राण फूँक रही हैं और वर्चुअल थिएटर में दर्शकों को सम्मोहित कर रही हैं। यह थीम हमें एक गहरे सवाल की ओर ले जाती हैः क्या होगा जब कठपुतली अपनी कहानी खुद बुनने लगे? यह सिर्फ तकनीकी उन्नति नहीं, बल्कि कला के एक नए सुनहरे युग का आरंभ है। तकनीक परंपरा को मिटाने नहीं, बल्कि उसे और अधिक दमकदार बनाने आई है। राजस्थान का एक कठपुतली कलाकार अब अपनी सदियों पुरानी कला को डिजिटल मंचों पर सजा सकता है, जहाँ एआई और एनिमेशन उसकी कहानियों को अनूठा रंग-रूप दे सकते हैं। वर्चुअल रियलिटी के जादू से दर्शक कठपुतली नाटक को किसी सपनों की दुनिया में जीने का सौभाग्य पाते हैं। यूट्यूब और टिकटॉक जैसे प्लेटफॉर्म पर कठपुतली प्रस्तुतियाँ धूम मचा रही हैं, नई पीढ़ी के दिलों को इस कला से जोड़ रही हैं। यह परंपरा और आधुनिकता का ऐसा संगम है, जो कठपुतली कला को वैश्विक क्षितिज पर एक नई पहचान और चमक दे रहा है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात



**प्रो. आरके जैन**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# प्रकृति ने किया बाबा बद्री विशाल का श्रृंगार बर्फ की सफेद चादर से ढका धाम



**बद्रीनाथ।** उत्तराखंड के बद्रीनाथ धाम में बीते दिनों हुई जमकर बर्फबारी से भगवान बद्री विशाल का मंदिर बर्फ की चादर से ढक गया है। मंदिर के चारों ओर बर्फ की कई फीट मोटी परत जम गई है, जिसे हटाने का काम किया जा रहा है। बद्रीनाथ धाम में पिछले दो-तीन दिनों से मौसम साफ था और चटक धूप खिली हुई थी, इसके बावजूद बर्फबारी भी हुई। इस कारण बद्रीनाथ में पारा गिर गया है और ठंड भी महसूस की जा रही है। बर्फबारी के चलते भगवान बद्री विशाल का मंदिर बर्फ की चादर से ढक गया है। बता दें कि भगवान बद्री विशाल के धाम के कपाट खुलने में अभी दो माह का समय बचा हुआ है, लेकिन इस बार सभी तीर्थ यात्रियों को भगवान बद्री विशाल के धाम के कपाट खुलते समय चारों तरफ सुंदर बर्फ के नजारे भी देखने को मिल सकते हैं। इस बीच, भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने उत्तराखंड के कई जिलों में बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया है। आईएमडी के मुताबिक, देहरादून, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली और पिथौरागढ़ समेत कई जिलों में बारिश हो सकती है, जबकि अन्य जिलों में मौसम शुष्क रहेगा। मौसम विभाग ने बारिश वाले जिलों के लिए येलो अलर्ट भी जारी किया है। यमुनोत्री, गंगोत्री, बद्रीनाथ और केदारनाथ से मिलकर बनी चार धाम यात्रा की शुरुआत 30 अप्रैल से हो रही है। जानकारी के अनुसार, पहले केदारनाथ के कपाट खुलेंगे और इसके बाद बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलेंगे। हर साल लाखों श्रद्धालु चारधाम यात्रा के लिए उत्तराखंड आते हैं और इस बार भी प्रशासन उनकी सुविधा के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। चारधाम यात्रा में आने वाले कमर्शियल वाहन चालकों को अब ग्रीन कार्ड के बिना एंट्री नहीं मिलेगी। इससे पहले आरटीओ सुनील शर्मा ने कहा था कि चारधाम यात्रा के लिए एक माह पहले ही ग्रीन कार्ड जारी किए जाएंगे।

## केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय के रिश्तेदारों के बीच विवाद में चली गोली, एक की मौत





मंत्री नित्यानंद राय के दो भांजे, जयजीत यादव और विश्वजीत यादव के बीच गुरुवार को मामूली विवाद के बाद गोलीबारी हो गई।

एजेंसी

**भागलपुर।** बिहार के भागलपुर में पुलिस जिला नवगछिया के परबत्ता थाना क्षेत्र में दो भाइयों के बीच हुए विवाद में गोली चलने से एक भाई की मौत हो गई जबकि दूसरा भाई जख्मी बताया जा रहा है। प्रथम दृष्टया विवाद का कारण पानी बताया जा रहा है। यह परिवार केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय के रिश्तेदार बताए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय के दो भांजे, जयजीत यादव और विश्वजीत यादव के बीच गुरुवार को मामूली विवाद के बाद गोलीबारी हो गई। इस घटना में विश्वजीत यादव की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि जयजीत यादव की हालत नाजुक बनी हुई है। बताया जाता है कि घटना नवगछिया के जगतपुर में गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय के बहनोई रघुनंदन यादव के घर पर हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पानी को लेकर विश्वजीत और जयजीत के बीच बहस शुरू हो गई। बताया जाता है कि दोनों भाइयों के बीच पहले से ही संबंध अच्छे नहीं थे। विवाद बढ़ने पर विश्वजीत ने घर से पिस्तौल लाकर जयजीत पर गोली चला दी। इस बीच, जयजीत ने भी पिस्तौल छीनकर उसे गोली मार दी। इस घटना में विश्वजीत की मौत हो गई जबकि गंभीर रूप से घायल जयजीत को भागलपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नवगछिया की पुलिस अधीक्षक प्रेरणा ने बताया कि सुबह जानकारी मिली कि परबत्ता में गोली चलने की घटना की सूचना मिली थी, जिसके बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची थी। दो भाइयों के बीच ही गोलीबारी हुई थी जिसके बाद दोनों को घायल अवस्था में हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया जहां एक घायल की मृत्यू हो गई। जबकि दूसरा भी घायल है और उसका इलाज चल रहा है।

# 'नक्सल मुक्त भारत अभियान' में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी : अमित शाह

एजेंसी




**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के मारे जाने पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि 'नक्सल मुक्त भारत अभियान' में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली है। मोदी सरकार नक्सलियों के विरुद्ध रुथलेस अप्रोच से आगे बढ़ रही है और समर्पण से लेकर समावेशन की तमाम सुविधाओं के बावजूद जो नक्सली आत्मसमर्पण नहीं कर रहे, उनके खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रही है।

**उन्होंने ये भी कहा कि अगले साल 31 मार्च से पहले देश नक्सल मुक्त हो जाएगा।**

छत्तीसगढ़ के बीजापुर और कांकेर में सुरक्षाबलों को गुरुवार को बड़ी सफलता मिली। बीजापुर और कांकेर में सुरक्षाबलों ने अलग-अलग मुठभेड़ में कई नक्सलियों को ढेर कर दिया है। हालांकि, इस कार्रवाई के दौरान एक जवान शहीद हो गया। सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया है। इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है। गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ''नक्सल मुक्त भारत अभियान' की दिशा में आज हमारे जवानों ने एक और बड़ी सफलता हासिल की है। छत्तीसगढ़ के बीजापुर और कांकेर में हमारे सुरक्षा बलों के दो अलग-अलग ऑपरेशन में कई नक्सली मारे गए। मोदी सरकार नक्सलियों के विरुद्ध रुथलेस अप्रोच से आगे बढ़ रही है और समर्पण से लेकर समावेशन की तमाम सुविधाओं के बावजूद जो नक्सली आत्मसमर्पण नहीं कर रहे, उनके खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रही है। अगले साल 31 मार्च से पहले देश नक्सल मुक्त होने वाला है।''

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि आज दो नक्सली मुठभेड़ में एक जगह कई नक्सलियों की डेड बॉडी मिली है हम अपने सुरक्षाबल के जवानों के साहस को नमन करते हैं। हमारे जवान लगातार बहुत मजबूती के साथ लड़ाई लड़ रहे हैं। हमारे गृह मंत्री का संकल्प है कि मार्च 2026 तक पूरे देश से नक्सलवाद को समाप्त करना है। उसमें अब ज्यादा समय नहीं लगने वाला है। उस पर बहुत तेजी के साथ काम हो रहा है। गृह मंत्री का संकल्प पूरा होगा और हमारे बस्तर को देश-दुनिया में जाना जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि आज डबल इंजन की सरकार से काफी फायदा मिल रहा है। ऐसी सरकार समन्वय के साथ नक्सलियों का खात्मा कर रही है। वहीं, कांग्रेस के आरोप पर उन्होंने कहा कि उनके (कांग्रेस) पास कोई मुद्दा नहीं है। चार-चार बार हारने के बाद कांग्रेस के नेता बौखलाहट में कुछ भी कह रहे हैं।

छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने न्यूज एजेंसी आईएएनएस से बात करते हुए कहा कि हमारे सुरक्षाबलों ने 18 नक्सलियों को मार गिराया है। गुरुवार को डीआरजी और अन्य बलों की नक्सलियों के साथ सुबह सात बजे से ही मुठभेड़ जारी थी। सर्च ऑपरेशन के अंतर्गत 18 नक्सलियों के शव बरामद हुए हैं।

## एक नजर

### पुत्र ने पिता और सौतेली मां की पीट-पीटकर कर दी हत्या

**मोतिहारी।** बिहार के पूर्वी चंपारण जिले के चकिया थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति को दूसरी शादी करने की कीमत अपनी जान देकर चुकानी पड़ी। पिता की दूसरी शादी से नाराज उसके बच्चों ने पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार, घटना चकिया थाना क्षेत्र के हताहरपुर की है जहां एक दंपति को बैट और बांस से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। हत्या का आरोप उसके ही बेटे, बहू और बहन पर लगा है। इन तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। मृतक की पहचान भगवान शाह (52) और उनकी पत्नी के रूप में हुई है। बताया गया कि भगवान शाह की पहली पत्नी की दो साल पहले मौत हो गई थी। इसके बाद उसने छह से सात महीने पहले दूसरी शादी की थी, जिससे उसके परिजन नाराज थे। पुलिस के मुताबिक, बुधवार की रात भगवान शाह और उनकी पत्नी की हत्या कर दी गई। भगवान शाह का शव उनके घर के दरवाजे के पास से बरामद किया गया है जबकि उनकी पत्नी का शव घर के पीछे मक्के के खेत से मिला है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने दोनों शवों को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है तथा सभी कोणों से मामले की जांच की जा रही है। अधिकारी ने बताया कि इस मामले में मृतक के पुत्र अभिषेक कुमार, उसकी पत्नी और उसकी बहन को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया हत्या का कारण सौतेली मां से नाराजगी की बात सामने आ रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का सही पता चल सकेगा।

### महाराष्ट्र में औरंगजेब की कब्र की सुरक्षा बढ़ाई गई, लोहे की चादर लगाई गई



**छत्रपति संभाजीनगर।** महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर के खुल्दाबाद स्थित औरंगजेब की कब्र के आसपास सुरक्षा और कड़ी कर दी गई है। कब्र को हटाने के विवादों और बयानबाजी के चलते, पुलिस ने इलाके में अपनी मौजूदगी और बढ़ा दी है। कब्र की सुरक्षा को और सख्त बनाने के लिए बुधवार को कब्र के पीछे की दीवार पर लोहे के बड़े-बड़े पट्टे (लोहे की चादर) लगाए गए, ताकि किसी को भी इस स्थान पर बिना अनुमति के प्रवेश करने से रोका जा सके। इससे पहले, निजाम शासनकाल में औरंगजेब की कब्र की सुरक्षा के लिए हज़रत ख्वाजा सैयद ज़ैनुद्दीन शिराजी द्वारा संगमरमर की जाली लगवाई गई थी। इसके बाद, कब्र पर सुरक्षा बढ़ाने के लिए हरे रंग की जालीदार प्लास्टिक का जाल भी लगाया गया था। अब, सुरक्षा उपायों के तहत, औरंगजेब की कब्र के आसपास लोहे के चादरों की बाउंड्री खड़ी की गई है, जो इस स्थान की सुरक्षा को और मजबूत बनाती है। यह कदम राज्य में चल रहे विवादों के बीच उठाया गया है, जहां एक वर्ग औरंगजेब की कब्र को हटाने की मांग कर रहा है, जबकि दूसरे वर्ग के लोग इसे एक ऐतिहासिक धरोहर के रूप में देख रहे हैं। इसे लेकर इलाके में पुलिस-प्रशासन की मौजूदगी बढ़ा दी गई है और किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए सख्त सुरक्षा व्यवस्था की गई है।इससे पहले बीते शनिवार को औरंगजेब की कब्र के आसपास सुरक्षा कड़ी कर दी गई थी। कब्र को तोड़ने को लेकर मिल रही धमकियों के चलते, शनिवार को जिले के पुलिस अधिकारियों ने कब्र का दौरा किया और स्थिति का जायजा लिया था। इस दौरान एसआरपी की एक बैच को तैनात किया गया, जबकि पहले से ही स्थानीय पुलिस की सुरक्षा मौजूद है।

## बिहार विस में मोबाइल देखकर प्रश्न पूछने पर राजद के विधायक पर भड़के नीतीश कुमार

एजेंसी



**पटना।** बिहार विधानसभा के बजट सत्र के दौरान गुरुवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मोबाइल देखकर प्रश्न पूछने पर राजद के एक विधायक पर भड़क गए। उन्होंने यहां तक कह दिया कि सब गड़बड़ है। यह प्रतिबंधित है। उन्होंने यह भी कहा कि 10 साल में दुनिया खत्म हो जाएगी। दरअसल, राजद के विधायक सुदय यादव ने मोबाइल देखकर खाद्य और आपूर्ति विभाग से संबंधित एक प्रश्न पूछा। मंत्री लेसी सिंह ने सवाल का जवाब भी दिया। लेकिन, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को यह नागवार गुजरा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सदन में मोबाइल ले जाने पर आपत्ति जताई और विपक्ष के विधायक सुदय यादव को खूब सुनाया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने खड़े होकर कहा, "ये लोग मोबाइल लेकर बात कर रहे हैं। यह सब प्रतिबंधित था, रोका हुआ था और सब मोबाइल लेकर बोल रहे हैं। ये कोई बात है? यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कोई मोबाइल लेकर न आएं। इस पर प्रतिबंध किया जाए जो पहले से भी किया हुआ है। यह पांच-छह साल से शुरू हुआ है। 10 साल नहीं, उसके पहले ही धरती खत्म हो जाएगी। आप अलग तरीके से बोलिए। यह सब फालतू बात है।"

नीतीश कुमार यही नहीं रुके। उन्होंने आगे कहा, "पहले तो हम खूब देखते थे लेकिन, जब हमनें 2019 में जाना कि गड़बड़ होने वाली है तो हमने तो छोड़ दिया। समझ गए कि नहीं? मोबाइल प्रतिबंधित है। इसको लेकर क्या बोलते हैं?" उन्होंने कहा कि सदन में मोबाइल प्रतिबंधित है, आप भूलिए मत। कोई मोबाइल लेकर आएगा, उनको बाहर निकाल दिया जाएगा।

### 'न झुका हूं, न झुकूंगा, टाइगर अभी जिंदा है' लालू समर्थकों ने पटना में लगाए पोस्टर

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सुप्रीमो लालू यादव के समर्थन में उनके पटना स्थित आवास के बाहर पोस्टर लगाए गए। बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय ने कथित जमीन के बदले नौकरी घोटाले के सिलसिले में उनसे पूछताछ की थी। पोस्टरों पर लिखा था, "न झुका हूं, न झुकूंगा, टाइगर अभी जिंदा है।" यादव और उनके परिवार के सदस्यों पर आरोप है कि उन्होंने जमीन के बदले रेलवे में नौकरी पाने के लिए अपने प्रभाव का दुरुपयोग किया। इस मामले में ईडी की जांच जारी है। लालू प्रसाद की पत्नी और आरजेडी नेता राबड़ी देवी और उनके बेटे तेज प्रताप यादव इस मामले में पूछताछ के लिए ईडी के सामने पेश हुए। इस बीच, आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके खिलाफ 'राजनीतिक प्रतिशोध' के तहत मामले दर्ज किए जा रहे हैं।

## विदेश यात्रा से पहले मेरी छवि धूमिल करने का प्रयास कर रहा विपक्ष : ममता

एजेंसी



**पश्चिम बंगाल।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विदेश यात्रा से पहले बृहस्पतिवार को भाजपा और वाम दलों पर उनकी छवि धूमिल करने के प्रयास किये जाने का आरोप लगाया और कहा कि विदेश यात्रा से पहले किसी नेता पर हमला करने से देश की छवि को नुकसान पहुंचता है। ममता बनर्जी, ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में व्याख्यान देने के लिए आगामी दिनों में लंदन की यात्रा करने वाली हैं। बनर्जी ने कहा कि राजनीतिक मतभेद हो सकते हैं लेकिन किसी भी नेता को किसी अन्य नेता की विदेश यात्रा से पहले उसकी छवि खराब नहीं करनी चाहिए क्योंकि वह व्यक्ति देश का प्रतिनिधित्व करेगा। उन्होंने कहा, ''ईर्ष्या के इलाज के लिए कोई दवा नहीं है। विपक्ष मेरी आगामी लंदन यात्रा को लेकर मेरी छवि खराब करने की कोशिश कर रहा है। लेकिन मेरी विदेश यात्रा से पहले मुझे बदनाम करके वे देश की छवि को नुकसान पहुंचा रहे हैं।''बनर्जी 21 मार्च को लंदन के लिए रवाना होंगी। ऑक्सफोर्ड में उनका व्याख्यान 27 मार्च को होगा। अपनी यात्रा के दौरान, वह राज्य में निवेश के लिए 25 मार्च को उद्योगपतियों से भी मिलेंगी। वह 28-29 मार्च को कोलकाता लौटने वाली हैं। केंद्र ने उनकी यात्रा को पिछले हफ्ते मंजूरी दी थी।

## आज का राशिफल

**मेष :** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। घरेलू बहुमूल्य वस्तुओं के क्रय का योग है। शुभांक-1-5-7

**वृष :** परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरुआत हो सकती है। स्थाई सम्पति के निर्माण, मरम्मत व पुर्नस्थापना पर व्यय भार बढ़ेगा। किसी की टीका-टिप्पणी से आपको परेशानी हो सकती हैं। शुभांक-2-5-6

**मिथुन :** विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। शुभांक-5-7-9

**कर्क :** पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। परिश्रम प्रयास से कार्य सफल होंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-1-3-6

**सिंह :** दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता हैं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शुभांक-5-7-9

**कन्या :** रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-3-5-7

**तुला :** संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंग। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। शुभांक-4-6-7

**वृश्चिक :** कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। आप अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक दृष्टि से समय उपलब्धिकारक रहेगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-4-6-8

**धनु :** मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। शुभांक-3-5-7

**मकर :** शनै:-शनै: स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। शुभांक-2-4-6

**कुंभ :** विकास के लिए बनाई योजना सफल होगी। अच्छा हो कि आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य सौंपे जा सकते है जो कि अतिविश्वसनीय व्यक्तियों को ही दिये जाते हैं। कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। नैतिक दायरे में रहें। शुभांक-5-7-9

**मीन :** क्षमता से अधिक कार्य करने की नौबत आ सकती हैं। उत्तरदायित्व की अधिकता निजी जीवन में अपने ही ढंग की परेशानियां पैदा करेगी। कारोबार की उन्नति के लिये एक से अधिक सीढ़ी चढ़कर लोगो को आश्चर्य में डाल देगें। बौद्धिक क्षेत्र में प्रतियोगिता जीतने का मौका मिलेगा। शुभांक-1-5-8

## भारत सनातनियों की भूमि यहां औरंगजेब की कब्र का क्या काम: महंत योगी




एजेंसी

**संभल।** देश में औरंगजेब को लेकर चल रही सियासत पर अब संभल के प्राचीन तीर्थ नीमसार के महंत बाल योगी दीनानाथ ने बयान दिया है। उन्होंने कहा कि ऐसे आक्रांताओं के नामोनिशान को उखाड़कर फेंक देना चाहिए। महंत बाल योगी दीनानाथ ने गुरुवार को कहा, मैं मानता हूं कि औरंगजेब की कब्र को हटाना चाहिए। वह एक आक्रांता रहा है और भारत सनातनियों की भूमि है, यहां कब्र का क्या काम है। महंत बाल योगी दीनानाथ ने संभल के नेजा मेला पर कहा, भारत 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' सनातनियों की भूमि है। ऐसे में जो भी आक्रांता विदेश से आए हैं, उन्होंने सिर्फ भारत को लूटा और यहां अत्याचार किया। अगर उनके प्रतीक और समाधियां बची रहीं और लोग उनके नाम पर नारे लगाते रहे, तो यह भारत के लिए ठीक नहीं है। इन तत्वों को बहुत बढ़ावा दिया गया है। गाजी की मृत्यु बहराइच में हुई थी, लेकिन उसके नाम पर भारत में अलग-अलग जगह नेजा का मेला लगाया जाता है।

- **छोटे बच्चों को भाले की नोंक से मारा**

उन्होंने आगे कहा, एक आक्रांता जिसने भारत को बार-बार लूटा और वह ऐसा व्यक्ति था, जिसने भारतीयों की हत्याएं की और उनके छोटे-छोटे बच्चों को भाले की नोंक पर रखकर मारा। ऐसे लोगों के नाम पर भारत में मेला लगना कितना सही है। इस तरह का मेला बिल्कुल नहीं लगना चाहिए। मैं इतना ही कहूंगा कि ऐसे लोगों को नहीं पूजना चाहिए, उनको जड़ से उखाड़कर फेंक देना चाहिए और उत्तर प्रदेश शासन यही काम कर रहा है, इसलिए हमारी यही मांग रहेगी।

## आक्रांता का महिमामंडन करना मतलब देशद्रोह की नींव को पुख्ता करना : योगी



एजेंसी

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को बहराइच की तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) के मुख्य भवन के उद्घाटन कार्यक्रम में विदेशी आक्रांताओं का महिमामंडन करने वालों को देशद्रोही करार दिया। उन्होंने कहा कि आक्रांता का महिमामंडन करना मतलब देशद्रोह की नींव को पुख्ता करना है और स्वतंत्र भारत ऐसे किसी भी देशद्रोही को स्वीकार नहीं कर सकता है।

सीएम योगी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, "एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना साकार हो रही है। पूरा देश एकजुट कार्य कर रहा है। मैं उत्तर प्रदेश के सभी लोगों से कहना चाहूंगा कि जब भारत की परंपरा और संस्कृति का गुणगान पूरी दुनिया कर रही है, तब भारत के महापुरुषों के प्रति श्रद्धा और सम्मान का भाव हर नागरिक का दायित्व होना चाहिए। उन स्थितियों में किसी भी आक्रांता का महिमामंडन नहीं होना चाहिए। आक्रांता का महिमामंडन करना मतलब देशद्रोह की नींव को पुख्ता करना है और स्वतंत्र भारत ऐसे किसी भी देशद्रोही को स्वीकार नहीं कर सकता है।'' उन्होंने कहा कि जो भारत के महापुरुषों को अपमानित करता हो, उन आक्रांताओं का महिमामंडन करता हो, जिन आक्रांताओं ने भारत की सनातन संस्कृति को रौंदने का काम किया था। बहन-बेटियों की इज्जत पर हाथ डालने का काम किया था। हमारी आस्था पर प्रहार किया था। उसे आज का नया भारत स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं है। मैं आपसे कहने आया हूं कि विकास की ये गाथा तभी आगे बढ़ सकती है जब हम अपनी विरासत को पूरे गौरव के साथ आगे बढ़ाने का काम करें, हमारी गौरव गाथा विरासत के साथ जुड़ती है, विरासत विकास के साथ जुड़ता है। विरासत और विकास की अद्भुत गाथा का ही एक नया रूप बहराइच का है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 में भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार प्रदेश में आई, उस समय 33 लाख से अधिक ऐसे राजस्व वाद थे, जो लंबित पड़े थे। यह मामले लंबित हैं तो गांव-गांव में मारपीट, बलवा होना, दबंग के द्वारा गरीब की जमीन को जबरन हथिया लेना आम बात रही होगी और यही कारण था कि उत्तर प्रदेश में पिछली सरकारों के निकम्मेपन के कारण यह केंद्र बेमानी और भ्रष्टाचार का अड्डा बन गए थे। एक सामान्य नागरिक न्याय की उम्मीद नहीं कर सकता था।

### राजद के शासनकाल में सत्ता संरक्षित अपराध होता था : अशोक चौधरी

**पटना।** बिहार सरकार के मंत्री अशोक चौधरी ने गुरुवार को कहा कि राजद के शासनकाल में सत्ता संरक्षित अपराध होता था। अब स्थिति बदल गई है। उस दौर में डरकर भागे लोग भी वापस बिहार लौट रहे हैं। हमारे नेता न किसी को फंसाते हैं और न बचाते हैं। दरअसल, बिहार विधान परिषद में गुरुवार को बढ़ते अपराध पर सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने-सामने आ गए। सदन के भीतर अपराध के मुद्दे पर विपक्ष ने सरकार को घेरने की कोशिश की। विपक्षी सदस्य हंगामा करते हुए वेल में पहुंच गए और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। विरोधी दल की नेता राबड़ी देवी ने कहा कि राज्य में चोरी, डकैती, हत्या और लूट की घटनाएं हर दिन हो रही हैं। राज्य के हर जिले में अपराधी तांडव मचा रहे हैं, लेकिन सरकार के पास लॉ एंड ऑर्डर को संभालने की शक्ति नहीं है। होली के दौरान दो दिन के भीतर 22 लोगों की हत्या कर दी गई। राबड़ी देवी ने कहा कि अशोक चौधरी पहले कांग्रेस को लूटे और अब जदयू में लूट रहे हैं। सदन के बाहर निकले मंत्री अशोक चौधरी ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि संगत अच्छे लोगों का हो तो संस्कार अच्छा होता है।

## फिर से मैदान पर लौट सकेंगे शाकिब अल हसन मिली 'क्लीन चिट'



**ढाका ।** बांग्लादेश के पूर्व कप्तान शाकिब अल हसन के गेंदबाजी एक्शन को 'क्लीन चिट' मिल गई है और अब वह मैदान पर लौट सकेंगे। शाकिब अब वनडे और दुनिया भर की लीग में खेल सकते हैं। वह टेस्ट और टी20 प्रारूप से संन्यास ले चुके हैं। शाकिब ने कहा, 'यह खबर सही है (गेंदबाजी टेस्ट में खरा उतरना) और मैं फिर गेंदबाजी कर सकता हूं।' उन्होंने यह नहीं बताया कि उन्होंने गेंदबाजी एक्शन की तीसरी समीक्षा कहां कराई। उन्होंने आखिरी बार भारत के खिलाफ अक्टूबर 2024 में कानपुर में दूसरा टेस्ट खेला था। पिछले साल दिसंबर में इंग्लिश काउंटी सर्रे के लिए खेलते हुए उनके एक्शन की शिकायत हुई थी और उसे अवैध ठहराया गया था। इसके बाद शाकिब ने जनवरी में चेन्नई में टेस्ट कराया लेकिन उनका एक्शन वैध करार नहीं दिया गया। इसी वजह से आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी से उन्हें बाहर रहना पड़ा।

### डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर चेन्नई

## मानुष और दीया को वाइल्डकार्ड, भारत के रिकॉर्ड 19 पैडलर मैदान में



**चेन्नई (आईएएनएस)।** भारत में पहली बार किसी डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर टूर्नामेंट में 19 टेबल टेनिस खिलाड़ी और 27 प्रविष्टियां मुख्य ड्रॉ में शामिल होंगी। राष्ट्रीय चैंपियन मानुष शाह, दीया चितले और अन्य को डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर चेन्नई 2025 के लिए वाइल्डकार्ड प्राप्त हुए हैं। यह प्रतियोगिता 25 से 31 मार्च 2025 तक चेन्नई के जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में होगी। पुरुष डबल्स में अनुभवी अचंता शरत कमल और उनके जोड़ीदार स्नेहित सुरवाजुला को भी वाइल्डकार्ड मिला है। महिला सिंगल्स के सभी चार वाइल्डकार्ड भारत की ही खिलाड़ियों को दिए गए हैं, जिनमें अनुभवी सुतीर्था मुखर्जी, कृत्तिका सिन्हा रॉय, स्वस्तिका घोष और राष्ट्रीय चैंपियन दिया चितले शामिल हैं। पुरुष सिंगल्स में स्नेहित भी मनुश के साथ वाइल्डकार्ड पाने वाले दूसरे भारतीय खिलाड़ी हैं।

### बीसीसीआई ने की चैंपियंस ट्रॉफी जीत के पुरस्कार वितरण की घोषणा


# 15 खिलाड़ियों और कोच को मिलेंगे तीन-तीन करोड़ रुपए

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने आईएएनएस से कहा कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव देवजीत सैकिया ने आईएएनएस को बताया है कि चैंपियंस ट्रॉफी 2025 जीतने वाली टीम इंडिया के लिए घोषित 58 करोड़ रुपये के नकद इनाम में से 15 खिलाड़ियों और मुख्य कोच गौतम गंभीर को 3-3 करोड़ रुपये दिए जाएंगे। रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत ने इस आठ टीमों के टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने ग्रुप ए में बांग्लादेश, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड को हराकर शीर्ष स्थान हासिल किया। फिर सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराने के बाद, फाइनल में न्यूजीलैंड को मात देकर 9 मार्च को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में अपनी तीसरी चैंपियंस ट्रॉफी जीती।

इस इनाम की राशि उन खिलाड़ियों को भी मिलेगी जो टूर्नामेंट में एक भी मैच नहीं खेले, जैसे अर्शदीप सिंह, ऋषभ पंत और वाशिंगटन सुंदर। सैकिया ने यह भी बताया कि बाकी कोचिंग स्टाफ – बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक, सहायक कोच अभिषेक नायर और रयान टेन डोशेट, फील्डिंग कोच टी दिलीप, और फिजियोथेरेपिस्ट कमलेश जैन व योगेश परमार, टीम डॉक्टर आदित्य दफ्तरी, थ्रोडाउन विशेषज्ञ राघवेंद्र द्विगी, नुवान उडेनेक और दयानंद गरानी, मसाजर चेतन कुमार, राजीव कुमार और अरुण कानाडे, और कंडीशनिंग कोच सोहम देसाई को 50-50 लाख रुपये मिलेंगे। इसके अलावा, बीसीसीआई से जुड़े अन्य अधिकारी जैसे वीडियो एनालिस्ट हरी प्रसाद मोहन, लायजन ऑफिसर और मीडिया मैनेजर को 25-25 लाख रुपये मिलेंगे। बीसीसीआई सचिव ने बताया कि चयन समिति के प्रमुख अजीत अगरकर को 30 लाख रुपये मिलेंगे, जबकि अन्य सदस्य – सुब्रतो बनर्जी, अजय रात्रा, एस शरत और शिव सुंदर दास को 25-25 लाख रुपये दिए जाएंगे। सैकिया ने यह भी बताया कि अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने विजेता भारतीय टीम को लगभग 19.45 करोड़ रुपये इनाम में दिए, जो केवल खिलाड़ियों में बांटे गए। प्रत्येक खिलाड़ी को 1.43 करोड़ रुपये मिले। सैकिया ने गुरुवार को जारी बीसीसीआई के बयान में कहा, "खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ को यह इनाम देना हमारे लिए गर्व की बात है। उनकी मेहनत और



रणनीतिक खेल की बदौलत भारत विश्व क्रिकेट में शीर्ष पर पहुंचा है। यह जीत सफेद गेंद क्रिकेट में भारत की श्रेष्ठता साबित करती है, और हमें विश्वास है कि टीम आने वाले वर्षों में और ऊंचाइयों को छुएगी। उन्होंने आगे कहा, "खिलाड़ियों द्वारा दिखाए गए समर्पण और प्रतिबद्धता ने एक नया मानदंड स्थापित किया है, और हमें विश्वास है कि भारतीय क्रिकेट वैश्विक मंच पर अपना मानक ऊंचा करता रहेगा।

### मियामी ओपन

## मोनफिल्स एटीपी मास्टर्स 1000 में मैच जीतने वाले दूसरे सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने



**मियामी (आईएएनएस)**

गेल मोनफिल्स ने मियामी ओपन में इतिहास रच दिया। वह एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में मैच जीतने वाले दूसरे सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए हैं। उनसे पहले यह रिकॉर्ड जिमी कॉनर्स के नाम है। एटीपी नंबर 1 क्लब मेंबर कॉनर्स ने 1992 में 39 साल की उम्र में मियामी में मैच जीता था, जो अब तक का सबसे उम्रदराज खिलाड़ी का रिकॉर्ड है। एटीपी की रिपोर्ट के अनुसार, 38 वर्षीय फ्रेंच खिलाड़ी मोनफिल्स ने फ्लोरिडा में खेले गए पहले दौर के मुकाबले में हंगरी के फेबियन मारोजान को 6-3, 3-6, 6-4 से हराया। यह मैच 1 घंटे 44 मिनट तक चला। मोनफिल्स ने 38 विजयी शॉट लगाए और 18 अनफोर्स्ड एरर करके जीत हासिल की। जीत के साथ मोनफिल्स दूसरे दौर में पहुंच गए, जहां उनका मुकाबला जिरी लेहेचका से भिड़ने के लिए तैयार हो गए।मोनफिल्स ने कहा, "मैंने कुछ अलग तरह के कोणों पर शॉट मारे, तेज दौड़ लगाई और सही समय पर अनुमान लगाया। मैंने उसे हावी नहीं होने दिया और अपने शॉट्स को ज्यादा गहराई तक मारा।

## निक किर्गियोस ने 896 दिनों में दर्ज की अपनी पहली जीत



निक किर्गियोस ने मियामी ओपन में अमेरिकी क्वालीफायर मैकेंजी मैकडोनाल्ड को हराकर 2022 के बाद अपना पहला एटीपी टूर मैच जीता। 29 वर्षीय किर्गियोस पिछले 18 महीनों से पैर और कलाई की चोटों से परेशान थे और इस साल की शुरुआत में उन्होंने दोबारा खेलना शुरू किया। कलाई की लगातार तकलीफ के कारण किर्गियोस पिछले दो साल से टेनिस से दूर थे। कुछ हफ्ते पहले इंडियन वेल्स में उन्हें पहले ही दौर में मैच छोड़ना पड़ा था, लेकिन मियामी ओपन में उन्होंने मैकडोनाल्ड को 3-6, 6-3, 6-4 से हराकर शानदार वापसी की। अक्टूबर 2022 में जापान ओपन में दूसरे दौर के मुकाबले के बाद से ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी को जीत नहीं मिली थी और यह अब यह जीत 896 दिनों के बाद आई। कलाई की चोट के चलते किर्गियोस का करियर खतरे में पड़ गया था।

## आईपीएल 2025

### पहले 3 मैचों में राजस्थान रॉयल्स की कप्तानी करेंगे रियान पराग

**जयपुर (आईएएनएस)।** राजस्थान रॉयल्स ने घोषणा की है कि आईपीएल 2025 के शुरुआती तीन मैचों में टीम की कप्तानी रियान पराग करेंगे। नियमित कप्तान संजू सैमसन के पूरी तरह फिट होने के बाद वह दोबारा नेतृत्व संभालेंगे। युवा ऑलराउंडर पराग 23 मार्च को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ होने वाले पहले मुकाबले में टीम का नेतृत्व करेंगे। इसके बाद 26 मार्च को कोलकाता नाइट राइडर्स और 30 मार्च को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ राजस्थान रॉयल्स के घरेलू मैदान पर होने वाले मैचों में भी पराग कप्तानी करेंगे। फ्रेंचाइजी के अनुसार, संजू सैमसन को अभी विकेटकीपिंग और फील्डिंग के लिए पूरी तरह फिट होना बाकी है। हालांकि, वह बल्लेबाज के रूप में खेलते रहेंगे और पूरी तरह ठीक होने पर फिर से कप्तान बनेंगे। फ्रेंचाइजी ने एक बयान में कहा, "संजू सैमसन रॉयल्स टीम का अहम हिस्सा हैं। जब तक उन्हें विकेटकीपिंग और फील्डिंग करने के लिए फिटनेस हासिल नहीं हो जाती।



### सनराइजर्स हैदराबाद की जर्सी में दिखे शमी, हुआ शानदार स्वागत

**हैदराबाद ।** हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम के बाहर प्रशंसकों की भीड़ जमा रही क्योंकि सनराइजर्स हैदराबाद (SRH) ने अपने नए सितारे मोहम्मद शमी को टीम जर्सी में पहली बार पेश किया। आईपीएल 2025 के शुरू होने से कुछ ही दिन पहले ही शमी लाइमलाइट में हैं। नवंबर 2024 में जेद्दा में हुए आईपीएल मेगा ऑक्शन में हैदराबाद ने उन्हें 10 करोड़ रुपए में खरीदा था। गुजरात टाइटंस ने उन्हें रिलीज कर दिया था और कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ एक तगड़ी बिडिंग वॉर के बाद हैदराबाद ने बाजी मारी थी। शमी को ऑरेंज जर्सी में देखने का सपना उस दिन से हर हैदराबादी फैन के दिल में बस गया था। शमी जो 2023 वर्ल्ड कप में भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे थे, एक लंबी चोट के बाद वापसी कर चुके हैं। उन्होंने बंगाल के लिए रणजी ट्रॉफी में अपनी फॉर्म हासिल की और अब आईपीएल में आग उगलने को तैयार हैं।

### आईपीएल में खराब प्रदर्शन बर्दाश्त नहीं किया जाता : एडम

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर एडम गिलक्रिस्ट ने चेतावनी दी है कि अगर फ्रेजर-मैक्गर्क आईपीएल में जल्दी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए, तो उन्हें दिल्ली कैपिटल्स में बेंच पर बैठना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि आईपीएल फ्रेंचाइजी खराब फॉर्म को ज्यादा दिन तक नहीं सहती हैं। पिछले साल फ्रेजर-मैक्गर्क को दिल्ली कैपिटल्स ने एक चोटिल खिलाड़ी की जगह टीम में शामिल किया था। उन्होंने अपने पहले आईपीएल में नौ पारियों में 330 रन बनाए, जिनमें चार अर्धशतक शामिल थे। उनका स्ट्राइक रेट 234.04 था, जो टूर्नामेंट में दूसरा सबसे ज़्यादा था। हालांकि, कैपिटल्स ने उन्हें रिटेन नहीं किया, लेकिन 'राइट टू मैच' कार्ड का इस्तेमाल कर नीलामी में 9 करोड़ रुपये में दोबारा खरीद लिया। मगर पिछले एक साल में फ्रेजर-मैक्गर्क के टी20 अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन में गिरावट आई है। पिछली 24 पारियों में उन्होंने सिर्फ 382 रन बनाए हैं, औसत 15.91 और स्ट्राइक रेट 136.91 रहा है। गिलक्रिस्ट ने फॉक्स क्रिकेट से बातचीत में कहा, "दिल्ली ने उन पर भरोसा जताया है, लेकिन उन्हें अच्छे प्रदर्शन से इसकी कीमत चुकानी होगी।



# वेव्स बाजार मीडिया और मनोरंजन का बेहतरीन व्यावसायिक सहयोग प्लेटफॉर्म




**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** वेव्स बाजार अग्रणी वैश्विक ई-मार्केटप्लेस है जिसे मीडिया और मनोरंजन उद्योग में व्यावसायिक सहयोग में उल्लेखनीय प्रगति के लिए तैयार किया गया है। यह फिल्म, टेलीविजन/वेब सीरीज, एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स, रेडियो और पॉडकास्ट, संगीत और ध्वनि, लाइव इवेंट्स, इन्फ़्लुएंसर मार्केटिंग और स्टार्टअप सहित कई क्षेत्रों में कंटेंट क्रिएटर-(प्रसारण सामग्री निर्माणकर्ता), वितरक, निवेशक और खरीदारों को साथ जोड़ने वाला हब है।

### वेव्स बाजार क्या है

- **वेव्स बाजार** - मनोरंजन और मीडिया क्षेत्र के निरंतर विकास के साथ ही उद्योग पेशेवरों को एक संरचित बाजार प्रदान करने का ई-मार्केटप्लेस है जो निर्बाध लेनदेन, नेटवर्किंग और व्यवसाय के विस्तार को बढ़ावा देता है। यह सामग्री निर्माणकर्ता और संभावित निवेशकों, खरीदारों और सहयोगियों के बीच की दूरी को पाटकर वैश्विक व्यावसायिक करार को सुगम बनाता है। यह प्लेटफॉर्म काम को व्यापक स्तर पर प्रस्तुत करने, मुद्रीकरण और मनोरंजन उद्योग तक पहुंच व्यापक बनाता है और उभरते और स्थापित बाजारों में प्रगति सुनिश्चित करता है।
- वेव्स बाजार पोर्टल ऑनलाइन मार्केटप्लेस है जहां क्रेता और विक्रेता मिलकर व्यावसायिक बातचीत करते हैं। विक्रेता अपनी सामग्री और सेवाएं प्लेटफॉर्म पर अपलोड कर सकते हैं जिससे ये सहयोग, अधिग्रहण या निवेश की तलाश में लगे खरीदारों के लिए सुलभ होती हैं। यह प्लेटफॉर्म पर्याप्त लेन-देन सुनिश्चित कर उद्योग के अंदर सम्पर्क और व्यापार के अधिकतम अवसर निर्मित करता है।

### मनोरंजन उद्योग के प्रमुख संवर्गों में व्यावसायिक सुगमता

वेव्स बाजार मनोरंजन के कई क्षेत्रों में व्याप्त है और उद्योग पेशेवरों को एक ही स्थान पर समाधान प्रदान करता है:

- फिल्म और टीवी/वेब सीरीज
- वैश्विक वितरकों, ओटीटी प्लेटफॉर्म (ओवर-द-टॉप मीडिया सेवाएं) और फेस्टिवल प्रोग्रामर से जुड़ाव प्रदान करता है।
- एवीजीसी (एनीमेशन, वीएफएक्स (विजुअल इफेक्ट्स), गेमिंग, कॉमिक्स)
- यह निवेशकों, खरीदारों और प्रकाशन प्लेटफॉर्म के समक्ष सामग्री प्रदर्शित करता है।

**रेडियो और पॉडकास्ट**

- स्वतंत्र ऑडियो क्रिएटर्स (श्रव्य प्रसारण सामग्री निर्माणकर्ता) के लिए अपने काम प्रचारित- प्रसारित करने और प्रायोजक ढूंढने का समर्पित प्लेटफॉर्म है।

**संगीत और ध्वनि**

- संगीतकारों और साउंड डिजाइनरों के लिए लाइसेंसिंग का अवसर और सहयोग प्रदान करता है।

### लाइव आयोजन के जरिए प्रभावशाली मार्केटिंग अवसर

इससे प्रायोजकों, ब्रांड भागीदारों और दर्शकों-श्रोताओं तक पहुंच सुनिश्चित होती है।

**वेव्स सम्मेलन में वेव्स बाजार**

- वेव्स शिखर सम्मेलन में ई-मार्केटप्लेस से चयनित खरीदारों और विक्रेताओं को व्यावसायिक चर्चा, नेटवर्किंग, अपनी सामग्री को बेहतरीन तरीके से प्रस्तुत करने और सार्थक व्यावसायिक सौदे को अंजाम देने का मंच मिलेगा।
- वेव्स बाजार मीडिया और मनोरंजन व्यवसाय नेटवर्किंग के भविष्य को पुनर्परिभाषित कर रहा है।
- यह पारंपरिक उद्योग प्लेटफार्मों को अत्याधुनिक डिजिटल उपायों के साथ संयोजित कर वैश्विक सहयोग बढ़ाने के साथ ही समूचे मनोरंजन उद्योग के विकास को आगे बढ़ा रहा है। निमार्ता, खरीदार, निवेशक या वितरक कोई भी हो, वेव्स बाजार मनोरंजन की प्रतिस्पर्धी दुनिया में अग्रणी रहने और सफल होने के लिए आवश्यक उपकरण, मीडिया आकर्षण और अवसर प्रदान करता है।

## अमेरिका की 'संवेदनशील' देशों की सूची से अपना नाम हटाने की मांग करेगा सोल : दक्षिण कोरियाई उद्योग मंत्री

**सोल (आईएएनएस)।** दक्षिण कोरिया के उद्योग मंत्री ने गुरुवार को कहा कि उनका देश अमेरिकी ऊर्जा विभाग (डीओई) की 'संवेदनशील' देशों की सूची से अपना नाम हटाने के लिए कोशिश करेगा और दोनों देशों के बीच ऊर्जा सहयोग को बढ़ावा देगा। उद्योग मंत्री आह्न डुक-ग्यून ने यह बात तब कही जब वह दो दिन की यात्रा पर वाशिंगटन जा रहे थे। वहां वह अमेरिकी ऊर्जा सचिव क्रिस राइट और वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लुटनिक समेत अन्य अमेरिकी अधिकारियों से मुलाकात करेंगे। योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, आह्न ने कहा, "हम कई विकल्पों पर विचार करेंगे, जिसमें डीओई की सूची से बाहर होना भी शामिल है, ताकि इस मुद्दे का स्थानीय उद्योगों, दक्षिण कोरिया और अमेरिका के बीच तकनीकी सहयोग पर नकारात्मक असर न पड़े।

## आधिकारिक बयान के अनुसार कर्मचारी भविष्य निधि संगठन में जनवरी से जुड़े 17.89 लाख सदस्य

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने गुरुवार को ऐलान किया कि इस साल जनवरी में संगठन से 17.89 लाख सदस्यों के जुड़े हैं। यह आंकड़ा दिसंबर 2024 के मुकाबले मासिक आधार पर 11.48 प्रतिशत अधिक है। ईपीएफओ के आधिकारिक बयान के अनुसार, पेरोल में जनवरी 2024 के मुकाबले 11.67 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। यह दिखाता है कि कर्मचारी फायदों को लेकर पहले के मुकाबले जागरूकता बढ़ी है। जनवरी 2025 में ईपीएफओ से करीब 8.23 लाख नए सब्सक्राइबर्स जुड़े हैं, जो पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 1.87 प्रतिशत अधिक है। आंकड़ों में गौर करने वाली बात यह है कि 18-25 आयु वर्ग का प्रभुत्व लगातार बना हुआ है। जनवरी 2025 में इस आयु वर्ग के 4.70 लाख नए सदस्य जुड़े हैं।

## अमेरिकी फेड के फैसले से शेयर बाजार हरे निशान में बंद, सेंसेक्स 900 अंक उछला



**मुंबई (आईएएनएस)**

भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र हरे निशान में बंद हुए। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 899 अंक या 1.19 प्रतिशत बढ़कर 76,348.06 और निफ्टी 283.05 अंक या 1.24 प्रतिशत बढ़कर 23,190.65 पर था। बाजार में तेजी की वजह अमेरिकी फेड के बयान को माना जा रहा है, जिसमें कहा गया कि इस वर्ष आने वाले समय में ब्याज दरों में कटौती की जा सकती है। ट्रंप की टैरिफ पॉलिसी के चलते बढ़ी महंगाई काफी सीमित समय के लिए होगी। बाजार में चौतरफा खरीदारी देखी गई। लार्जकैप के साथ-साथ मिडकैप और स्मॉलकैप भी हरे निशान में बंद हुए। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 327.30 अंक या 0.64 प्रतिशत की तेजी के साथ 51,144 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 110.45 अंक या 0.70 प्रतिशत की बढ़त के साथ 15,858.04 पर बंद हुआ। सेक्टोरल आधार पर ऑटो, आईटी, पीएसयू बैंक, फाइनेंशियल सर्विसेज, फार्मा, एफएमसीजी, मेटल, रियल्टी, मीडिया, एनर्जी और प्राइवेट बैंक समेत सभी इंडेक्स हरे निशान में बंद हुए हैं। सेंसेक्स पैक में भारती एयरटेल, टाइटन, टीसीएस, एचयूएल, इन्फोसिस, नेस्ले, एमएंडएम, एचडीएफसी बैंक, सन फार्मा, टाटा मोटर्स, पावर ग्रिड, कोटक महिंद्रा बैंक और आईसीआईसीआई बैंक टॉप गेनर्स थे। इंडसइंड बैंक, बजाज फाइनेंस और अल्ट्राटेक सीमेंट टॉप लूजर्स थे। आशिका इंस्टीट्यूशनल इक्विटी के टेक्निकल और डेरिवेटिव विश्लेषक, सुंदर केवट ने कहा कि सकारात्मक वैश्विक संकेतों के कारण भारतीय शेयर बाजार सकारात्मक बंद हुआ है।

## 'इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास' भारत के लॉजिस्टिक्स सेक्टर को बनाएगा मजबूत



**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर के तेजी से विकास के साथ, सरकार का लक्ष्य लॉजिस्टिक्स लागत को 5 प्रतिशत से अधिक घटाकर जीडीपी के 10 प्रतिशत से कम करना है, ताकि भारत चीन और अमेरिका के साथ बेहतर प्रतिस्पर्धा कर सके। भारत मंडपम में कन्वर्जेंस इंडिया और 10वें स्मार्ट सिटीज इंडिया एक्सपो का उद्घाटन करते हुए, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा, "भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है, जिसमें इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

## 'मेड इन इंडिया' स्मार्टफोन शिपमेंट में 6% की तेजी एप्पल और सैमसंग सबसे आगे

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

'मेड इन इंडिया' स्मार्टफोन शिपमेंट में साल 2024 में छह प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। यह तेजी टेक दिग्गज एप्पल और सैमसंग के भारत से बढ़ते निर्यात के कारण हुई। गुरुवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। काउंटरपॉइंट रिसर्च की 'मेक इन इंडिया' सर्विस रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में देश के स्मार्टफोन निर्यात में एप्पल और सैमसंग की संयुक्त हिस्सेदारी 94 प्रतिशत रही। दोनों ब्रांडों ने आयात पर निर्भरता कम करने और ग्लोबल सप्लाई चेन में अपनी उपस्थिति को मजबूत करने के देश के उद्देश्य के साथ तालमेल बिठाने के लिए भारत में अपनी मैन्युफैक्चरिंग का काफी विस्तार किया है। सरकार की पीएलआई (उत्पादन आधारित प्रोत्साहन) योजना ने वैश्विक निर्माताओं को देश में अपनी उत्पादन सुविधाएं स्थापित करने या उनका विस्तार करने के लिए प्रोत्साहित किया है।



# योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए सामूहिक भागीदारी जरूरी : उपायुक्त

● जिला विकास समन्वय समिति की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला समन्वय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिले में चल रही कल्याणकारी व विकास की योजनाओं की समीक्षा के क्रम में छात्रवृत्ति, पोशाक योजना, वन पट्टा, भू अर्जन, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, अबुआ आवास योजना, पीएम जनमन, सड़क निर्माण, मनरेगा के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं के संचालन, प्रधानमंत्री आवास, पशु शेड निर्माण, समाज कल्याण, मनरेगा अन्तर्गत कार्य करने वाले मजदूरों के बकाया राशि भुगतान, आंगनबाड़ी केंद्रों में रिक्त सेविका व सहायिका के पदों पर भर्ती, भूमि मामले में लंबित मुआवजा भुगतान तथा अन्य सभी विभागीय योजनाओं की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को लंबित सभी आवेदनों का जांच कर मामलों का निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। विकास योजना के समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने कहा कि पोशाक व छात्रवृत्ति योजना से छात्रों को समय पर लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि योजनाओं के अंतर्गत शेष बचे लंबित आवेदनों का निष्पादन जल्द हो। प्रधानमंत्री आवास योजना व बाबा साहेब आंबेडकर आवास योजना की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सभी बीडीओ को लंबित आवासों को शीघ्र पूरा करने और योग्य लाभुकों को स्वीकृति देने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना की समीक्षा कर लक्ष्य के अनुरूप लाभुकों को मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना का लाभ प्रदान करने का निर्देश दिया। लघु सिंचाई विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, पथ प्रमंडल, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, विद्युत आपूर्ति विभाग, वन प्रमंडल, नगर पंचायत, जेएसएलपीएस, समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग समेत अन्य विभागों की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। साथ ही लक्ष्य के विरुद्ध उपलब्धियों की जानकारी उपायुक्त ने ली। उपायुक्त ने कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ सभी योग्य लाभुकों तक ससमय पहुंचे इसे सुनिश्चित करें। बैठक में क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को आपस में समन्वय स्थापित करते हुए योजना का सफल क्रियान्वयन करने व आ रही बाधाओं को दूर करते हुए योजना का क्रियान्वयन कर विकास के कार्यों को गति प्रदान करने का निर्देश दिया। बैठक में डिप्टी डायरेक्टर पीटीआर ब्रजेश कांत जेना, आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, अपर समाहर्ता रामा रविदास, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेन्द्र कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा, पंचायती राज पदाधिकारी श्रेयांश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, एवं अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी उपस्थित थे।

## अफीम के साथ दो तस्कर गिरफ्तार



नवीन मेल संवाददाता

**बारियातू।** थाना प्रभारी देवेन्द्र कुमार व सीओ नंदकुमार राम के संयुक्त नेतृत्व में दो अफीम तस्करों को अफीम के साथ गिरफ्तार किया गया है। यह जानकारी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विनोद रवानी ने दी। उन्होंने बताया कि बुधवार को पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि ग्राम लेबड़ाही, थाना बारियातू के तरफ से दो व्यक्ति मोटरसाइकिल की डिक्की में अफीम छुपाकर हेरनहोपा के तरफ से लावालौंग जाने वाले हैं। प्राप्त सूचना के सत्यापन व आवश्यक कार्रवाई के लिए सीओ व थाना प्रभारी के नेतृत्व में संयुक्त छापेमारी दल का गठन किया गया। प्राप्त सूचना के आधार पर तितिर महुआ जंगल, डाकादिरी मोड़ के पास चेकिंग लगाया गया। चेकिंग के क्रम में दो मोटरसाईकिल को उसके चालक सुरेश कुमार यादवव सेवा गंझू को पकड़ा गया। दोनों मोटरसाइकिल के तलाशी लेने पर सुरेश कुमार यादव के मोटरसाइकिल के डिक्की से 593 ग्राम अफीम (गादा) व सेवा गंझू के मोटरसाइकिल के डिक्की से 1861 ग्राम अफीम (गादा) बरामद किया गया। दोनों व्यक्ति काफी दिनों से अफीम का खरीद बिक्री करते रहे हैं। पकड़े गए दोनों तस्कर सुरेश कुमार यादव (31) व सेवा गंझू (37)के विरुद्ध बारियातू थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। छापेमारी दल में शामिल सीओ व थाना प्रभारी के साथ पुअनि जितेंद्र कुमार,सअनि,सुरेश कुमार सिंह व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## श्री सूर्यनारायण पूजा समिति ने धूमधाम से छठ व रामनवमी पूजा मनाने का लिया निर्णय

**लातेहार।** श्री सूर्यनारायण पूजा समिति चाणक्यनगरी में त्रिभुवन पांडेय की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में चैती छठ व रामनवमी पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में चैती छठ पर छठ व्रतियों के लिये घाट की साफ-सफाई, स्नानागार, लाइटिंग की व्यवस्था, तोरण द्वार, ध्वनि विस्तारक यंत्र लगाने जैसी सुविधाओं पर विशेष ध्यान रखने की बात कही गई है। बैठक में समिति के अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रसाद सिंह, महामंत्री अनिल कुमार (पप्पू), उपाध्यक्ष राजेश प्रसाद,गणेश राम, मंत्री धीरज कुमार, कौशल किशोर राज(बिट्टू), ऋषभ राज , आयुष कुमार, लक्की पाण्डे, मीडिया प्रभारी तुषार चंद्र गुप्ता, रौशन कुमार, सदस्यगण चन्दन गुप्ता,श्रियांशु कुमार, रितिक राज, शिवम कुमार, प्रियांशु कुमार, श्रेष्ठ कुमार,रितेश कुमार ,अंकुश कुमार, अमन कुमार, आदि उपस्थित थे।

## रामनवमी महायज्ञ व रामलीला आयोजन को लेकर बैठक का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**नीलांबर पीतांबरपुर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित संकट मोचन महावीर मंदिर में रामनवमी महायज्ञ व रामलीला आयोजन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। अध्यक्षता योगेंद्र प्रसाद सोनी ने की। बैठक में आगामी श्रीरामचरितमानस नवाह्न पारायण पाठ महायज्ञ के सफल आयोजन पर चर्चा की गई। सर्वसम्मति से आयोजन समिति का गठन किया गया। सामुहिक निर्णय से सुदर्शन सोनी को अध्यक्ष, अरविंद डिसिल्वा को उपाध्यक्ष, पवन सोनी को सचिव, राहुल वर्मा को उपसचिव, संदीप सैंडिक को कोषाध्यक्ष, सुरेश भगत को उपकोषाध्यक्ष चुना गया। सभी सदस्यों ने अपनी जिम्मेदारियों को पूर्ण निष्ठा से निभाने का संकल्प लिया। बैठक में तय किया गया कि रामनवमी के अवसर पर मंदिर परिसर में महायज्ञ के साथ संध्या समय में भव्य रामलीला का आयोजन भी किया जाएगा। रामलीला में श्रीराम के जीवन से जुड़े विभिन्न प्रसंगों का मंचन किया जाएगा, जिससे श्रद्धालु धार्मिक अनुभूति प्राप्त कर सकें। महायज्ञ की तैयारियों को लेकर मंदिर परिसर की साफ-सफाई, सजावट, हवन-पूजन की व्यवस्था, प्रसाद वितरण व श्रद्धालुओं के बैठने की सुविधाओं पर चर्चा की गई। अध्यक्ष सुदर्शन सोनी ने कहा कि यह आयोजन श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र होगा और इसे पूरी भव्यता के साथ संपन्न कराया जाएगा।

## ईद को लेकर बाजार के भीड़ पर प्रशासन से नियंत्रण करने की मांग

**बालूमाथ।** प्रखंड मुख्यालय में ईद त्योहार को लेकर बाजार में भीड़ देखने को मिल रही है। लोग खरीदारी के लिए दुकानों पर भारी भीड़ उमड़ रही है, जिससे बाजार क्षेत्र में यातायात का दबाव बढ़ गया है। इसे ध्यान में रखते हुए समाज सेवी सह झामुमो नेता जुनैद अनवर ने प्रशासन से शाम 7 बजे से रात 10:30 बजे तक भारी मालवाहक वाहनों के बालूमाथ टमटम टोला से प्रखंड कार्यालय, परिचालन पर रोक (नो-एंट्री) लगाने की मांग की है।

## ईद को लेकर बाजार के भीड़ पर प्रशासन से नियंत्रण करने की मांग

**बालूमाथ।** प्रखंड मुख्यालय में ईद त्योहार को लेकर बाजार में भीड़ देखने को मिल रही है। लोग खरीदारी के लिए दुकानों पर भारी भीड़ उमड़ रही है, जिससे बाजार क्षेत्र में यातायात का दबाव बढ़ गया है। इसे ध्यान में रखते हुए समाज सेवी सह झामुमो नेता जुनैद अनवर ने प्रशासन से शाम 7 बजे से रात 10:30 बजे तक भारी मालवाहक वाहनों के बालूमाथ टमटम टोला से प्रखंड कार्यालय, परिचालन पर रोक (नो-एंट्री) लगाने की मांग की है।

## सड़क दुर्घटना में दो घायल, रिम्स रेफर

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र पटरिया चोटांग में गुरुवार की शाम टेंपो व बाइक में हुई टक्कर में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में सिंटू बैठा (पिता अनवर बैठा, निवासी मनकारी जागीर), अर्जुन परिया शामिल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सिंटू बैठा अपने बाइक पर अर्जुन परिया को स्टेशन से लिफ्ट लेकर कहीं जा रहे थे।

## पीडीएस डीलरों के साथ बीएसओ ने की समीक्षा



नवीन मेल संवाददाता

**नीलांबर पीतांबरपुर।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम से अच्छादित लाभुकों (पीला कार्ड व गुलाबी कार्ड) का शत-प्रतिशत ई-केवाईसी ससमय पूर्ण कराने के लेकर 21 से 27 मार्च तक ई-केवाईसी सप्ताह का आयोजन जा रहा है। जिले से प्राप्त निर्देश के आलोक में प्रखंड सभागार में गुरुवार को प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी आलोक कुमार तिवारी ने प्रखंड के सभी पीडीएस डीलरों के साथ समीक्षा की। सभी डीलरों को ई-केवाईसी शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। प्राथमिकता के साथ 21 से 27 मार्च तक ई केवाईसी दिवस मनाते हुए प्रखंड आपूर्ति कार्यालय में प्रत्येक दिन का कार्य रिर्पोट जमा करने का निर्देश दिया। कहा कि पीडीएस डीलर ईमानदारी पूर्वक कार्य करें। प्रत्येक कार्डधारकों के घर-घर जाकर शत प्रतिशत ई केवाईसी का कार्य पूरा करें। उन्होंने बताया कि वैसे लोग जो बाहर में रहते हैं, उसके मोबाइल पर संपर्क कर सत्यापन के लिए प्रेरित करें, ताकि वह भविष्य में कभी यह नहीं कहे की मेरा नाम कैसे कट गया। ई केवाईसी सप्ताह के दौरान 21 से सभी राशन कार्डधारी के निवास स्थान पर जाकर ई केवाईसी कार्य संपन्न कराएं। उन्हें उपलब्ध करायी गई सूची में यथा स्थिति सूचनाओं की प्रविष्टि करें। मौके पर पीडीएस डीलर संघ के प्रखंड अध्यक्ष बृजकिशोर तिवारी ,राजेंद्र प्रसाद, आलोक तिवारी, योगेंद्र सिंह, संजीव सिंह, ओम प्रकाश लाल ,उपेन्द्र राम, ललीता देवी,रेखा देवी, रमेश राम, नागेंद्र प्रसाद सिंह दयाशंकर प्रसाद, अनिल सिंह, नंदलाल राम, शिवलाल मोची, आशा कुंवर के अलावा प्रखंड के कई डीलर उपस्थित थे।

**शत प्रतिशत ई केवाईसी को लेकर 21 से 27 तक चलेगा विशेष अभियान**

## हुसैनाबाद में फॉगिंग मशीन से छिड़काव शुरू



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** गुरुवार की शाम से फॉगीग कराने का कार्य की शुरूआत किया गया है। नगर पंचायत हुसैनाबाद के द्वारा मच्छरों से बचाव के लिए फागिंग की व्यवस्था चालू कर दी गई है । प्रत्येक वार्ड में रोस्टर के अनुसार बारी-बारी से फागिंग किया जाएगा। नगर पंचायत द्वारा मच्छर भगाने वाली फॉगिंग मशीन से क्षेत्र के लोगों को मच्छर से राहत मिलेगी। कई माह से फॉगिंग मशीन रखा हुआ था, लेकिन कार्यपालक पदाधिकारी ने मशीन की साफ - सफाई के बाद सभी वार्डों में रोस्टर के अनुसार छिड़काव कराया जाएगा। वर्तमान में शहर की 37 हजार से ज्यादा की आबादी है। गुरुवार की देर शाम शहर में फांगीग का छिड़काव करते देखा गया हैं। जगह- जगह नाली का जमा पानी के कारण मच्छर का प्रकोप बढ़ गया है। जिससे लोगों की नींद उड़ गई थी। इस संबंध में नपं के कार्यपालक पदाधिकारी तरनीश कुमार हंस ने कहा कि मशीन से छिड़काव कराया जा रहा है, साथ ही सभी गलियों व मोहल्लों में रोस्टर के अनुसार मशीन से गली गली में घुमते हुए छिडकाव कराया जा रहा है। अब लोगों को मच्छरों से निजात मिलेगी। इसमें किसी को कोई शिकायत का मौका नहीं मिलेगा।

## गौशाला की नयी कमेटी का चुनाव 27 को

**चतरा।** गौशाला चतरा की बैठक गुरूवार को गौशाला अध्यक्ष विद्या सागर आर्य की अध्यक्षता में चुनावी प्रक्रिया को लेकर की गयी। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि नयी कमेटी का चुनाव 27 मार्च को हरलाल तालाब स्थित गौशाला में 11 बजे से होगी। 25 मार्च तक नये सदस्य बनाये जायेंगे। चुनावी प्रक्रिया में वही लोग भाग ले सकेंगे जो साधारण या आजिवन सदस्य होंगे। आजीवन सदस्य ही अध्यक्ष, सचिव, एवं कोषाध्यक्ष होंगे। बैठक में गोबिंद सिंह, जितेन्द्र कुमार पाठक, गंगाधर शास्त्री, सुशील कुमार सिंह, नितेश कुमार, पंकज प्रजापति, मदन कुमार साहा, कुमार विवेक, सतिष कुमार मिश्र, प्रदिप कुमार रावत, पंकज कुमार दुबे, मोहित कुमार, चन्द्रपाल पाठक, बिनोद कुमार श्रीवास्तव, दिपक कुमार, चंदन कुमार, आलोक रंजन सिंह, सुचित कुमार, प्रशांत कुमार, राजेश सोनी, कुमार हेमंत, ओमप्रकाश पाठक, श्रीराम शास्त्री, संजीव कुमार आदि सदस्यों ने भाग लिया।

## एकल अभियान का 10 दिवसीय नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ

**सिमरिया (चतरा)।** प्रखंड के बानासाडी पंचायत भवन में गुरूवार को एकल विद्यालय फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा एकल अभियान के तहत 10 दिवसीय नवीन आचार्य अभ्यास वर्ग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण वर्ग का उद्घाटन अतिथियों ने भारत माता एवं मां सरस्वती की चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। प्रशिक्षक भरत सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बानासाडी पंचायत की मुखिया पार्वती देवी, सहित कार्यक्रम में विभिन्न एकल विद्यालय के आचार्य मौजूद थे।

## विधायक ने पर्वतीय निरीक्षण भवन का मुद्दा विस में उठाया, जीर्णोद्धार की उम्मीद बढ़ी



नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** विधायक संजय कुमार सिंह यादव के विस में उठाए गए मुद्दे से सिंचाई विभाग की ओर से 80 के दशक में भौंराहा पर्वत के मध्य में बनाए गए निरीक्षण भवन (अब खंडहरनुमा) के जीर्णोद्धार की उम्मीद और बढ गई है। विधायक प्रतिनिधि पंचू रजवार ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि उक्त भवन बड़े धरोहर के रूप में मौजूद है। इसका अतीत स्वर्णिम रहा है। जिसका जीर्णोद्धार कराने को विधायक ने गंभीरता से लिया है। बता दें कि इस खंडहरनुमा भवन के दयनीय हालत की खबर को सांसद वीडी राम ने भी गंभीरता से लेकर इसका कायाकल्प कराने की दिशा में पहल की है। 27 फरवरी को उपायुक्त शशिरंजन के भी स्थलीय निरीक्षण करते हुए इस भवन के साथ ही पर्यटक स्थल भीमचूल्हा को और अधिक विकसित करने की जरूरत बताया है।

## ग्रामीणों की शिकायत पर विधायक प्रतिनिधि ने निर्माणाधीन पथ की जांच की



नवीन मेल संवाददाता

**सतबरवा।** मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत दरुवा मेन रोड से बंजारी भाया सेंरगदाग पथ निर्माण कार्य में ग्रामीणों द्वारा मिली शिकायत पर शुक्रवार को पांकी विधायक सतबरवा प्रतिनिधि अजय उरांव, समाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा ने कार्य स्थल पर पहुंच कर बन रही सड़क की जांच की। विधायक प्रतिनिधि अजय उरांव ने बन रहे सड़क को गुणवत्ता को संतोषजनक नहीं पाया। उन्होंने तुरंत विभाग के जेई संजय पांडेय को फोन कर पूछा की इतना घटिया सड़क निर्माण करवा रहे हैं। इस सड़क निर्माण में इस्टीमेट के अनुसार कोई काम नहीं हो रहा है। पीसीसी ढलाई 9 ईंच की जगह 6 ईंच, पिच 90 एमएम की जगह 30 एमएम किया जा रहा है। जेई संजय पांडेय कोई भी संतोष जनक जवाब नहीं दिए। समाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा ने बताया कि आजादी के 75 साल के बाद पांकी विधायक कुशवाहा डाक्टर शशिभूषण मेहता के अथक प्रयास से ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क बन रही है।
गुनवता का ख्याल नहीं रखा जाएगा तो, ठेकेदार नपेंगे। उन्होंने ने इस विषय पर पांकी विधायक व चतरा सांसद से बात करने की बात कही। शिकायतकर्ता ग्रामीणों में प्रवेश यादव, कमलेश यादव ,कमलेश्वर यादव, अखिलेश यादव, धर्मेंद्र यादव, बनौधि यादव, नरेश यादव, मोहन सिंह, धर्मेंद्र सिंह, नरेश यादव ,संदीप यादव समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

## पेज एक के शेष

### झारखंड स्वास्थ्य विभाग...

साथ ही उन्होंने कहा कि झारखंड के गांव में 25 नए हेल्थ कॉटेज दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि रिनपास के पास मेडिको सिटी का भी निर्माण होगा। अंसारी ने कहा कि रिम्स राज्य का प्रीमियम मेडिकल कॉलेज तथा अस्पताल है, जिसमें झारखण्ड ही नहीं बल्कि राज्य के बाहर से भी मरीज अपना इलाज कराने आते हैं। रिम्स पर अत्यधिक भार को देखते हुए आगामी वर्षों में लगभग 6 हजार 500 करोड़ रूपए की लागत से रिम्स का पुनर्विकास किया जाएगा।

### झारखंड के सभी...

अदालत ने इसपर सरकार से जवाब मांगा है। मामले में अगली सुनवाई मई माह में होगी। अदालत रांची और उसके आसपास के जलस्रोतों पर अतिक्रमण को लेकर हाईकोर्ट सुनवाई कर रहा है।

### गैरिसन इंजीनियर के...

सीबीआई टीम ने एक ठेकेदार की शिकायत के आधार पर गैरिसन इंजीनियर के दफ्तर में छापेमारी की थी और उसे रिश्वत की रकम के साथ गिरफ्तार किया था। ठेकेदार ने सीबीआई से शिकायत की थी कि उसने इंडियन डिफेंस सर्विस ऑफ इंजीनियरिंग में कांट्रैक्ट के आधार पर सिविल कार्य किया था। उसने कार्य पूरा होने के बाद 27 लाख रुपए का बिल जमा किया है, लेकिन इसके भुगतान के एवज में उससे दो प्रतिशत की दर से कमीशन के तौर पर 54 हजार रुपए की मांग की जा रही है। सीबीआई ने इस शिकायत के सत्यापन के बाद केस दर्ज करते हुए कार्रवाई की थी। इस मामले में कुल 3.30 करोड़ रुपए की संपत्ति का पता लगने के बाद सीबीआई ने विस्तृत जांच शुरू की है। माना जा रहा है कि जांच आगे बढ़ने पर इंडियन डिफेंस सर्विस ऑफ इंजीनियरिंग के कई अधिकारियों की परेशानी बढ़ सकती है।

### बीजापुर व कांकेर...

अब भी रुक-रुककर गोलीबारी जारी है। सुरक्षाबल इस क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं और मौके से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किए गए हैं। उन्होंने बताया कि बीजापुर-दंतेवाड़ा सीमा पर स्थित गंगालूर पुलिस थाने के अंतर्गत जंगलों में माओवादियों के साथ मुठभेड़ के दौरान 26 माओवादियों को मार गिराया गया। वहीं, कांकेर जिले में चार और माओवादियों को ढेर कर दिया गया है। इस दौरान बीजापुर डीआरजी (जिला रिजर्व गार्ड) का एक जवान भी शहीद हो गया है। शहीद जवान की पहचान अब तक नहीं हो पाई है। आईजी सुंदरराज ने बताया कि मुठभेड़ जारी है।

### एक को मारी...

यहां तक कि कोयले की लोडिंग भी पूरी तरह बंद है। परियोजना के कर्मियों के अनुसार, अपराधियों ने परियोजना के कार्यस्थल पर पहुंचने के साथ ही पांच-छह राउंड फायरिंग की और इसके बाद कोयला डिपो में खड़े पेलोडर को जला डाला। माना जा रहा है कि अपराधियों ने रंगदारी की मांग को लेकर वारदात को अंजाम दिया है। इसी तरह की एक अन्य वारदात गिरिडीह जिले के गांवा प्रखंड में भी हुई है। यहां छोटनर नदी पर पुल कंस्ट्रक्शन साइट पर अपराधियों ने हमला बोलकर मुंशी और मजदूरों के साथ मारपीट की। इस हमले में चार लोग कांग्रेस यादव, बबलू बास्की, समेल मुर्मू और धर्मेंद्र कुमार बुरी तरह घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया है। बताया गया है कि अपराधियों की संख्या 14 से लेकर 15 के आसपास थी। अपराधी यह कहते हुए मजदूरों की पिटाई करने लगे कि ठेकेदार से पांच लाख रुपए की रंगदारी मांगी गई थी, लेकिन उसने यह रकम दिए बगैर काम कैसे जारी रखा है। इस संबंध में एफआईआर दर्ज कराई गई है।

### रैंप हटाने की...

कहा कि फ्लाईओवर के रैंप को सरना स्थल के सामने से नहीं हटाती है तो आदिवासी समाज फ्लाईओवर को कभी कम्पलीट करने नहीं देंगे और ना ही उदघाटन करने देंगे। चाहे इसके लिए न्यायालय का रूख क्यों ना करना पड़े। आदिवासी जन परिषद की उपाध्यक्ष कुन्दरसी मुंडा ने कहा कि आदिवासी परंपरा को समूचित नष्ट करने की साज़िश की जा रही है। राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा रांची महानगर अध्यक्ष चम्पा कुजूर ने 21 मार्च को दोपहर 3 बजे जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम के पास सभी आदिवासी एकजुट होंगे। 22 मार्च को सुबह 6 बजे सड़क पर उतर कर चौक चौराहों में चक्का जाम किया जाएगा। आवश्यक सेवाओं एंबुलेंस, अस्पताल, दवा दुकान और मरीजों को बंद से मुक्त रखा जाएगा। मौके पर सुशीला कच्छप, बबलू मुंडा, स्मिथ तिर्की, आकाश तिर्की, विजय कच्छप, रवि मुंडा, सुरेन्द्र लिंडा, विक्की लोहरा, अमित मुंडा, संगीता कच्छप, शनि हेमरोम, नवीन तिर्की, रंजित उरांव, अनिल किस्पोट्टा, प्रदीप कुजूर, छोटू कुजूर समेत अन्य मौजूद थे।

**कार्यक्रम** — दो दिवसीय श्री वंशीधर महोत्सव

## इंडियन आइडल फेम कलाकारों के प्रस्तुति पर झूमे दर्शक



नवीन मेल संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** राजकीय महोत्सव में इंडियन आइडल फेम सलमान अली और पूजा चटर्जी ने अपनी प्रस्तुति से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके अलावा आर्यन महाकाल ग्रुप द्वारा राधे कृष्ण की झांकी, न्यू झारखंड कला संगीत सृजन केंद्र द्वारा प्रस्तुत छऊ नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा। पूजा चटर्जी ने सांसों की माला में, ओ मेरे दिल की चैन, प्यार आ रहा है प्यार, मेरा दिल गाए जा जूबी जूबी, तू मुझे कबूल मै तुझे कबूल, दमा दम मस्त कलनदर, सात समंदर पार मै तेरे पीछे पीछे, कोई ना कोई चाहिए प्यार करने वाला सहित कई गाना गाकर उपस्थित लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इसके अलावा पूजा ने भोजपुरी स्टार सिंगर के अनुपमा यादव के साथ हरि ओम हरि गाने पर जुगलबंदी की। सलमान के आते ही लोगों में जोश भर आया। सलमान ने भक्ति गीत श्री गणेश देवा से कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके बाद तेरे नाम से जी लू तेरे नाम से मर लूं गाया। ऐसे लहरा के तू रु ब रु आ गई गाया, पूरा जनसैलाब मोबाइल का फ्लैशलाइट जलाकर झूमने लगा। इसके अलावा कजरा मुहब्बत वाला, यारा तेरी यारी को, काला चश्मा, झूम बराबर झूम, कुड़ी पंजाबन, धीरे धीरे मेरी जिंदगी में आना, मेरा पिया घर आया ओ राम जी, जीने के हैं चार दिन, खईके पान बनारस वाला, बलम पिचकारी, मै निकला गड्डी लेकर, सावन में लग गई आग और सबसे आगे होंगे हिंदुस्तानी गाकर लोगों का भरपूर मनोरंजन कराया। सभी कलाकारों को विधायक अनंत प्रताप देव, डीसी शेखर जमुआर, एसपी दीपक पांडेय ने स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## वज्रपात से मजदूर की मौत

**हुसैनाबाद।** मकान निर्माण में लगे मजदूर अजित पासवान 22 वर्ष कि मौत गुरुवार की शाम वज्रपात की चपेट में आने से हो गयी। घटना दंगवार ओपी अंर्तगत बरवाडीह गांव में हुई हैं। मजदूर गांव के कुलदीप पाल का घर निर्माण में लगा था। वज्रपात की चपेट में आने से उसकी मौत घटना स्थल पर ही हो गयी। मृतक बरवाडीह गांव का रहने वाला है। घटना के बाद ग्रामीण व परिजन हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल ले गए। वहां चिकित्सक ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद उसका शव परिजनों को सौंप दिया। इस घटना में मृतक के परिजन मुआवजे की मांग की है। मुखिया अमरेंद्र ठाकुर ने परिजनों को इस घटना की प्रक्रिया के तहत मुआवजा दिलाने की बात कही है। अजीत पासवान घर का एक मात्र कमाने वाला सदस्य बताया गया है। इस घटना से परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है। पंचायत के मुखिया ने आपदा प्रबंधन राहत कोष से सीओ पंकज कुमार से मुआवजा दिलाने का अनुरोध किया है।

## जलकर नहीं देने से बंद हो सकता है पेय जलापूर्ति योजना: मुखिया

**नीलांबर पीतांबरपुर।** प्रखंड अंतर्गत ग्रामीण जलापूर्ति योजना लेस्लीगंज की बैठक पंचायत सचिवालय कोटखास में कुराईन पतरा पंचायत की मुखिया पूनम देवी की अध्यध्यक्षता में हुई। बता दें कि इस योजना में पांच पूणाडीह, कोटखास, लेस्लीगंज, कुराईनपतरा, नौडीहा पंचायत के 31 गांव संबंद्ध है। बैठक में मुख्य विषय जलकर वसूली रहा। अध्यक्ष पूनम देवी ने बताया कि लाभुक जलकर नहीं दे रहे है। दुःख के साथ कहना पड़ रहा है कि जलकर देने संबंधी लाभुकों का नकारात्मक सोच है। यू कहा जाय तो वह सोचते है कि सरकार जैसे फ्री में राशन वगैरह दे रही है, तो पानी भी फ्री में है, जबकि ऐसा नहीं है।

## थाईलैंड के सबसे पुराने बौद्ध विश्वविद्यालय में भारत अध्ययन केंद्र का उद्घाटन



**बैंकॉक (आईएएनएस)** । थाईलैंड के सबसे पुराने बौद्ध विश्वविद्यालय महा चुलालोंगकोर्न राजविद्यालय विश्वविद्यालय में गुरुवार को एक नए भारत अध्ययन केंद्र (सीबीएस) का उद्घाटन किया गया। इस उद्घाटन समारोह का आयोजन थाईलैंड में भारत के राजदूत नागेश सिंह और फ्रा सिथिवज्रबंडित द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।फ्रा इस प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय में सहायक प्रोफेसर और विदेश मामलों के लिए वाइस रेक्टर हैं। इस अवसर पर भारत, थाईलैंड और अन्य देशों के कई प्रतिष्ठित भिक्षु, प्रतिष्ठित विद्वान और शिक्षाविद भी मौजूद थे।

## यूएई में 25, सऊदी अरब में 11 भारतीय नागरिकों को मौत की सजा फैसले पर अभी अमल नहीं : सरकार

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** सरकार ने गुरुवार को संसद को बताया कि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में 25 और सऊदी अरब में 11 भारतीय नागरिकों को मौत की सजा सुनाई गई है, लेकिन फैसले पर अभी अमल नहीं हुआ है। स्थानीय भारतीय मिशन के पास उपलब्ध 'अनौपचारिक जानकारी' का हवाला देते हुए, सरकार ने यह भी बताया कि 2020-2024 के बीच यूएई में किसी भी भारतीय नागरिक को फांसी नहीं दी गई। विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने राज्यसभा में 'विदेशी जेलों में बंद भारतीयों' विषय पर एक प्रश्न का लिखित उत्तर देते हुए कहा कि विदेश मंत्रालय के पास उपलब्ध सूचना के अनुसार, वर्तमान में विदेशी जेलों में विचाराधीन कैदियों सहित भारतीय कैदियों की संख्या 10,152 है। देश-वार सूची का जिक्र करते हुए मंत्री ने कहा कि कई देशों में प्रचलित सख्त गोपनीयता कानूनों के कारण, स्थानीय अधिकारी कैदियों के बारे में जानकारी तब तक साझा नहीं करते हैं।

### फिलीपींस का भारत को स्क्वाड जॉइन करने का न्योता, कहा-

# साउथ चाइना-सी में चीन को कंट्रोल करना जरूरी

**एजेंसी । नई दिल्ली**

फिलीपींस ने साउथ चाइना-सी में चीन की विस्तारवादी नीतियों से मुकाबला करने के लिए भारत और दक्षिण कोरिया को 'स्क्वाड ग्रुप' जॉइन करने का न्योता दिया है। फिलीपींस सेना के चीफ ऑफ स्टाफ जनरल रोमियो ब्रॉनर रायसीना डायलॉग में शामिल होने के लिए कल यानी बुधवार को दिल्ली पहुंचे थे। यहां उन्होंने साउथ चाइना-सी में चीन के अवैध कब्जे की रणनीति पर चर्चा की। जनरल ब्रॉन ने बताया कि चीन साउथ चाइना-सी में 3 आर्टिफिशियल आईलैंड्स का निर्माण कर रहा है। इसके साथ मिसचीफ रीफ पर एयर डिफेंस और मिसाइल सिस्टम के लिए 2.7 किमी का रनवे भी तैयार कर रहा है।

### ब्रॉनर बोले- चीन हमारा दुश्मन है

ब्रॉनर ने बाद में मीडिया से कहा कि भारत और हमारे बीच कई समानताएं हैं, क्योंकि हमारा दुश्मन एक है। मुझे यह कहने में कोई डर नहीं है कि चीन हमारा दुश्मन है। इसलिए, यह जरूरी है कि हम एक साथ मिलकर काम करें। हमारे देश की पहले से ही भारतीय सेना और रक्षा उद्योग के साथ साझेदारी है। स्क्वाड ऑस्ट्रेलिया, जापान, फिलीपींस और अमेरिका का एक अनौपचारिक बहुपक्षीय ग्रुप है। इस ग्रुप ने साल 2023 में दक्षिण चीन सागर में फिलीपींस के स्पेशल इकोनॉमिक जोन में जॉइंट समुद्री एक्टिविटी की थी। फिलहाल इस ग्रुप का मुख्य फोकस सीक्रेट जानकारी शेयर करने और जॉइंट मिलिट्री एक्सरसाइज पर है। गौरतलब है कि भारत पहले ही से ही 'क्वाड ग्रुप' का मेंबर है, जिसमें 'स्क्वाड' के तीन सदस्य ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका और जापान शामिल हैं। इसका फोकस हिंद-प्रशांत महासागर, यानी इंडो-पेसिफिक ओशन पर है, जहां चीन लगातार अपना दबदबा बढ़ा रहा है।



रायसीना में डायलॉग में शामिल हुए ऑस्ट्रेलिया से एडमिरल जस्टिन जोन्स, अमेरिका से एडमिरल सैमुअल पापारो, भारत से एडमिरल दिनेश त्रिपाठी, फिलीपींस से चीफ ऑफ स्टाफ जनरल रोमियो ब्रॉनर, जापान से चीफ ऑफ स्टाफ जनरल योशीहिदे योशिदा और ब्रिटिश न्यूज प्रेजेंटर यल्दा हकीम।


### क्या है दक्षिण चीन सागर विवाद

साउथ चाइना सी का इलाका इंडोनेशिया और वियतनाम के बीच है, जो करीब 35 लाख वर्ग किलोमीटर में फैला है। माना जाता है कि इस इलाके में प्राकृतिक संसाधनों की बहुलता है। दक्षिण चीन सागर के क्षेत्रों को लेकर कई देशों के बीच पुराना विवाद है। यह विवाद समुद्री क्षेत्र पर अधिकार और दबदबे को लेकर है।

### भारत के लिए भी अहम

समुद्र के रास्ते होने वाले भारत के कुल व्यापार का करीब 55% इसी इलाके से होता है, इसलिए दक्षिण चीन सागर भारत के लिए काफी महत्वपूर्ण है। यहां पर उपजे तनाव से भारत के समुद्री कारोबार पर असर पड़ सकता है। यदि चीन पूरे क्षेत्र पर अपना क जा जमाने में कामयाब हो गया तो भारत के व्यापारिक जहाजों के बेरोकटोक आने-जाने पर असर पड़ेगा।

### क्वाड में शामिल चार देश




### जनरल ब्रॉनर ने कहा



हमारा मानना है चीन को रोका नहीं गया तो वो पूरे दक्षिण चीन सागर पर कंट्रोल कर लेगा। चीन ताइवान स्ट्रेट पर भी दावेदारी करता है जो अंतरराष्ट्रीय मानदंडों का उल्लंघन है।

## डिजिटल धोखाधड़ी पर रोक के लिए यूपीआई से हटेगा पूल लेनदेन

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** डिजिटल धोखाधड़ी रोकने के लिए नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) यूपीआई पर पूल लेनदेन को हटाने के लिए बैंकों से बात कर रहा है। यूपीआई पर ज्यादातर डिजिटल धोखाधड़ी पूल लेनदेन के माध्यम से ही होती है। जब दुकानदार की ओर से ग्राहकों को भुगतान के लिए रिक्वेस्ट भेजी जाती है, तो उसे पुल ट्रांजेक्शन कहा जाता है। जब ग्राहक क्यूआर या अन्य किसी माध्यम से लेनदेन करता है, तो उसे पुश ट्रांजेक्शन कहा जाता है। पूल ट्रांजेक्शन को हटाने से धोखाधड़ी के मामलों की संख्या में कमी आ सकती है, लेकिन कुछ बैंकर्स का कहना है कि इससे सही लेनदेन भी प्रभावित होंगे और इसका असर दक्षता पर होगा। बैंकों से बातचीत अभी शुरुआती चरण में है और इसे लागू करने पर अंतिम निर्णय होना है।इस बारे में आरबीआई के आंकड़ों से पता चलता है कि डिजिटल भुगतान व कर्ज से संबंधित शिकायतें बड़ी चिंता बनी हुई हैं। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल से जून के बीच आरबीआई लोकपाल को 14,401 शिकायतें मिलीं। जुलाई-सितंबर तिमाही में 12,744 शिकायतें दर्ज की गईं। फरवरी में यूपीआई लेनदेन की संख्या 16 अरब के पार पहुंच गई, जिसका कुल लेनदेन मूल्य 21 लाख करोड़ रुपये से अधिक था। 2024 में यूपीआई लेनदेन की संख्या 46 फीसदी बढ़ी थी।

## बांग्लादेश : एलएनजी के आयात में बड़ी रुकावट, अंतरिम सरकार के सामने बड़ा सवाल

**ढाका (आईएएनएस)** । बांग्लादेश के खस्ता आर्थिक हालात के चलते तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) के आयात में बड़ी रुकावट खड़ी हो गई है। इस मुश्किल को दूर करने के लिए सरकार भारी भरकम का कर्ज लेने की तैयारी में है। स्थानीय मीडिया के मुताबिक डॉलर की कमी के कारण मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार को अगले वित्त वर्ष में एलएनजी खरीद के लिए 350 मिलियन अमेरिकी डॉलर - [42.70 अरब बांग्लादेशी टका के बराबर - का ऋण लेने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। बांग्लादेश के प्रमुख बंगाली दैनिक प्रथम आलो ने सूत्रों के हवाले से बताया कि सरकार के ऊर्जा एवं खनिज संसाधन प्रभाग तथा बांग्लादेश तेल, गैस एवं खनिज संसाधन निगम (पेट्रोबांग्ला) ने खुलासा किया है कि विश्व बैंक की तकनीकी सहायता से ऋण प्रक्रिया पहले ही शुरू हो चुकी है।

## सीमा हैदर के बच्ची को जन्म देने पर पाकिस्तानी पति ने जताया ऐतराज, बताया 'नाजायज'

**ग्रेटर नोएडा (आईएएनएस)**

पाकिस्तान से भारत आई सीमा हैदर और उसके पति सचिन मीणा के



घर खुशखबरी आई है। गत 18 मार्च की सुबह नोएडा के कृष्णा हॉस्पिटल में सीमा ने एक बेटी को जन्म दिया। इस खुशी में जहां सीमा-सचिन का परिवार झूम रहा है, वहीं पाकिस्तान में सीमा के पूर्व पति गुलाम हैदर ने नाराजगी जताई है। गुलाम हैदर ने यूट्यूब पर एक वीडियो जारी किया, जिसमें उन्होंने सीमा के नवजात बच्चे को 'नाजायज' करार दिया। साथ ही, सीमा के वकील और मुंहबोले भाई ए.पी. सिंह पर भी निशाना साधते हुए कहा कि वह 'नाजायज औलाद' के जन्म पर बधाई देकर भारत को बदनाम कर रहे हैं। गुलाम ने कहा, "ऐसे भाई पर लानत है, जो नाजायज औलाद की बधाइयां दे रहा है। सचिन और उसके परिवार का नाम लो, पूरे इंडिया को क्यों बदनाम कर रहे हो? उन्होंने भारत सरकार से एक बार फिर सीमा के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## उत्तर कोरियाई चुनौती : सोल, वाशिंगटन, टोक्यो ने विमानवाहक पोत के साथ किया त्रिपक्षीय अभ्यास

**सोल (आईएएनएस)**

दक्षिण कोरिया, अमेरिका और जापान ने यूएसएस कार्ल विंसन विमानवाहक पोत के साथ संयुक्त नौसैनिक अभ्यास किया। सोल के रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को यह जानकारी दी। संयुक्त अभ्यास का उद्देश्य उद्देश्य उत्तर कोरिया के रासायनिक, जैविक और रेडियोलॉजिकल (सीबीआर) खतरों को बेहतर ढंग से रोकने और उनका मुकाबला करना है। मंत्रालय ने कहा कि त्रिपक्षीय नौसैनिक अभ्यास



इस वर्ष आयोजित किया गया पहला ऐसा अभ्यास है। संयुक्त अभ्यास सोमवार से गुरुवार तक दक्षिणी रिसॉर्ट द्वीप जेजू के दक्षिण में अंतरराष्ट्रीय जल में हुआ। योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, यूएसएस कार्ल विंसन के अलावा, तीनों पक्षों के छह और युद्धपोत अभ्यास में शामिल थे। इनमें दक्षिण कोरियाई नौसेना का आरओकेएस 'सेजोंग द ग्रेट' विध्वंसक और जापान समुद्री आत्मरक्षा बल का जेएस 'इकाजूंची' विध्वंसक शामिल था। मंत्रालय ने कहा कि यह अभ्यास तीनों पक्षों की ओर से संयुक्त रूप से स्थापित बहु-वर्षीय प्रशिक्षण योजना के तहत आयोजित नियमित अभ्यास का हिस्सा था।

## इजरायली हवाई अड्डे और अमेरिकी विमानवाहक पोत पर किया मिसाइल अटैक : हूती विद्रोही

**सना (आईएएनएस)**

यमन के हूती विद्रोहियों ने दावा किया है कि उन्होंने गुरुवार सुबह इजरायल के तेल अवीव स्थित बेन गुरियन हवाई अड्डे पर लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया। हूती सैन्य प्रवक्ता याह्या सरिया ने अल-मसीरा टीवी पर एक बयान में कहा, "हमने एक हाइपरसोनिक बैलिस्टिक मिसाइल से तेल अवीव के बेन गुरियन हवाई अड्डे को निशाना बनाकर एक सफल सैन्य अभियान चलाया। हूती प्रवक्ता याह्या सरिया ने यह भी दावा किया कि उनके समूह ने उसी दिन सुबह उत्तरी लाल सागर में अमेरिकी विमानवाहक पोत यूएसएस हैरी ट्रूमैन पर एक नया हमला किया। यह हमला पांचवीं बार किया गया था, जिसमें बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइलों तथा ड्रोन का इस्तेमाल किया गया। सरिया ने दावा किया कि यह हमला शनिवार से शुरू हुए उन हवाई हमलों का बदला था, जो अमेरिका ने (हूती नियंत्रित) सना राजधानी में नागरिक ठिकानों पर किए। बता दें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हूती ग्रुप के खिलाफ हवाई हमलों को फिर से शुरू करने की घोषणा की।

## 149 अफगान कैदियों को तालिबान को सौंपा : ईरान

**काबुल (आईएएनएस)**

ईरान ने 149 अफगान कैदियों को तालिबान को सौंपा दिया। ईरान के मानवाधिकार और अंतरराष्ट्रीय मामलों के उप न्याय मंत्री असकर जलालियन ने यह घोषणा की। जलालियन ने कहा कि 149 अफगान कैदियों को अफगानिस्तान भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि इन कैदियों को उनकी बाकी सजा काटने के लिए तालिबान को सौंप दिया गया है। इस बीच, तालिबान ने इन कैदियों को लेकर सार्वजनिक रूप से टिप्पणी नहीं की है। यह भी स्पष्ट नहीं किया गया कि क्या वे तालिबानी शासन में अपनी पूरी सजा काटेंगे। अफगान मीडिया आउटलेट अमू टीवी के



मुताबिक ईरान में अफगान कैदियों की सही संख्या अभी भी स्पष्ट नहीं है, लेकिन मानवाधिकार समूहों का अनुमान है कि देश भर में बड़ी संख्या में कैदी हैं। ईरान मानवाधिकार संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में ईरान में 80 अफगान कैदियों को फांसी दी गई, यह संख्या 2023 से तीन गुना हो गई है।

## चीन ने पहली बार हजारों किलोमीटर की दूरी पर क्वांटम संचार स्थापित किया

**बीजिंग (आईएएनएस)।** चीन के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने हाल ही में देश-विदेश में कई शोध टीमों के साथ मिलकर क्वांटम माइक्रो-नैनो उपग्रह और लघुकृत मोबाइल ग्राउंड स्टेशन के बीच दुनिया का पहला वास्तविक समय उपग्रह-धरती क्वांटम कुंजी वितरण हासिल किया है। वहीं, एक एकल उपग्रह पास के दौरान 10 लाख बाइट्स तक सुरक्षित कुंजी साझाकरण हासिल किया है और चीन और दक्षिण अफ्रीका के बीच 12,900 किलोमीटर से अधिक की दूरी पर क्वांटम कुंजी स्थापित की है, "एक-बार, एक-कुंजी" इन्क्रिप्शन और छवि डेटा के संचरण को पूरा किया है।




**कहानी फिल्म जगत की**

## सलमान और रश्मिका की एक्शन मूवी है 'सिकंदर'

अभिनेता सलमान खान और अभिनेत्री रश्मिका मंदाना की फिल्म 'सिकंदर' की रिलीज डेट का ऐलान हो गया है। इंस्टाग्राम पर सिकंदर का पोस्टर शेयर करते हुए सलमान ने इसकी रिलीज की घोषणा की। उन्होंने लिखा, '30 मार्च को दुनियाभर के सिनेमाघरों में मिलते हैं!' फिल्म में काजल अग्रवाल, सत्यराज, शरमन जोशी, प्रतीक बब्बर, अंजिनी धवन और जतिन सरना भी हैं। अभिनेता सलमान खान की फिल्म 'सिकंदर' की रिलीज डेट का ऐलान हो गया है। फिल्म 30 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म के लीड ने अपने इंस्टाग्राम पर इसकी घोषणा की। फिल्म में सलमान के साथ अभिनेत्री रश्मिका मंदाना नजर आएंगी। इंस्टाग्राम पर सिकंदर का पोस्टर शेयर करते हुए सलमान ने इसकी रिलीज की घोषणा की। उन्होंने लिखा, '30 मार्च को दुनियाभर के सिनेमाघरों में मिलते हैं! #सिकंदर #साजिदनाडियाडवाला की #सिकंदर @a.r.murugadoss द्वारा निर्देशित।' सिकंदर की रिलीज गुड़ी पड़वा और उगादी जैसे त्योहारों के दौरान हो रही है, जो महाराष्ट्र और दक्षिण भारत में नए साल की शुरुआत का प्रतीक है।



### सिकंदर में जबरदस्त एक्शन का है रोमांच

*फिल्म में काजल अग्रवाल, सत्यराज, शरमन जोशी, प्रतीक बब्बर, अंजिनी धवन और जतिन सरना भी हैं। सिकंदर का अंतिम शेड्यूल मुंबई में हुआ। फिल्म की शूटिंग 90 दिनों में मुंबई और हैदराबाद सहित कई स्थानों पर की गई। साजिद नाडियाडवाला ने इस प्रोजेक्ट का निर्माण किया है, जो 2014 की ब्लॉकबस्टर किक के बाद सलमान के साथ फिर से काम कर रहा है। पिछले महीने, सलमान ने अपनी हाई-ऑक्टेन फिल्म का एक दिलचस्प टीज़र शेयर किया था। एक मिनट और 21 सेकंड लंबे टीज़र में सलमान के किरदार संजय का परिचय कराया गया, जिसे उनकी दादी प्यार से सिकंदर बुलाती हैं।*